# 'रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव' में आए 3500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

## सीएम बोले- 100 करोड़ से रेनोवेट होगा राजा मानसिंह का किला

ग्वालियर।

निवेश के लिए सबका अभिनंदन, कोई किसी से कम नहीं है। चाहे वह एक करोड़ दे या एक हजार करोड़। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को ग्वालियर रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में कही। उन्होंने कहा कि अभी 3500 करोड़ के प्रस्ताव आए हैं। इससे पहले सीएम ने दूसरे दिन की कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। निवेशकों को भूमियों के आवंटन पत्र बांटे, कार्ययोजना का विमोचन और वर्चुअल शिलान्यास भी किया। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्वालियर के मानसिंह किले को 100 करोड़ की लागत से रेनोवेट किया जाएगा। इसके लिए इंडिगो और आगा कलर के बीच करार हुआ है। इंडिगो इसके लिए सीएसआर फंड का यूज करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय लोगों को बहुत सी सौगातें मिली हैं। हम और आप मिलकर ऐसी ही प्रगति करते जाएंगे। भविष्य में हम नई दुनिया में पहुंचने वाले हैं। जब से हमारी सरकार बनी, एक-एक विषय को लेकर कॉन्क्लेव कर रहे हैं। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 10-11 साल के कार्यकाल में क्या-क्या काम किए। देश की विरासत को सामने लाने का प्रयास अकल्पनीय है। मेड इन इंडिया के लिए आगे बढ़ रहे हैं। अब



डाटा बताता है कि 2014 के पहले भारत का नंबर क्या था। अब चौथी अर्थव्यवस्था बना और अब तीसरी बनेगा। आने वाले समय में ग्वालियर को और भी सौगात मिलेंगी।

### ग्वालियर-चंबल में चीता भी जीता है

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में तानसेन का बड़ा नाम है। बैजू ताल को अच्छा करने के लिए एमओयू हुआ है। मानसिंह विवि के लिए 50 करोड़ की राशि दी है। इससे स्थाई भवन बनेगा। सीएम ने कहा कि ग्वालियर चंबल में चीता भी जीता है। ये तो वो नगरी है जहां गली-गली में चीता दिख जाता है। यहां घड़ियाल सेंक्चुरी है। ग्वालियर-चंबल में पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां राजा मानसिंह का महल है और उसकी अपनी गाथा है। मानो आसमान से कोई टुकड़ा उतरकर यहां आ गया। महल की टाइल्स के कलर के आगे एशियन पेंट भी फेल है।

### डॉ. यादव ने इन्वेस्ट समिट को व्यापकता दी

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मप्र में इन्वेस्ट समिट काफी होती रही हैं, जब से डॉ. मोहन यादव ने कार्यभार संभाला, तब से इस प्रकार के कार्यक्रम का जितना बारीकी से सोचकर विकेंद्रीकरण किया और इसको जितना व्याप्त दिया गया। उसकी तारीफ जितनी की जाए, उतना कम है। यह कॉन्क्रेंस भोपाल-इंदौर में भी पूरे मप्र की हो सकती थी। हम जानते हैं जब संपूर्ण मप्र की बात एक ही जगह से करेंगे तो राज्य के कुछ पहलू ऐसे रह जाएंगे, जिन्हें छुआ नहीं जा पाएगा। सीएम और उनकी टीम रीवा, ग्वालियर, जबलपुर जाए और बारीक चीजों का अध्ययन कर लाया जाए, तो कोई अनछुआ नहीं रहेगा।

# अब ट्रंप के टैरिफ का क्या होगा?

## अमेरिकी कोर्ट ने व्यापारिक रणनीति पर खींच दी लकीर

वॉशिंगटन।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ट्रेड पॉलिसी को बड़ा झटका लगा है। फेडरल अपील कोर्ट ने उन टैरिफ को खारिज कर दिया जिन्हें ट्रंप ने 'नेशनल इमरजेंसी' घोषित कर कई देशों पर थोप दिया था। कोर्ट ने साफ कहा कि राष्ट्रपति को असीमित अधिकार नहीं दिए जा सकते हैं। कोर्ट का यह फैसला ऐसे समय में आया है जब ट्रंप बार-बार यह दावा कर रहे हैं कि वे कांग्रेस (सदन) की मंजूरी के बिना भी विदेशी सामानों पर टैक्स लगा सकते हैं। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि वे कांग्रेस को दरकिनार कर दुनिया भर के देशों पर भारी-भरकम टैरिफ थोप सकते हैं। 2 अप्रैल को ट्रंप ने 'लिबरेशन डे' बताते हुए लगभग सभी ट्रेड पार्टनर्स पर 10 प्रतिशत का बेसलाइन टैरिफ लगाया था।



जिन देशों के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा ज्यादा था, उन पर 50 प्रतिशत तक के रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए गए। बाद में उन्होंने 90 दिनों के लिए इन टैरिफ को निलंबित कर बातचीत का मौका दिया। जापान, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ जैसे देशों ने समझौते कर लिया, जबकि कुछ देशों पर भारी टैरिफ जारी रहा। उदाहरण के तौर पर लाओस पर 40 प्रतिशत और अल्जीरिया पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया। ट्रंप ने 1977 के इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट का हवाला दिया था और लंबे समय से चल रहे व्यापार घाटे को 'राष्ट्रीय आपातकाल' घोषित किया था। फरवरी में उन्होंने कनाडा, मैक्सिको और चीन पर भी यही कानून लगाकर टैरिफ थोप दिए थे और कहा था कि अवैध इमिग्रेशन और ड्रग्स की तस्करी रोकने में ये देश नाकाम हैं। जबकि अमेरिकी संविधान के अनुसार, टैक्स और टैरिफ लगाने की मूल शक्ति कांग्रेस के पास है। लेकिन धीरे-धीरे यह शक्ति राष्ट्रपति को भी दी जाती रही है। ट्रंप ने इसका अधिकतम इस्तेमाल किया।

### किन टैरिफ पर असर नहीं?

यह पूरा मामला उन टैरिफ से जुड़ा है जो ट्रंप ने 'राष्ट्रीय आपातकाल' घोषित करके लगाया था। लेकिन स्टील, एल्युमिनियम और ऑटो पर सुरक्षा कारणों से लगाए गए शुल्क और चीन पर लगाए गए शुरुआती टैरिफ इसमें शामिल नहीं हैं। कारोबारी जगत पहले से ही अनिश्चितता में है और इस फैसले से ट्रंप की दबाव बनाने की रणनीति कमजोर हो सकती है। ट्रंप ने तर्क दिया कि लंबे समय से चल रहे ट्रेड डेफिसिट को वे 'राष्ट्रीय आपातकाल' मानते हैं और इसी आधार पर उन्होंने टैरिफ लगाए।

### कोर्ट ने क्या कहा?

फेडरल सर्किट की अपील अदालत ने 7-4 के बहुमत से दिए फैसले में माना कि ट्रंप ने 1977 के इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट की आड़ लेकर अपनी सीमा से बाहर कदम उठाया। कोर्ट ने अधिकांश टैरिफ को गैरकानूनी करार दिया। कोर्ट का कहना था कि राष्ट्रपति को आपातकालीन शक्तियां प्राप्त तो हैं, लेकिन इनमें टैरिफ या टैक्स लगाने का अधिकार नहीं है। हालांकि कोर्ट ने तुरंत टैरिफ खत्म करने का आदेश नहीं दिया, जिससे ट्रंप प्रशासन को सुप्रीम कोर्ट तक अपील करने का मौका मिल गया है। कोर्ट ने टैरिफ को 14 अक्टूबर तक यथावत रखने की अनुमति दी है।

### आगे क्या असर पड़ेगा?

*मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अगर टैरिफ पूरी तरह रद्द हो जाते हैं तो अमेरिकी ट्रेजरी को अरबों डॉलर का घाटा झेलना पड़ सकता है। अरबों डॉलर वापस करने पड़ सकते हैं। जुलाई तक टैरिफ से सरकार को 159 अरब डॉलर की कमाई हो चुकी थी, जो पिछले साल की तुलना में दोगुनी थी। व्यापार रणनीति पर भी असर होगा। कोर्ट के फैसले से ट्रंप की आगे टैरिफ लगाने की क्षमता कमजोर हो सकती है। इससे विदेशी सरकारें अमेरिकी दबाव के खिलाफ ज्यादा सख्ती से खड़ी हो सकती हैं। अमेरिकी दबाव को टाल सकती हैं या पुराने समझौतों पर पुनर्विचार की मांग कर सकती हैं।*

## एसआरएस ग्रुप के प्रवर्तकों पर ईडी का शिकंजा

**गुरुग्राम।** एसआरएस ग्रुप के प्रवर्तक और निदेशक जितेंद्र कुमार गर्ग, सुनील जिंदल एवं प्रवीण कुमार कपूर के विरुद्ध गुरुग्राम की विशेष अदालत (पीएमएलए) ने भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम 2018 के तहत नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही ग्रुप की 212.73 करोड़ की संपत्तियां जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रवर्तन निदेशालय के गुरुग्राम कार्यालय ने अदालत में धारा चार एफईओए के अंतर्गत आवेदन दाखिल कर इन आरोपियों को फ्यूजिटिव इकोनॉमिक ऑफेंडर घोषित करने और इनके साथ-साथ इनके सहयोगियों व कंपनियों की चल-अचल संपत्तियों को जब्त करने की प्रार्थना की थी।

## कुख्यात आतंकी बागू खान मारा गया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलों ने ह्यूमन जीपीएस के नाम से कुख्यात आतंकी बागू खान को मार गिराया है। बागू खान समंदर चाचा के नाम से भी बदनाम था। अधिकारियों को उसका पहचान पत्र भी मिला है। बागू खान 1995 से पाक अधिकृत कश्मीर में रह रहा था। वह 100 से ज्यादा घुसपैठ की घटनाओं में शामिल था।


### राजनीति का अनोखा पल

## राहुल गांधी ने भाजपा कार्यकर्ता को बुलाकर ऑफर की टॉफी



भोजपुर।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा जब बिहार के भोजपुर जिले में पहुँची, तो सब कुछ सामान्य लग रहा था। यह यात्रा इंडिया गठबंधन की एकजुटता का प्रतीक थी, जिसमें राहुल गांधी के साथ-साथ आरजेडी के तेजस्वी यादव और समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, माले के दीपंकर भट्टाचार्य और वीआईपी के मुकेश सहनी भी मौजूद थे। राहुल गांधी का काफिला धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा था कि तभी अचानक कुछ बीजेपी के युवा कार्यकर्ता सामने आए। उनके हाथों में काले झंडे थे और जुबां पर राहुल गांधी मुर्दाबाद के तीखे नारे। यह राजनीतिक विरोध का एक सामान्य दृश्य था, जो अक्सर ऐसे रोड शो में देखने को मिलता है। हालांकि काफिले के साथ चल रहे सुरक्षाकर्मी उन्हें हटाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन तभी एक चौंकाने वाला पल आया। विरोध कर रहे युवाओं में से एक ऐसा युवा था। जो अपनी पूरी ऊर्जा के साथ नारे लगा रहा था। राहुल गांधी ने उसे देखा और अचानक अपनी गाड़ी के पास बुलाया। उस युवा और राहुल के बीच कुछ पल की बातचीत हुई। माहौल में तनाव था, लेकिन राहुल के चेहरे पर एक शांत मुस्कान थी,और फिर, वही हुआ जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। राहुल ने अपनी जेब में हाथ डाला और एक टॉफ़ी निकालकर युवा कार्यकर्ता को देने लगे। यह दृश्य देखकर हर कोई दंग रह गया।



## दीपाली और शिव शेखर अपर मुख्य सचिव बने

भोपाल।

राज्य शासन ने शनिवार को 2 आईएएस अफसर को अपर मुख्य सचिव के पद पर प्रमोट किया है। यह आदेश 1 सितंबर से प्रभावशील होगा। राज्य सरकार ने दीपाली रस्तोगी के साथ प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला को अपर मुख्य सचिव बनाया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने दोनों ही आईएएस अफसर को उनके वर्तमान विभाग में ही अपर मुख्य सचिव के पद पर पदस्थ किया है।

# बिहार से मिनरल वाटर के नाम पर आता था जहर

## यूपी एसटीएफ ने पकड़ा 2 करोड़ का स्टॉक, 4 तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स ने राजधानी लखनऊ में एक बड़े अंतरराज्यीय ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन रैकेट का भंडाफोड़ किया है। छापेमारी में चार तस्कर गिरफ्तार किए गए, जिनके पास से करीब 2 करोड़ रुपये का प्रतिबंधित इंजेक्शन और भारी मात्रा में पैकिंग सामग्री बरामद की गई। जानकारी के मुताबिक, एसटीएफ को सूचना मिली थी कि मुजफ्फर खेड़ा इलाके के पारा थाना क्षेत्र में सरकारी स्कूल के पास एक जगह अवैध फैक्ट्री संचालित हो रही है। सोमवार देर रात की गई कार्रवाई में पुलिस ने वहां से 5-लीटर वाले 20 गैलन, 39 बोरी ऑक्सीटोसिन



इंजेक्शन, पैकिंग मशीन, खाली बोतलें, कैप, मोबाइल फोन, नकदी और एक कार-डाला जब्त किया। बरामद माल की कीमत करीब 2 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गिरोह बिहार से मिनरल वाटर के नाम पर हाई डेनसिटी ऑक्सीटोसिन के ड्रम मंगवाता था। इसके बाद लखनऊ और आसपास जिलों में दूध निकालने, सब्जियों और फलों को जल्दी बड़ा करने के लिए सप्लाई की जाती थी। इस जहरीले कारोबार का जाल अंतरराज्यीय स्तर पर फैला हुआ था। गौरतलब है कि ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन पर भारत सरकार ने 2001 से सख्त पाबंदी लगा रखी है। नियमों के अनुसार इसकी बिक्री केवल ब्लिस्टर पैक में ही मान्य है, लेकिन गिरोह इसे खुलेआम बोतलों में पैक कर अवैध रूप से बेच रहा था। एसटीएफ अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई से खाद्य सुरक्षा और आम लोगों की सेहत के खिलाफ चल रहे एक बड़े खतरे को रोका गया है।

# झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री को 7 साल की सजा

### आदिवासी जमीन खरीद मामले में पत्नी भी जाएंगी जेल



**रांची।** सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर बड़े पैमाने पर आदिवासी जमीन खरीदने के मामले में पूर्व मंत्री एनोस एक्का और उनकी पत्नी मेनन एक्का को सीबीआई के विशेष अदालत ने 7 साल की सजा सुनाई है। इसके साथी ही कार्तिक कुमार प्रभात समेत 4 को लोगों को 5-5 साल की सजा सुनाई गई है। इससे पहले सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत ने शुक्रवार को हुई सुनवाई में 15 साल पुराने मामले में सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर आदिवासी जमीन खरीदने के मामले में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, उनकी पत्नी मेनन एक्का, रांची के तत्कालीन एलआरडीसी कार्तिक कुमार प्रभात सहित नौ को दोषी करार दिया गया था। जिसके बाद 30 अगस्त को इस मामले में फैसला सुनाया गया। शुक्रवार को दोषी पाए जाने के बाद पूर्व मंत्री एनोस एक्का समेत सभी आरोपियों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार भेज दिया गया था। बता दें कि एनोस एक्का ने 15 साल पहले 1.18 करोड़ रुपये से अधिक की जमीन खरीदी थी।

## बिना हेलमेट पेट्रोल न देने पर अंधाधुंध फायरिंग

**भिंड।** भिंड में शनिवार सुबह बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने पर दो युवकों ने पंप मालिक को गोली मार दी। आरोपियों ने एक अवैध कट्टे और लाइसेंसी बंदूक से ताबड़तोड़ फायरिंग की। पंप संचालक तेज नारायण लोधी को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। घटना नेशनल हाईवे-719 पर लोधी पेट्रोल पंप की है। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी पहचान कर ली है और तलाश में दबिश देना शुरू कर दिया है।

# 50 से कम हथियार दागे, इतने में ही पाक घबरा गया

## एयर मार्शल ने ऑपरेशन सिंदूर में किया नया खुलासा

नई दिल्ली।


ऑपरेशन सिंदूर के तीन महीने बाद वायुसेना उप प्रमुख ने नया खुलासा किया है। एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने कहा कि पाकिस्तान को युद्धविराम की मेज पर लाने के लिए भारतीय वायुसेना ने 50 से भी कम हथियार दागे। एयर मार्शल ने कहा कि मौजूद ऑप्शन की लिस्ट में हमारे पास बड़ी संख्या में टारगेट थे। आखिरकार हम 9 तक पहुंचे। हमारे लिए मुख्य बात यह थी कि 50 से भी कम हथियारों के साथ हम सीजफायर हासिल करने में



सफल हुए। उन्होंने कहा, युद्ध शुरू करना बहुत आसान है, लेकिन उसे खत्म करना उतना आसान नहीं है और यह एक महत्वपूर्ण बात थी, जिसे ध्यान में रखना जरूरी था, ताकि हमारी सेनाएं सक्रिय रहें, तैनात रहें और किसी भी संभावित स्थिति के लिए तैयार रहें। दरअसल, सेना ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में 7 मई को पाकिस्तान स्थित 9 आतंकवादी ठिकानों को तबाह कर दिया था। इसके बाद पाकिस्तान के डीजीएमओ से भारत के डीजीएमओ से सीजफायर की गुहार लगाई थी। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली से मिले निर्देश तीन मुख्य बातों पर केंद्रित थे। पहला, दुश्मन के खिलाफ हर कार्रवाई सख्त और दंडात्मक होनी चाहिए। दूसरा, ऐसा संदेश दिया जाए जिससे भविष्य में हमले करने की हिम्मत न हो। तीसरा, सशस्त्र बलों को पूरी परिचालन स्वतंत्रता दी जाए और साथ ही इस बात की तैयारी भी रहे कि कहीं संघर्ष पारंपरिक युद्ध का रूप न ले ले। एयर मार्शल ने भारत की इंटीग्रेटेड एयर कमांड और कंट्रोल सिस्टम की तारीफ की। उन्होंने बताया कि चार दिन चले संघर्ष के दौरान ये सिस्टम आक्रामक और रक्षात्मक दोनों ऑपरेशन की रीढ़ साबित हुआ।

# धनखड़ ने मांगी पेंशन

### 40 दिन मौन रहे पूर्व उपराष्ट्रपति सक्रिय हुए



**जयपुर।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अब पूर्व विधायक के नाते मिलने वाली पेंशन के लिए राजस्थान विधानसभा सचिवालय में फिर से आवेदन किया है। धनखड़ 1993 से 1998 तक किशनगढ़ सीट से कांग्रेस के विधायक रहे थे। पूर्व विधायक के तौर पर उन्हें जुलाई 2019 तक पेंशन मिल रही थी। जुलाई 2019 में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल बनने के बाद पेंशन बंद हो गई थी। अब उपराष्ट्रपति पद से हटने के बाद उन्होंने पूर्व विधायक के नाते फिर से आवेदन किया है। धनखड़ ने 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा दे दिया था। विधानसभा सचिवालय ने धनखड़ की पेंशन आवेदन पर प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्हें उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा मंजूर होने की तारीख से पूर्व विधायक की पेंशन मिलनी शुरू होगी।

### आरोपी बदनाम हो, रेप विक्टिम नहीं

# दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- समाज को सोच बदलनी चाहिए

नई दिल्ली।

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक रेप केस की सुनवाई करते हुए कहा कि, ऐसे मामलों में आरोपी की बदनामी होनी चाहिए, रेप विक्टिम की नहीं। समाज को अपनी सोच बदलनी चाहिए। कोर्ट ने यह टिप्पणी आरोपी की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। आरोपी ने दलील दी थी कि, अगर मेरे ऊपर चल रहे केस को रद्द कर दिया गया तो इससे पीड़ित को सामाजिक कलंक और बदनामी से राहत मिलेगी। हालांकि कोर्ट ने दलील को खारिज करते हुए आरोपी पर 10,000 रुपए का जुर्माना लगा दिया। मामले की सुनवाई जस्टिस गिरीश कठपालिया कर




रहे थे। कोर्ट ने कहा कि, बदनामी पीड़ित की नहीं, बल्कि गुनाह करने वाले पर होनी चाहिए। समाज को सोच बदलनी होगी। शर्म उस लड़के या आदमी को आनी चाहिए जिसने बलात्कार किया, न कि उस लड़की को जिसे इतनी बड़ी तकलीफ झेलनी पड़ी। यह दलील बिल्कुल गलत है, क्योंकि अन्याय लड़की के साथ हुआ, उसके माता-पिता के साथ नहीं। सिर्फ वही लड़की (पीड़ित) ही अपराधी को माफ कर सकती थी, वह भी कुछ खास परिस्थितियों में। जैसा ऊपर बताया गया, पीड़ित अभी भी नाबालिग है।

### ब्लैकमेल कर बनाए थे संबंध

*मामला साल 2024 का है। आरोपी ने नाबालिग का वीडियो बनाया, फिर उसके जरिए ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाए। एफआईआर में आरोपी के खिलाफ पाक्सो एक्ट के सेक्शन 6 और भारतीय न्याय संहिता के सेक्शन 65 (1) और 137 के तहत बलात्कार का मामला दर्ज किया गया।*

# अधिकारियों ने आंखों में बांधी धृतराष्ट्र पट्टी

## जिला पंचायत में पहुंची फाइल लेकिन सचिव पर कार्यवाही शून्य



**बुढ़ार (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश सरकार हर ग्राम पंचायत को पंचायत स्तर पर होने वाले हर वह मूलभूत सुविधाओं के लिए राशि मुहैया कराती है जिससे ग्राम पंचायत स्तर पर गांव का विकास हो सके और लोगों को बेहतर से बेहतर और अच्छे से अच्छी व्यवस्थाएं मिल सके पर जमीनी हकीकत कुछ यह बयान कर रही है कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा जो राशि पंचायत को डाली जाती है पंचायत में पदस्थ सचिव सरपंच उस पर सिर्फ अपना जुगाड़ और कमीशन देख कर ही कार्य को करवाते हैं जिससे उनके द्वारा कराए गए निर्माण कार्य महज वर्ष 2 वर्ष में ही पूरी तरह से जर्जर और ध्वस्त हो जाता है कारण यह है कि कमीशन खोरी के इस कालाबाजारी में निर्माण कार्य बेहतर हो कैसे जब शासन द्वारा वह पैसा भ्रष्टाचार और कमीशन में जा रहा हो। जी हां इस वाक्या को नहीं झुठलाया जा सकता है क्यों कि यह मामला बुढार जनपद मे अंगद की तरह पैर जमाने वाले ऐसे सचिव का है जिसका नाम तो जरूर सुन्दर है पर इसके द्वारा पंचायत स्तर पर कराए गए सारे काम घटिया हैं, उक्त सचिव ने कई स्तर से शासन की पैसे की होली खेली है, जहां अपने शांत चेहरे के भीतर कई राज रखने वाला सचिव मैनेजमेंट में भी माहिर होने का दंभ भरता है। यह बात इस बात से साबित हुआ जब नाम न बताने की शर्त एक सूत्र ने बताया कि जिस प्रकार शासन की राशि को बंदरबांट सचिव सुन्दर ने किया है उसी राशि में अधिकारियों को भी उसने रेवड़ी बांटी है। यहां तक कि उपरोक्त सचिव के यदि कारगुजारियों के पुलिंदा को खोलकर देखे तो लाखों रुपए के गवन से लेकर जिला पंचायत द्वारा पंचायत स्तर से प्रभार मुक्त होने के बाद भी उसने आदेश को ठेंगा दिखा कुर्सी पर काबिज है। जहां उसकी लालसा को मूर्त रूप देने में पंचायत के कई अधिकारी शमिल है।

**सुन्दरलाल के घटिया कारनामे** – निरंतर रूप से कई समाचार पत्र व न्यूज चौनल ने कई दिनों से बड़े बेबाकी से इस मुद्दे को उठाया है जिसमें सचिव सुंदरलाल के घटिया कारनामे है, तो पढ़िए कि क्या तथ्य उल्लेखित हैं जहां लिखित शिकायत पत्र में ग्राम पंचायत मझौली और झिरिया का व्यापक भ्रष्टाचार किसी से छुपा नहीं है जिसमें 1. ग्राम पंचायत झिरिया में औषधालय के नाम का पैसा निकल चुका पर कार्य अभी अधूरा है, 2. ग्राम पंचायत मझौली में अंत्येष्टि राशि सचिव के द्वारा कई बार निकली गई पर हितग्राही को नहीं मिला, 3. आरना ट्रेडर्स के नाम से पंचायत में बिल लगाया गया जबकि उस नाम से ना कोई दुकान है ना फॉर्म, 4. रोड मरम्मत के नाम से आरना ट्रेडर्स का बिल लगा पुष्पेंद्र साहू के घर से रामदयाल के घर तक मिटटी ढुलाई के नाम पर जबकि पुष्पेंद्र साहू रामदयाल साहू पिता एवं पुत्र हैं जो एक ही घर में रहते हैं।, 5. प्रभार मुक्त आदेश मझौली पंचायत से जारी होने के बाद भी सचिव सुंदरलाल द्वारा पंचायत की राशि आहरण की गई है।

मगर सुन्दर लाल के ऊपर लगे दाग जनपद के सभी अधिकारियों को अच्छे लग रहे है, जहां इन दो कौड़ी के सचिव ने पूरे जिला प्रशासन के आंख में धूल झोंक कर अपनी मगन में मस्त है, आज लगभग डेढ़ महीने बीत चुके हैं मगर कार्यवाही का आश्वासन मिला, कार्यवाही शून्य रही। यदि आज भी समय रहते सुन्दर जैसे सचिवों को बर्खास्त नहीं किया गया, तो ये ऐसे सचिव है जो दिमग की तरह शनैरू शनैरू विकास व निर्माण कार्यों के पैसों का बंदरबांट करने में कदापि गुरेज नहीं करेंगे।

**जनसुनवाई में दिए गए कलेक्टर साहब को शिकायत पत्र में यह है उल्लेख** – 19 अगस्त को जनसुनवाई शहडोल कलेक्टर को ग्रामीणों द्वारा लिखित शिकायत पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत मझौली में पदस्थ सचिव सुंदरलाल रजक द्वारा अंत्येष्टि सहायता राशि गवन 55000 निकालकर हितग्राहियों को न देकर गवन कर लिया गया हितग्राही दर्शीला पटेल, पुरुषोत्तम रजक, राम किशोर श्रीवास्तव, मोतीलाल यादव, भागवली बैगा की पुत्री इन सभी हितग्राहियों का राशि आहरण कर लिया गया वहीं निर्माण कार्य में सीसी सड़क पर पुष्पेंद्र साहू के घर से मिट्टी का बिल लगाकर रामस्वरूप के घर के पास सीसी रोड में मिट्टी का बिल लगाकर बाउंड्री वॉल में गेट का फर्जी का बिल लगाकर भुगतान किया गया जिसकी जांच कर कर उचित कार्यवाही करने का कष्ट करें यह उल्लेख ग्रामीणों द्वारा शिकायत पत्र में किया गया

**अधर में लटकी कार्यवाही** – जहां सुंदरलाल रजक जैसे सचिवो पर कार्यवाही न करना व कार्यवाही अधर में लटकाना, कार्यवाही में देरी करना, ऐसे कर्तव्यों से प्रशासन पर से जनता का विश्वास खत्म हो रहा है, वहीं दूसरे तरफ भ्रष्टाचारियों का मनोबल बढ़ रहा है, क्यों कि पुष्ट सबूतों के बावजूद यदि प्रशासन तंत्र को कार्यवाही में सोचना पड़ रहा है तो यह सरा –सर भ्रष्टाचार में पर्दा डालने का प्रयास ही समझा जाना चाहिए, जहां एक तरफ करोड़ों का गवन भ्रष्टाचार का प्रत्यक्ष प्रमाण है, और अधिकारियों को जांच करते–करते महीने पर महीने बीत रहे यह साफ तौर पर जिला प्रशासन की कार्यवाही अक्षमता को दर्शा रहा है, प्रशासन की नाकामी को दर्शा रही है, एक तरफ जहां कार्यवाही का अधिकारी आश्वासन दे रहे हैं, तो, दूसरी तरफ कार्यवाही की फाइल इस दफ्तर से उस दफ्तर हिचकोले खा रहा है। दूसरी तरफ अधिकारी टाल मटोल भी करते नजर आ रहे हैं। यदि अब भी ऐसे भ्रष्टाचारियों पर बर्खास्ती की कार्यवाही नहीं की गई तो ये इसी तरह शासन के पैसे को अपनी बपौती समझकर कर उसका दुरूपयोग करते रहेंगे।

### इनका कहना है

प्रस्तुत फाइल जिला पंचायत में पहुंचने की जानकारी के लिए फोन लगाया गया पर फोन नहीं उठा। **सौम्य आनंद सी.ई.ओ. जिला पंचायत शहडोल**

# जिले में घर-घर और पंडालों में विराजे गजानन

## गणेश चतुर्थी से रोज गूंज रहे बप्पा के जयकारे

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



गणेशोत्सव का पर्व जिलेभर में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक घर-घर, मंदिरों और सार्वजनिक पंडालों में विघ्नहर्ता गणेश विराजमान हुए। सुबह से ही पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का दौर शुरू हो गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

### आकर्षक पंडाल और सजावट

डिंडौरी नगर, शहपुरा, मेहंदवानी, करंजिया सहित विभिन्न कस्बों और गांवों में सामाजिक व धार्मिक समितियों ने भव्य पंडाल सजाए। जगह-जगह लाइटिंग, रंग-बिरंगी झालरें और फूलों की सजावट से माहौल रोशन हो उठा। कई समितियों ने आकर्षक थीम आधारित पंडाल बनाकर श्रद्धालुओं को आकर्षित किया।

### मंदिरों में विशेष आयोजन

जिले के प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और आरती की गई। भक्तों ने सुबह से ही मंदिरों में पहुंचकर गणपति बप्पा के दर्शन किए और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

दस दिनों तक जिलेभर में गणेशोत्सव की धूम देखने को मिलेगी। सुबह-शाम आरती और भजन-कीर्तन के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। युवाओं और बच्चों के लिए खेल-कूद व प्रतियोगिताएं भी रखी जाएंगी।

### शोभायात्रा के साथ होगा विसर्जन

गणेश उत्सव के समापन अवसर पर प्रतिमाओं का विसर्जन शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। ढोल-ढमाकों और नृत्य-गान के बीच श्रद्धालु 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों के साथ अपने आराध्य को विदाई देंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर भाजपा का हल्ला बोल विरोध प्रदर्शन

### माँ का अपमान कांग्रेस की पहचान - जिला अध्यक्ष अमिता चपरा



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** 'अटल निलय' जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा के नेतृत्व में एक आवश्यक बैठक आहूत की गई भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने बताया कि बिहार में कांग्रेस आरजेडी की रैली में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माताजी के नाम से अपशब्दों एवं गाली गलौज किए जाने पर शहडोल भाजपा महिला मोर्चा 31 अगस्त को शाम 4.00 बजे नगर के न्यू गांधी चौक में करेगी हल्ला बोल विरोध प्रदर्शन पुतला दहन कर जताएंगे विरोध, इस दौरान बैठक में जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा, भूपेंद्र मिश्रा, भाजपा जिला महामंत्री संतोष लोहानी, मनोज आर्मो, जिला कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, पार्षद जिला कार्यालय प्रभारी राकेश सोनी, मंडल अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी भाजपा नेता अमित, मिश्रा, अमित गुप्ता बंटी युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आदित्य चपरा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष नीलम चतुर्वेदी कल्याणी बाजपेई, सरिता शर्मा, बेला राठौर रचना श्रीवास्तव एवं अन्य कार्यकर्ता बैठक में उपस्थिति रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने भाजपा के समस्त वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं व आम जनमानस समर्थकों से इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर अपना विरोध दर्ज करने की अपील की है, बिहार के दरभंगा में कांग्रेस-आरजेडी के संयुक्त कार्यक्रम वोटर अधिकार यात्रा के दौरान मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय मां के खिलाफ अभद्र टिप्पणी आपत्तिजनक शब्दों इस्तेमाल किए जाने को लेकर भाजपा नेता और कार्यकर्ता आम जनमानस समर्थकों में जबरदस्त आकोर्षित नजर आ रहे हैं। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की स्वर्गीय माता के लिए जिस तरह की भाषा का प्रयोग किया गया, वह कांग्रेस और राजद के नैतिक पतन को दर्शाता है, राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की यात्रा के मंच से ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करना केवल शर्मनाक ही नहीं, बल्कि राजनीति के पतन की पराकाष्ठा है, मां सदा पूजनीय होती है, भारतीय संस्कृति में माँ को भगवान से भी ऊँचा दर्जा दिया गया है, माँ का अपमान करना केवल व्यक्तिगत आघात नहीं है, बल्कि पूरे समाज की मर्यादाओं पर चोट है।

# संभाग स्तरीय शतरंज चयन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### खेलों से मानसिक एवं शारीरिक क्षमता होता है मजबूत : सांसद

शहडोल (स्वतंत्रमत)।





रेलवे सामुदायिक भवन में सांसद हिमाद्री सिंह एवं विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह ने संभाग स्तरीय शतरंज चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ मॉ सरस्वती एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। शतरंज खेल चयन प्रतियोगिता को सम्बोंधित करते हुए सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि खेल खेलने से मानसिक, शारीरिक क्षमता मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियो को खेल प्रतियोगिताओ को खेल भावना से खेलना चाहिए। सांसद हिमाद्री सिंह ने संभाग से आए खिलाड़ियों से रूबरू चर्चा कर उन्हें खेल के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेकर अपने जिला तथा प्रदेश का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के प्रयासों से शिक्षा की तरह खेल गतिविधियों का भी प्रसार हुआ है। छोटे-छोटे बच्चे खेलो के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह बदलते भारत की तस्वीर है। विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह ने शतरंग का खेल शारीरिक क्षमता का नही है यह सिर्फ दिमागी खेल है जो ध्यान को केंद्रित करता है। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच मिलता है। खेल से भाईचारा और सामाजिक एकता का विकास होता है। सभी खिलाड़ी गहन अभ्यास करके अपनी प्रतिभा में निखार लाएं। केन्द्र एवं राज्य सरकार सहयोग देने के लिए तत्पर है। चयन प्रतियोगिता में शहडोल संभाग के तीनों जिले के 75 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनमें से 25 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

इस अवसर पर सहायक संचालक खेल रईस अहमद, जिला खेल अधिकारी रामरूद्र पटेल, खेल अधिकारी सुदर्शन मिश्रा, उमरिया से आए खेल अधिकारी झारिया, रहीम खान, राजेश्वर उदानिया, गोपाल रत्नम, भूपेन्द्र मिश्रा, संतोष लोहानी, जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शानउल्लाखान, स्वप्निल मिश्रा, कोच श्रीदेवी स्वामी, रतन सिंह ठाकुर, कल्पना आहिरवार, धीरेन्द्र सिंह, प्रशांत नामदेव सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी लोग उपस्थित रहें।

# आदिवासियों के पट्टे की भूमि पर गैर आदिवासी का अतिक्रमण, गोंगपा करेगी जन आंदोलन

ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।




तहसील ब्यौहारी क्षेत्र मे आदिवासियों के पट्टे की भूमि पर कई गैर आदिवासी लोग अतिक्रमण किये हुए है जिसे खाली कराने को लेकर गोडवाना गणतंत्र पार्टी ब्यौहारी के तत्वाधान मे 02 सितम्बर 2025 को ग्राम भमरहा 2 में जन आंदोलन किया जायेगा। अजय सिंह पेंड्रो जिला अध्यक्ष यूवा मोर्चा गोंगपा शहडोल द्वारा बताया गया की ग्राम भमरहा सेकंड सहित अन्य जगहों मे गैर आदिवासी पूंजी पति एवं धनाढ्य लोगों द्वारा आदिवासी की जमीन को दूसरे आदिवासी के नाम अवने पौने दाम पर खरीद कर या लीज बनवाकर उस पर अवैधानिक रुप से कब्जा किये हुए है। ग्राम भमरहा सेकंड मे एक आदिवासी के जमीन पर दबंग ने क्रेसर संचालित कर रखा है। बताया गया कि ये पूंजी पति लोग आदिवासियों को बरगला कर या उन्हें पैसा दाम का लालच देकर षणयंत्र पूर्वक उनकी जमीन का लीज बनवा कर कई सालो से अवैध रुप से काबिज है और उन्हें खाली नहीं कर रहे है। प्रशासन भी मौन धारण किया हुआ है जिसे लेकर 02 सितम्बर को ग्राम भमरहा सेकंड के दरोगा पुलिया के पास मे जन आंदोलन किया जायेगा। आंदोलन को सफल बनाने के लिये अजय सिंह पेंड्रो ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को कार्यक्रम स्थल मे पंहुचने की अपील की है।

### रेल मंत्रालय केन्द्र सरकार तथा डी.आर.एम., एस.ई.सी.आर. रेल मंडल द्वारा


# समाजसेवी रोहिणी प्रसाद गर्ग की सार्थक पहल से यात्रियों को सुविधाओं की मिली बड़ी सौगात



**बुढार (स्वतंत्रमत)।** रेल मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं डी.आर.एम., एस.ई.सी.आर. रेल मंडल बिलासपुर द्वारा रेल्वे स्टेशन बुढार के प्लेटफॉर्म का समतलीकरण, छावनी (शेड) का विस्तार तथा कोच डिस्प्ले सहित अन्य सुविधाओं की सौगात अर्जित करा दी गई है, जिसका लाभ आनें वाले समय में यात्रियों को अर्जित हो सकेगा। रेल्वे स्टेशन बुढ़ार में यात्री सुविधाओं के विस्तार की इस न्याय संगत मांग की सौगात अर्जित करानें में अग्रणी भूमिंका का निर्वहन करनें वाले नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक रोहिणी प्रसाद गर्ग के सार्थक पहल से नागरिकों की आशाओं के अनुरूप मिल सकी है और यह सौगात रेल मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं डी.आर.एम., एस.ई.सी.आर. रेल मंडल बिलासपुर द्वारा नगर समस्या निदानार्थ नागरिक समिति के सदस्य हैसियत से उनके द्वारा विगत 20 जुलाई को ऑनलाइन मांग सम्प्रेसित की गई थी, जिनमें बुढार नगर के अतिमहत्वपूर्ण रेल्वे स्टेशन में यात्रियों को अपनें गन्तव्य हेतु कोच डिस्प्ले की सुविधा अर्जित करवाये जानें तथा प्लेटफार्म 1 एवं 2 का समतलीकरण करानें तथा स्टेशन के दोनों ओर छावनी (शेड) का विस्तार तथा दोनों प्लेटफार्मों में विद्युत की समुचित व्यवस्था एवं स्टेशन पहुंचमार्ग में अवरोधक लगे खंभों को हटाने से युक्त मांग थी, जिसे 20 अगस्त को सी.पी. ग्राम्स पोर्टल में भी दर्ज करावायी गई थी, जिस पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक एस.ई.सी.आर. बिलासपुर मंनेभ कुमार के द्वारा 26 अगस्त को हस्ताक्षरित सम्प्रेसित किये गये पत्र के हवाले से उपरोक्त सभी मांगों कों पूर्ण करानें आश्वस्त कराया गया है। वाणिज्यिक प्रबंधक एस.ई.सी.आर. बिलासपुर नें मांगों से संदर्भित मांग पत्र पर यह आश्वस्त कराया गया है कि बुढार रेल्वे स्टेशन में डिस्प्ले बोर्ड लगवाये जानें का कार्य स्वीकृत है, उसमें आगे की कार्यवाही की जा रही है वहीं प्लेटफार्म को समतलीकरण कराये जानें व एक समान निर्मित करानें संबंधी कार्य के लिए निविदा की प्रक्रिया 20 अगस्त को पूर्ण कर ली गई है शीघ्र ही जिसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जायेगा। छावनी (शेड) के कार्य हेतु रेल्वे महाप्रबंधक से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, जिसमें आगे की प्रक्रिया अपनायी जा रही है, वहीं स्टेशन उन्नयन कार्य में आनें वाले समय में विद्युत व्यवस्था को पूर्ण कराया जायेगा, तथा आवागमन मार्ग में लगे खंभों को निकालने के लिए इंजीनियरिंग विभाग को पत्र प्रेषित किया गया है यद्यपि इस मांग के संबंध में न्यायालय के आदेशानुसार गत 27 अगस्त को लगे लोहे के अवरोधक खंभे को हटवाया जा चुका है।

# वित्तीय गड़बड़ी: ग्राम पंचायत गनेशपुर सचिव गेंदलाल झारिया निलंबित

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।



जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत गनेशपुर में वित्तीय अनियमितताओं के मामले में जिला पंचायत डिंडौरी ने कड़ी कार्रवाई करते हुए पंचायत सचिव गेंदलाल झारिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जनपद पंचायत शहपुरा से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के अनुसार, झारिया द्वारा स्थानांतरण के बाद भी ग्राम पंचायत गनेशपुर से 40,700 का भुगतान सामग्री सप्लायर को किए जाने का लेख पाया गया। साथ ही मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के दौरान विकास कार्यों में की गई सामग्री आपूर्ति की राशि 28,040 का भुगतान भी नियमविरुद्ध रूप से किया गया था। इन अनियमितताओं पर सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, किंतु नियत समय में जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर यह स्पष्ट हुआ कि उन्होंने शासकीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही और अनुशासनहीनता बरती है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शहपुरा के प्रस्ताव पर जिला पंचायत डिंडौरी ने पंचायत सचिव गेंदलाल झारिया को मध्यप्रदेश पंचायत सेवा अनुशासन एवं अपील नियम 1966 के तहत निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उन्हें केवल जीवन निर्वाह भत्ता ही प्राप्त होगा और मुख्यालय जनपद पंचायत शहपुरा निर्धारित किया गया है।

# जनपद सदस्य पति ने जताई जान से मारने की आशंका

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** जिला पंचायत अध्यक्ष रूदेश परस्ते पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगे हैं। जनपद पंचायत बजाग सदस्य श्रीमती नीता राजपूत के पति ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक डिंडौरी को लिखित शिकायत देकर अपनी जान का खतरा बताया है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि उनकी पत्नी वर्तमान में जनपद पंचायत सदस्य हैं, जिसके चलते उनका जिला मुख्यालय और बजाग आना-जाना लगा रहता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में रूदेश परस्ते के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई थी क्योंकि मेरे साथ मारपीट की गई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि रूदेश परस्ते द्वारा उन पर कभी भी हमला कराया जा सकता है। यदि अचानक उनकी मृत्यु होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी रूदेश परस्ते की होगी। इस मामले में उन्होंने शनिवार को स्वयं उपस्थित होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जानकारी दी और सुरक्षा की मांग की। फिलहाल पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**जिला पंचायत अध्यक्ष पर गंभीर आरोप**

# ग्रामसभा की सहमति बिना कार्रवाई केस लंबित होने पर भी काम जारी

### राघोपुर मरवारी बांध पर किसानों की आपत्ति

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।



राघोपुर मरवारी बहुउद्देशीय नर्मदा बांध परियोजना को लेकर एक बार फिर विवाद गहराता नजर आ रहा है। प्रभावित क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने कलेक्टर डिंडौरी को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया है कि 5वीं अनुसूची क्षेत्र में ग्राम सभाओं की सहमति लिये बिना प्रशासन एवं विभागीय अधिकारी बांध निर्माण कार्य आगे बढ़ा रहे हैं, जो कि नियमों का उल्लंघन है।

किसानों ने बताया कि अधिनियम 2013 की धारा 21(2)(1) के तहत दिनांक 01 अगस्त 2025 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु नोटिस जारी किया गया, लेकिन इसमें दी गई पेड़-पौधों और मकानों की जानकारी अपूर्ण एवं भ्रामक है। किसानों का कहना है कि उच्च न्यायालय में अभी इस परियोजना को लेकर अंतिम फैसला आना बाकी है, इसके बावजूद शासन-प्रशासन बांध निर्माण कार्यवाही कर रहा है। किसानों ने स्पष्ट कहा कि यह कार्यवाही न केवल गैरकानूनी है बल्कि डूब प्रभावितों के साथ अन्याय भी है। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन धारा 21(2)(1) के तहत चल रही कार्यवाही को तत्काल निरस्त करे और न्यायालय के अंतिम निर्णय तक किसी भी प्रकार का बांध निर्माण कार्य न किया जाये।

# अंत्येष्टि सहायता राशि अटकी, जनपद सीईओ सस्पेंड, संभागायुक्त का बड़ा एक्शन



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** सी.एम. हेल्पलाइन शिकायत में गंभीर लापरवाही बरतने पर जनपद पंचायत बजाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम.एल. धुर्वे को निलंबित कर दिया गया है। जबलपुर संभागायुक्त ने आदेश जारी करते हुए कहा कि शिकायत के निराकरण में उदासीनता एवं घोर लापरवाही बरती गई, जो कि मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 का उल्लंघन है।

ग्राम पंचायत पिण्डरूखी निवासी रूप सिंह ठाकुर ने 11 मार्च 2025 को सी.एम. हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज की थी कि उनकी पत्नी मालती बाई की मृत्यु उपरांत अंत्येष्टि सहायता राशि 5000 रुपये प्राप्त नहीं हुई। मामले में उच्च स्तर के अधिकारियों द्वारा बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद भी सीईओ बजाग एम.एल. धुर्वे द्वारा संबल पंजीयन एवं भुगतान संबंधी कार्यवाही नहीं की गई।

कमिश्नर ने आदेश में उल्लेख किया कि धुर्वे की इस लापरवाही से प्रकरण का उचित निराकरण नहीं हो सका। इसलिए उन्हें मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला पंचायत डिंडौरी नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा।

# खेल रत्नों की चकाचौंध से चमक उठा मानस भवन



## राष्ट्रीय खेल दिवस पर महाकौशल क्रीडा परिषद ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश के महाकौशल क्षेत्र की अग्रणी खेल संस्था महाकौशल क्रीडा परिषद द्वारा हॉकी खेल के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेलों के क्षेत्र में अपना जलवा बिखरने वाले वर्तमान व पूर्व महिला एवं पुरुष सितारा खिलाड़ियों को मानस भवन में खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों, खेल संघो के पदाधिकारीयों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत एवं प्रमुख अतिथियों के रूप में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, भारतीय सेना के परमवीर चक्र प्राप्त योगेंद्र यादव, अर्जुन अवार्ड प्राप्त भारतीय हॉकी टीम के स्टार खिलाड़ी पूर्व ओलंपियन सैयद जलालुद्दीन रिजवी, वरिष्ठ हृदय रोग चिकित्सक डॉ पुष्पराज पटेल, डॉ नीरज जैन नेफ्रोलॉजिस्ट, व्यवसायी पिंकी जैन की उपस्थिति में स्व. पी नायडू को मरणोपरांत एवं भारतीय महिला क्रिकेट टीम की क्रिकेटर शुचि उपाध्याय को सर्वोच्च खेल सम्मान महाकौशल खेल शिरोमणि अलंकार की ट्राफी एवं 11000 रुपए नगद राशि से सम्मानित किया गया। जबकि 27 खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट खेल कौशल के लिए महाकौशल खेल रत्न से सम्मानित किया गया इन सभी 20 पुरुष व 9 महिला खिलाड़ियों को आयोजकों की ओर से सुंदर प्रमाण पत्र सम्मान पत्र पगड़ी टाई ब्लेजर पहना कर 5000 की नगद राशि प्रदान की गई खेलों को बढ़ावा देने खेल वातावरण निर्मित करने वाली खेल संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया।

### बांसुरी की धुन पर हुआ हनुमान चालीसा का पाठ

इसके पूर्व हनुमानजी की पूजा कर उनके चित्र पर मंच आसीन अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया तत्पश्चात कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जलन कर हुआ। बांसुरी की धुन पर हनुमान चालीसा की प्रस्तुति की गई तो वहीं राष्ट्रभक्ति धुन पर बॉडीबिल्डिंग का प्रदर्शन किया गया। संचालन डॉ प्रशांत मिश्रा ने किया आभार प्रदर्शन रोहित यादव ने किया। इस अवसर पर महाकौशल क्रीडा परिषद के अध्यक्ष एड. अशोक गुप्ता, आयोजन समिति के अध्यक्ष अभिनव जैन, संयोजक रवि पटेल, आरिफ बेग, सचिव वीरेंद्र सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष मनोज सेठ, सत्येंद्र ज्योतिषी, महासचिव राजेश राजपूत, आशीष तिवारी, कोषाध्यक्ष हेमंत नायडू, सह सचिव योगेंद्र तिवारी, आलोक असाटी, रोहित चोपड़ा, लोकमन पटेल, शकील अनवर का कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान रहा।

# दोस्त ने ही अपनी महिला मित्र और ड्राईवर से करायी थी नितेश की हत्या





## रुपयों के लेनदेन को लेकर पार्टनरशिप में आई थी दरार, बरगी नहर में फेंक दी थी लाश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी से गायब हुए ठेकेदार नितेश विश्वकर्मा की बरगी सगड़ा झपनी में मिली लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। दरअसल रुपयों के लेनदेन को लेकर बचपन के मित्र व पार्टनर रमनदीप से हुए विवाद के बाद उक्त हत्याकांड को अंजाम दिया गया। इसके लिये रमनदीप ने अपनी महिला मित्र पसरीचा होटल की इवेंट मैनेजर मीनाक्षी कपूर व अपने ड्राईवर तौकीर खान को रुपये देकर नितेश हत्या की साजिश रची थी।

योजना के तहत मीनाक्षी ने अपने हुस्न और शराब के नशे में नितेश की तौकीर से हत्या करायी और उसकी लाश को नहर में फेंक दिया था। पुलिस ने उक्त मामले के तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त चार मोबाईल व बुलेरो वाहन और नगद चालीस हजार रुपये बरामद किये है।

कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रवार्ता में पुलिस अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया किसंजय नगर निवासी सुधीर कुमार विश्वकर्मा का छोटा बेटा 26 वर्षीय नितेश विश्वकर्मा ठेकेदारी व मटेरियल सप्लाई का काम करता था, जो कि विगत 24 अगस्त की रात्रि करीब साढ़े आठ बजे अपनी इनोवा कार लेकर निकला और उसके बाद वापस नहीं आया। जिसकी गुमशुदगी की शिकायत रांझी थाने में दर्ज करायी गई थी। उसके दूसरे दिन 25 अगस्त को नितेश की इनोवा कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 7482 बरगी डेम केनाल के पास खड़ी मिली। इसके साथ ही एक शव सगड़ा केनाल पुल के नीचे पानी में कचरे में फंसा हुआ मिला, जिसके सिर पर गंभीर चोट थी। मृतक की शिनाख्त नितेश विश्वकर्मा के रूप में हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर मामले की तफ्तीश शुरु की।

### दोनों ने मिलकर खरीदे हाईवा

पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी रमनदीप व नितेश विश्वकर्मा अच्छे दोस्त थे। जिन्होंने मिलकर एक कंपनी बनाई। इसके लिये दोनों ने दो पुराने हाईवा खरीदे। वर्ष 2024 में हाईवा खरीदने के बाद पिछले कुछ महीनो से हाईवा बंद थे। जिनकी काफी किस्त आ रही थी और पूरी पुरी किस्त रमनदीप ही चुका रहा था, नितेश कोई भी सहयोग नहीं कर रहा था। लगभग 10 से 20 लख रुपए का हिसाब बाकी था। रमनदीप ने नितेश से बोला कि उक्त पैसे चुका दो और हिसाब कर लो किंतु नितेश ने मना कर दिया। जिससे दोनों के बीच मनमुटाव हो गया।

### 50-50 हजार रुपये लेकर की थी वारदात

उक्त काम के लिये आरोपी रमनदीप ने अपनी महिला मित्र मीनाक्षी व ड्राईवर तौकीर को पचास-पचास हजार रुपये दिये थे। वारदात के बाद तौकीर ने बुलेरो वाहन से मीनाक्षी को बरगी टोल प्लाजा के पास छोड़ा। जिसके बाद रमनदीप ने उसे पिकअप किया और मीनाक्षी को उसकी मौसी के घर यादव कालोनी छोड़ा। पुलिस ने आरोपी तौकीर खान पिता स्व. याकूब खान उम्र 25 वर्ष निवासी दुर्गानगर कुरैशी मार्बल आनंद नगर अधारताल के पास से दस हजार रुपये व मिनाक्षी कपूर उर्फ श्रुति पिता स्व. प्रवीण कपूर उम्र 22 वर्ष निवासी आजादनगर रावण पार्क रांझी के पास से तीस हजार रुपये बरामद किये है। इसके साथ ही वारदात में प्रयुक्त लोहे की रॉड, चार मोबाईल व एक बुलेरो वाहन जप्त किया है।



# सीजीएचएस की बैठक सम्पन्न

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) डिस्पेंसरी 4 के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरपी रावत की अध्यक्षता में नगर के सीनियर्स सिटीजनों के विभिन्न संगठनों के सलाहकार प्रतिनिधि अरविंद पटेल, अनिल शुक्ला, गुरमुख दास, दिलीप कुंडे, किशन लाल, अर्जुन सिंह की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। सलाहकार प्रतिनिधियों ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आर पी रावत के साथ डिस्पेंसरी परिसर की साफ सफाई व बैठक व्यवस्था का निरीक्षण करने के बाद संतोष प्रकट किया डॉ आरपी रावत ने पिछली बैठक के मुद्दों की समीक्षा कर, कार्यवाही से अवगत कराया जिससे सलाहकार प्रतिनिधियों ने सराहनीय कार्य निरूपित किया। वही सलाहकार प्रतिनिधियों ने होम्योपैथी डॉ की अनुपस्थिति की वजह से होम्योपैथी दवाइयां न मिलने पर अफसोस जताया। बैठक में डिस्पेंसरी स्टाफ के मनोज कुमार, प्रदीप सिंह, लव डांगी, आनन्द कुमार, रवि कुमार, गोपाल भट्ट आदि उपस्थित रहे।

## बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पत्रकारों पर हमला
### कलमवीर संघर्ष संगठन ने घटना की निंदा कर दी आंदोलन की चेतावनी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पत्रकार सुनील सेन पर जानलेवा हमला हुआ, जिससे जबलपुर के पत्रकारों ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। इस घटना के चलते पत्रकारों की संस्था कलमवीर संघर्ष संगठन ने इस घटना की निंदा की है। उनकी मांग है कि इन दिनों पत्रकारों पर हमला होना आम हो गया है और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर इस तरह का हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक गिरीश पाण्डे और राष्ट्रीय अध्यक्ष मयंक तिवारी ने मुख्यमंत्री से इस गम्भीर मुद्दे पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करें, अन्यथा पत्रकारों को आंदोलन का रुख करना होगा। संगठन के प्रदेश संयोजक सुनील साहू और प्रदेश अध्यक्ष शुभम् शुक्ला ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताते हुए पत्रकार पर हुए हमले की निंदा की है। उन्होंने इस मामले में पत्रकारों की सुरक्षा और माफियों पर लगाम लगाने सरकार से मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव विवेक यादव, कोषाध्यक्ष संजय साहू, प्रदेश महासचिव विनोद मिश्रा, योगेश सोनी, रमेश मिश्रा, सुधीर खरे, सत्यजीत यादव, हर्षित चौरसिया, ओम प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष सृजन शुक्ला, राहुल पाण्डेय, रघुनन्दन शुक्ला, अनूप रॉबिन सहित संगठन के सदस्यों ने प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है।

## कजलियां महोत्सव प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** समरसता सेवा संगठन द्वारा सब सबको जाने - सब सबको माने के ध्येय को साथ लेकर विगत दिनों संपन्न संस्कारधानी समरसता कजलियां महोत्सव में आयोजित निबंध, विविध वेशभूषा, पूजा की थाली एवं हस्त निर्मित राखी प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह मप्र के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य, ग्लोबल मेट्रो ग्रुप के डायरेक्टर श्री सौरभ बडेरिया के विशिष्ट आतिथ्य, आईएमए अध्यक्ष डॉ ऋचा शर्मा की अध्यक्षता में आज रविवार 31 अगस्त को दोपहर 2 बजे से आईएमए हॉल, चंचला बाई कालेज के पास, रानीताल पेट्रोल पंप के सामने आयोजित किया गया है। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने बताया प्रतियोगितओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के अलावा भी सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।सभी प्रतिभागियों को व्यक्तिगत पृथक से एवं निबंध के प्रतिभागियों को संस्थागत भी सूचना दी जाएगी। समरसता सेवा संगठन द्वारा सभी से उपस्थिति की अपील की गई है।



# ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान छात्रों का सम्मान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मझौली तहसील के शासकीय प्राथमिक विद्यालय लालपुरा ( खुड़ावल ) एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय सिमरिया ( आलसूर ) में सभी कक्षाओ की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र, छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, वाटर बॉटल, स्टेशनरी आदि प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। भारत कृषक समाज महाकौशल मप्र के अध्यक्ष इंजी. केके अग्रवाल ने कहा कि छात्र छात्राओं को संविधान रचियता डॉ भीमराव अम्बेडकर के सूत्र मंत्र शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा को आत्म सात करने प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षा समिति के अध्यक्ष विवेक पटेल, तहसील के अध्यक्ष एड. रामगोपाल पटेल, कृषक समाज के महासचिव रूपेंद्र पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक खड़ग सिंह ने किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के बीआरसी बीके गर्ग, अर्जुन सिंह, अभिषेक पटेल, लटोरी दहिया आदि उपस्थित रहे।

# शाला प्रबंधन समिति के चुनाव सम्पन्न



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** संकुल केंद्र शासकीय यशोदाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार के अंतर्गत आने वाली शासकीय प्राथमिक शाला लखराम में शुक्रवार को शाला प्रबंधन समिति के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। पर्यवेक्षक, शाला प्रभारी और अभिभावकों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से कमलेश कोल को अध्यक्ष और निशा लोधी को उपाध्यक्ष चुना गया। इस समिति में कुल 14 सदस्यों का चयन किया गया, जिसमें महिला और पुरुष दोनों शामिल हैं। शाला की वरिष्ठ शिक्षिका तहमीना अंसारी को भी समिति का सदस्य चुना गया। पर्यवेक्षक शिखा मांडलेकर ने शाला प्रबंधन समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से बच्चों को शाला भेजने, अच्छी शिक्षा के लिए सहयोग का आव्हान किया। इस चुनाव प्रक्रिया के दौरान पर्यवेक्षक के रूप में शिखा मांडलेकर, शाला प्रभारी योगेन्द्र मिश्रा, और शिक्षिका श्वेता पांडे उपस्थित रहीं। सभी ने शाला प्रबंधन समिति का स्वागत किया।

# दिनदहाड़े सूने मकान का ताला तोड़ माल ले उड़े चोर

**जबलपुर।** शहपुरा थाना क्षेत्रातंर्गत कैथरा निवासी एक शिक्षक के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर दिनदहाड़े सोने-चांदी के जेवर और नगदी चुरा ले गये। इसके अलावा दूसरी वारदात शहपुरा के शांति कालोनी में घटित हुई, जहां भी ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने जेवर पार कर दिये। पीड़ित परिवारों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि कैथरा शहपुरा निवासी 53 वर्षीय अरविंद सिंह राजपूत पेशे से शिक्षक है। बीते दिवस सुबह करीब पौने दस बजे वह रिश्तेदारी में सपरिवार सागर नारायणपुर सुरखी गये हुए थे। दोपहर करीब पौने चार बजे उनके पड़ोसी गोविन्द पटैल ने फोन कर बताया कि आपके मकान के मेन गेट एवं सामने का दरवाजा खुला है। उसने गोविन्द पटैल को घर जाकर देखने कहा तो उन्होंने वीडियो कॉल कर दिखाया कोई अज्ञात चोर घर में घुसकर आलमारी एवं गोदरेज का ताला तोड़कर सामान चोरी कर ले गया हैं। जिसके बाद वह तत्काल ही शाम को अपने घर वापस पहुंचे, जहां देखा कि आलमारी में रखा सोने का हार, 2 मंगलसूत्र, 1 विचौली, 1 मनचली, 5 जोड़ी कान के गहने, 2 माला गुरिया वाली, 1 अंगूठी चांदी की पायल बिछिया एवं नगदी 45 हजार रूपये नहीं थे। कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी चोरी कर ले गया है। इसी प्रकार ओम शांति कालोनाी निवासी दशरथ विश्वकर्मा ने शिकायत दर्ज करायी कि वह अपने बेटे स्वयं के साथ काम करने जबलपुर आ गये थे। घर पर उनकी पत्नी निर्मला अकेली थी, जो कि दोपहर को ताला लगाकर मोहराई छट की पूजा करने शहपुरा चली गई थी। जब शाम को लौटी तो देखा घर का ताला टूटा हुआ है, आलमारी में रखा बैग जिसमें सोने का हार, मंगलसूत्र, चूड़ी, झुमकी, चांदी की 3 जोड़ पायल तथा नगदी 5 हजार रूपये गायब थे। उक्त दोनों मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# एक हफ्ते से फूटी पाइपलाइन ग्रामीण हो रहे परेशान

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।**



सिहोरा तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गोसलपुर के अंतर्गत समाहित शंकर कॉलोनी मे एनएच सड़क के किनारे पंप हाउस के नजदीक मेन पाइपलाइन फूटने के कारण पिछले एक हफ्ते से कई गैलन पानी व्यर्थ में बह रहा है। इस पाइपलाइन को सुधारने के लिए स्थानीय ग्राम पंचायत का ध्यान आकर्षित कराया गया। परंतु ग्राम पंचायत इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। जिससे मुख्य पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण कॉलोनी की ऊपरी बसाहट में पानी नहीं पहुंच रहा है। कालोनी निवासी हेमचंद असाटी, मलखान सिंह, बहादुर सिंह ने शीघ्र ही पाईप लाइन को सुधरवाने की मांग की है।

## श्री गहोई वैश्य एसोसिएशन के चुनाव आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** श्री गहोई वैश्य एसोसिएशन की आमसभा एवं वार्षिक चुनाव के अंतर्गत अध्यक्ष एवं महासचिव के चुनाव आज 31 अगस्त रविवार को अपरांह 2.00 बजे तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में आयोजित किया जाएगा। इंजी. श्रीकांत कस्तवार, डॉ. नरेन्द्र सेठ, सीए मनोज खैरा, इंजी. अरूण खर्द, सुभाष रावत, इंजी. आलोक सरावगी, डॉ. अरूण सरावगी, अशोक नौगरैया, नीरज कस्तवार, अरूण नीखरा आदि सभी ने संरक्षक सदस्यों से चुनाव दिवस पर उपस्थित होकर चुनाव कार्यक्रम को संपन्न कराने में सहयोग की अपील की है।

# अपोलो हॉस्पिटल में अब रोबोट करेंगे सर्जरी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।**





अपोलो हॉस्पिटल चेन्नई की शाखा अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल जबलपुर अत्याधुनिक तकनीक से लैस रोबोट द्वारा विभिन्न प्रकार की सर्जरी जल्द ही प्रारंभ करने जा रहा है। अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स जबलपुर की सीईओ डॉ. शांति बी. ने बताया कि प्रतिष्ठित एसएसआई इंटरनेशनल सर्जिकल रोबोट का लाइव डेमो और हैंड्स-ऑन अनुभव 29 से 31 अगस्त 2025 तक अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स जबलपुर में उपलब्ध रहेगा। साथ ही, रोबोटिक सर्जिकल सेवाएं अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स, जबलपुर में 1 नवम्बर 2025 से मरीजों के लिए प्रारम्भ होंगी। इन सेवाओं का संचालन सुप्रसिद्ध सीनियर रोबोटिक सर्जन डॉ. गणेश गोर्थी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। डॉ. गोर्थी क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय रोबोटिक सर्जिकल कॉन्फ्रेंसेज में नियमित आमंत्रित फैकल्टी रहे हैं तथा अमेरिका, फ्रांस और रूस जैसे देशों में अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंसेज में अपनी कई सर्जरी प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त कर चुके हैं। डॉ. गणेश गोर्थी ने बताया कि पारंपरिक लैप्रोस्कोपिक एवं ओपन सर्जरी की तुलना में रोबोटिक सर्जरी के कई फायदे हैं, जैसे कि अत्यधिक सटीकता, आसपास के अंगों को नुकसान का कम खतरा, बेहतर ऑप्टिक्स, अधिक लचीले एवं उन्नत उपकरण जिससे मरीजों को बेहतर परिणाम मिलने की संभावना रहती है। हॉस्पिटल के डायरेक्टर शोभित बड़ेरिया ने महाकौशल क्षेत्र के उपयुक्त मरीजों से आग्रह किया कि वे इन उन्नत रोबोटिक सर्जिकल सेवाओं का लाभ उठाएं। ये सेवाएं 1 नवम्बर 2025 से अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स के जनरल एवं गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, कैंसर, यूरोलॉजी, गायनेकोलॉजी तथा कार्डियोथोरेसिक सर्जरी विभागों में उपलब्ध होंगी।

# रात्रिकालीन डियूटी के दौरान अभद्र व्यवहार करने पर कलेक्टर, थाना प्रभारी से हुई शिकायत




उमरिया (स्वतंत्रमत)

रात्रिकालीन डियूटी के दौरान अभद्र व्यवहार करने पर डाक्टर ने कलेक्टर, थाना प्रभारी से शिकायत की है। उन्होंने बताया कि है। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय उमरिया में हम लोगो की दिनांक 27.08.2025 को रात्रिकालीन डियूटी थी। रजनीश द्विवेदी उम्र 35 वर्ष निवासी बडेरी जिला उमरिया का ईलाज जिला चिकित्सालय उमरिया में चल रहा था। दिनांक 27.08. 2025 की रात्रि में लगभग 11 से 12 बजे के बीच में मेरी डियूटी के दौरान मैं बाथरूम गया हुआ था उस वक्त कोई भी मरीज कज्युअल्टी में नही था। जब वापस आया तो उनमे से एक व्यक्ति जिनका नाम मनीष सिंह बघेल अपने साथी मित्र गौरव समदडिया के साथ जो कि उक्त घटना का वीडियो बना रहे थे। मनीष सिंह जोर जोर से चिल्ला रहे थे कोई डाक्टर नही है मैं आकर पूछा कि क्या बात है तो मेरे से बहसबाजी करने लगे सब भ्रष्टाचार मचा के रखे है मेरा मरीज तडप रहा है उसे देखने वाला कोई डाक्टर नही है जबकि मरीज के परिजन कह रहे है थे कि डाक्टर साहब मरीज को देखे है तथा जब भी मैने बताया कि दिक्कत है तो आकर देख रहे थे। मरीज के समस्त जैविक पैरामीटर स्थिर थे। डॉ0 राजीव लोचन द्विवेदी उक्त मरीज का विशेषज्ञ के रूप में ईलाज कर रहे थे तथ उन्ही के सलाह पर मरीज को रेफर किया गया था। चूंकि 108 एम्बुलेन्स न मिलने के कारण मरीज नहीं जा पा रहा था। मरीज के परिजनो के द्वारा बेवजह बहसबाजी करने के कारण वार्ड एवं कज्युअल्टी के बाहर अन्य मरीज ईलाज हेतु परेशान हो रहे थे परंतु इनके बहसबाजी व दुव्यर्वहार तथा वीडियो बनाने के लिये अन्य मरीजो को देखने नही दिया जा रहा था। जबरन मुझे रोके रखा था तथा जिसके कारण मेरे अन्य कार्यों में रात्रकालीन डियूटी में बाधा बाधा उत्पन्न कर रहे थे। मैं एवं मेरा साथ उपस्थित कज्युअल्टी का स्टाफ इनके दुर्व्यव्हार से डरा सहमा व मानसिक रूप से प्रताडित महसूस कर रहे थे। उनके द्वारा लगाये आरोप कि 108 एम्बुलेन्स की व्यवस्था नही हो पा रही है उनको बार बार बताया जा रहा था कि मेरा काम एम्बुलेन्स को कॉल करना होता है जो मैने किया है तथा अन्य एम्बुलेन्स पूर्व से ही अन्य गंभीर मरीजो को लेकर जिले से बाहर थी एम्बुलेन्स उपलब्ध होने पर इनके मरीज को तुरंत मेडिकल कॉलेज जबलपुर हेतु रेफर करा दिया गथा था। घटना के पूर्व हम शैलेष महुले एवं डॉली पटले नर्सिंग ऑफीसर के पद पर जिला चिकित्सालय उमरिया में डियूटी पर थे जिसमें दो व्यक्ति श्री मनीष सिंह बघेल श्री गौरव समदडिया उस समय हम दोनो के साथ दुर्व्यवहार एवं धमकी देते हुये बोल रहे थे कि अंदर क्यो बैठे हो जबकि कज्युअल्टी से सटे हुये कमरे में बैठे हुये थे तथा कोई मरीज वहाँ पर नही था। तथा उनके द्वारा धमकी देते हुये यह बोला जा रहा था कि मैं तुमको एवं तुम्हारे सिविल सर्जन को देख लूंगा। इस दुर्व्यवहार पूर्ण एवं धमकी भरे घटना से हम बडे ही असहज, मानसिक रूप से प्रताडित एवं अत्यंत डरे हुये महसूस कर रहे है। उक्त व्यक्ति अपने को राजनीतिज्ञ बता रहा था एवं कैमरे हटने के बाद बाहर गाली गलौज कर रहे थे। हम बताना चाहता है कि पूर्व से ही जानकारी के अनुसार मनीष सिंह के ऊपर कई आपराधिक प्रकरण दर्ज है। घटना का हमारे कज्युअल्टी एवं महिला नर्सिंग ऑफीसर का डियूटी रूम दिख रहा है को विभिन्न सोशल मीडिया में वायरल करना इससे हम नर्सिंग ऑफीसर जिसमें महिला भी है कि निजता भंग होता है। मेरे हम लोगो की अनुमति के वीडियो बनाना एवं वायरल करना कानून का उल्लंघन है। उन्होंने मांग की है कि व्यक्ति पर कड़ी से कडी कानूनी कार्यवाही किया जाय ताकि हम जिला चिकित्सालय में बिना रोक टोक एवं भयमुक्त होकर सेवाये दे सके।

## गौ-वंश का परिवहन कर रहे आरोपियों के विरुद्ध उमरिया पुलिस की प्रभावी कार्यवाही



उमरिया (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक उमरिया निवेदिता नायडू एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमरिया सीताराम द्वारा अवैध गतिविधियों पर पूर्णता अंकुश लगाने हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में थाना मानपुर द्वारा अवैध रूप से पशुओं का परिवहन कर रहे आरोपियों के विरुद्ध दो प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जानकारी अनुसार थाना मानपुर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की दो अलग-अलग पिकअप जिसमें क्रूरता पूर्वक गौवंश एवं पशुओं को भरकर परिवहन किया जा रहा है जो की व्यौहारी से मानपुर तरफ आ रहे हैं। पुलिस द्वारा प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम तैयार कर मुखबिर के बताये अनुसार मानपुर वायपास रोड पर पत्ता गोदाम के पास घेराबंदी कर दोनो पिकअप को रोका गया। फिकअप वाहन क्रमांक एमपी 18 जीए 2937 के वाहन चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम आकाश कुमार यादव उम्र 22 साल निवासी ग्राम पसगढी थाना व्यौहारी जिला शहडोल बताया गया जिसके पिकअप की तलाशी लेने पर 08 नग बैल क्रूरता पूर्वक भरे हुये थे जिसके संबंध में आरोपी चालक से पूछताछ कर पशुओं के परिवहन के संबंध में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया जिसके पास कोई दस्तावेज न होने के कारण कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नही किये गये आरोपियों के कब्जे से पिकअप जप्त कर पशुओं को सुरक्षार्थ ग्राम डोडका गौशाला में पहुंचाया गया। इसी प्रकार अन्य पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 18 जीए 5999 को रोककर चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम नंदलाल गुप्ता उम्र 38 साल निवासी ग्राम पपडेरी थाना व्यौहारी जिला शहडोल बताया गया जिसके पिकअप वाहन की तलाशी लेने पर 4 नग गाय, 3 नग बछिया एवं 5 नग बछड़ा कुल 12 नग गौवंश क्रूरतापूर्वक बरे हुये थे जिसके संबंध में आरोपी चालक से पूछताछ कर पशुओं के परिवहन के संबंध में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया जिसके पास कोई दस्तावेज न होने के कारण कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नही किये गये आरोपियों के कब्जे से पिकअप जप्त कर पशुओं को सुरक्षार्थ ग्राम डोडका गौशाला में पहुंचाया गया।

## आरटीओ ने की कार्रवाई, 6 वाहनों से 38 हजार का जुर्माना वसूला




उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले में परिवहन नियमों को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए शनिवार 30 अगस्त को व्यापक जांच अभियान चलाया। यह कार्रवाई कलेक्टर उमरिया के निर्देशन एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) रमा दुबे के मार्गदर्शन में की गई। अभियान के दौरान न केवल स्कूल बसों की गहन जांच की गई, बल्कि सवारी वाहनों को भी बारीकी से परखा गया। संदीपनी विद्यालय सी.एम. राइस की बसों की जांच की गई, जहां सभी दस्तावेज वैध पाए गए। इसके बाद सेंट जेवियर्स स्कूल की बसों की जांच की गई, जिसमें एक बस बिना परमिट के संचालित पाई गई। इस पर तत्काल 10,000 का समन शुल्क वसूला गया।सवारी बसों की भी जांच की गई। इस दौरान बस क्रमांक एमपी 09 एफए 5293 बिना परमिट के चलती पाई गई। उस पर भी 10,000 का समन शुल्क लगाया गया।पूरे अभियान के दौरान कुल 6 वाहनों पर कार्रवाई की गई, जिनसे मिलाकर 38,000 का समन शुल्क वसूला गया। वहीं एक वाहन को सुरक्षा कारणों से थाना ताला चौकी में जब्त कर लिया गया।इस अभियान में परिवहन विभाग की टीम ने नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई कर साफ संदेश दिया कि बिना परमिट और कागजात के वाहन संचालन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।आरटीओ अधिकारी रमा दुबे ने बताया कि च्कलेक्टर के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और परिवहन नियमों का पालन कराना है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आज होगा समापन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सीताराम ने बताया कि मेजर ध्यान चंद जी के जन्म दिवस से प्रारंभ हुई खेल प्रतियोगिता का समापन आज 31 अगस्त को होगा । इस अवसर पर प्रातः 7.30 बजे अमर शहीद स्टेडियम से साईकल रैली का आयोजन किया गया है जिसमें नगर के सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की गई है।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्राम कोरका में लगाया गया जन समस्या निवारण शिविर

### आईजी एवं कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

### शिविर में ग्रामीणों की समस्या से संबंधित 318 आवेदन प्राप्त हुए



बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिले के दूरस्थ एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र की ग्राम पंचायत मछुरदा के ग्राम कोरका में 30 अगस्त को जनसमस्या निवारण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बालाघाट रेंज के पुलिस महानिरीक्षक संजय कुमार, कलेक्टर मृणाल मीना, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्शकांत शुक्ला, बैहर एसडीएम अर्पित गुप्ता, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, एसडीओपी करणदीप सिंह, अरविंद कुमार शाह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर एवं अन्य विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में वन अधिकार पट्टा, बिजली, पेयजल, सड़क के लिए ग्रामीणों ने आवेदन किया। इस शिविर में ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के बाहुल्य वाले ग्राम कोरका में आयोजित शिविर में कुल 318 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 108 आवेदन वन अधिकार पट्टा से संबंधित थे। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार भी किया गया। शिविर में 158 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवायें दी गई। इस शिविर में 29 लोगों को जाति प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों ने ग्राम कोरका में आंगनवाड़ी केन्द्र भवन बनवाने, ग्राम बोंदारी में सड़क निर्माण एवं पेयजल के लिए हेंडपंप खनन की मांग की। ग्रामीणों द्वारा वन अधिकार पट्टा में नामांतरण नहीं होने, लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ नहीं मिलने, बिजली का बिल अधिक आने, बिजली की कटौती होने एवं पेंशन योजना का लाभ नहीं मिलने जैसी समस्याओं के भी आवेदन दिये गये थे।

कलेक्टर श्री मीना ने ग्रामीणों को बताया कि वन अधिकार पट्टा के संबंध में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर उनका शीघ्रता से निराकरण किया जायेगा। उन्होंने शिविर में उपस्थति ग्राम पंचायत लालपुर, मछुरदा, अडोरी, घुम्मुर, लंहगाकन्हार के सरपंचों एवं सचिवों से कहा कि वन अधिकार पट्टा के लिए सभी पात्र लोगों के आवेदन प्राप्त कर उनका ग्राम सभा में अनुमोदन कर कार्यवाही के लिए शीघ्रता से उप खंड स्तरीय समिति को भिजवायें। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा सड़क, आंगनवाड़ी केन्द्र भवन, बिजली एवं पेयजल समस्या के संबंध में दिये गये आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने मौके पर ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की उपयंत्री को निर्देशित किया कि ग्राम बोंदारी में ग्रामीणों की आवश्यकता वाले स्थान पर शीघ्र हैंडपंप का खनन करायें।

शिविर में सहायक मत्स्य अधिकारी श्रीमती मीना कोकोटे ने ग्रामीणों को मत्स्य पालन संबंधी योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों को बताया कि मत्स्य पालन के लिए तालाब निर्माण करने शासन द्वारा अनुदान दिया जाता है। पशु चिकित्सक द्वारा पशुपालन, दुग्ध उत्पादन संबंधी योजनाओं की जानकारी दी गई।

## संतान सप्तमी पर संतान की खुशहाली के लिए महिलाओं ने रखा व्रत



उमरिया (स्वतंत्र मत)

शनिवार 30 अगस्त को जिला मुख्यालय समीप ग्राम ददरी में संतान सप्तमी के पर्व पर महिलाओं ने महादेव और माता गौरी की आराधना कर संतान की खुशहाली की कामना की। महिलाओं ने व्रत रखकर विधि विधान से पूजा कर ब्राम्हणों को दान दिया। मंगलवार को संतान सप्तमी पर्व पर महिलाओं ने परिवार की सुख शांति और संतान की खुशहाली के लिए व्रत रखा। पंडित ने पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भाद्रपद शुक्ल पक्ष की सप्तमी को संतान सप्तमी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं अपनी संतान की लंबी उम्र के लिए रखती हैं। बताया कि इस बार संतान सप्तमी विशेष नक्षत्र में होने के कारण खास फलदायक बन गई है। माता गौरी सुख समृद्धि देतीं है जबकि भोलेनाथ संतान की रक्षा करते है। जिले भर में उत्साह के साथ पर्व मनाया गया। महिलाओं ने पूजा अर्चना कर ब्राम्हणों को दान दिया। लोग परिवार के साथ मंदिर पहुंचें और पूजा अर्चना की गई।

### सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 21 सितंबर से 25 तक

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सीताराम ने बताया कि शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह के संयोजन में सांसद खेल महोत्सव आओ खेलें देश को आगे बढ़ाएं थीम पर यह आयोजन आयोजन 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक किया जा रहा है जिसका रजिस्ट्रेशन आनलाइन व ऑफलाइन खेल और युवा कल्याण कार्यालय उमरिया से किया जा सकता है।

## त्योहार के मददेनजर शहर की सफाई,बिजली व पानी व्यवस्था दुरूस्थ रखें: अनुभा मुंजारे



बालाघाट(स्वतंत्र मत)

बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा आज 30 अगस्त को नगरपालिका के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिसमें उन्होने आगामी त्योहार के मददेनजर शहर में साफ सफाई, बिजली और पानी व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। बता देवें कि सर्किट हाउस में विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा नगर पालिका परिषद बालाघाट के मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालाघाट बी.डी.कतरोलिया, नपा के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य सभी शाखा प्रभारियों की उपस्थिति में विभागवार समीक्षा बैठक ली गई। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि शफकत खान नपा, नेता प्रतिपक्ष योगराज कारो लिल्हारे, पार्षद रवि बनाफर, आशुतोष डहरवाल,पूर्व पार्षद पन्ना शर्मा,छबिराम नागेश्वर, रामभाऊ पंचेश्वर, वरिष्ठ कांग्रेसी राजेश ठाकुर व अन्य मौजूद रहे। विधायक अनुभा मुंजारे ने बैठक के माध्यम से नपा के अधिकारियों से कहा कि वर्तमान में गणेश उत्सव चल रहा है। इसके अलावा आगामी समय में विविध त्यौहार आने वाले है। जिसमें हमें सफाई व्यवस्था को प्रमुखता से ध्यान देना है। खम्बों में लाईट की व्यवस्था ठीक रहे। जिससे की लोगों को भ्रमण के दौरान किसी तरह की परेशानी ना होवें। विधायक ने कहा कि उन्हें कुछ वार्डो से शिकायतें प्राप्त हो रही है। वार्डो में सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं हैं या फिर कचरा समय पर नहीं उठाया जा रहा है। नालियों की गंदगी से लोग परेशान हो रहे है। मच्छरों की भरमार है। फागिंग का कार्य होने चाहिए। इसी तरह से शहर के सड़कों पर पशुधन विचरण कर रहे और सड़कों पर बैठे रह रहे है। आवारा कुत्ते देखे जा रहे है। जिसके लिये भी आवश्यक कदम उठाये जाना चाहिए। विधायक अनुभा मुंजारे ने इस बात पर आपत्ति जतायी कि दानवीर मुलना जी के बस स्टेंड स्थित मुलना उद्यान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश होने के बावजूद कोई कार्यवाही नपा ने नहीं की है।

## आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस योग शिविर 02 सितंबर से

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** मानवतावादी गुरू श्री श्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग बालाघाट केंद्र द्वारा छह दिवसीय हैप्पीनेस योग शिविर(आनन्द अनुभूति कार्यक्रम) का आयोजन आगामी 02 सितंबर मंगलवार से 07 रविवार तक सुबह 06 से 09 बजे तक आयोजित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रशिक्षक सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि श्री श्री के अनुसार हिंसा मुक्त समाज, रोग मुक्त शरीर, संभ्रान्ति मुक्त मन, शंका रहित बुद्धि, सदमा रहित स्मरण शक्ति, शारिरीक क्षमतायुक्त शरीर और एक दुःख रहित आत्मा प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है। इसी उद्देश्य के साथ शिविर के माध्यम से सांसारिक व अध्यात्मिक ज्ञान एवं योग, ध्यान, प्राणायाम के साथ विश्वविख्यात सुदर्शन क्रिया की प्रक्रियाओं को मनोरंजक क्रियाओं एवं आपसी संवाद के जरिये सिखाया जाता हैं। जिससे स्वस्थ शरीर तनाव एवं नकारात्मक विचारों से मुक्ति, आत्मविश्वास, एकाग्रता, निर्णय लेने की क्षमता,खुशहाल जीवन और मन की शांति के साथ ही दैनिक जीवन उपयोगी सरल ज्ञान और प्रक्रियाओं के माध्यम से तनाव मुक्त होते हुए जीवन में खुशी और सफलता के सूत्र भी सिखाये जायेंगे। इस शिविर में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोग शिविर में शामिल हो सकते है। प्रशिक्षक श्री ठाकुर ने बताया कि शिविर का आयोजन बालाघाट नगर पालिका परिषद हॉल में प्रातः 06.00 से 9 बजे तक होगा।

# जनशिक्षक ने अभद्र मैसेज को व्हाट्सएप्प में किया पोष्ट, कर्मचारियों ने की शिकायत

### मामला बीआरसी कार्यालय ग्रुप जेपीएसके खैरलांजी का

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र खैरलांजी के व्हाट्सएप्प ग्रुप जेपीएसके इनकमींग में एक एसएमएस से विवाद पनप गया, जहां जनशिक्षक के द्वारा अभद्र मैसेज करने को लेकर कर्मचारियों के द्वारा लिखित रूप में शिकायत कलेक्टर, बीआरसी, जिला पंचायत सीईओं, जिला शिक्षा अधिकारी को करते हुए उचित कार्यवाही की मांग की हैं। वहीं जनशिक्षक जागेश्वर प्रसाद हरिनखेड़े ने कहा कि वह पोष्ट गलती से चली गई हैं, मैंने किसी भी व्यक्ति की भावनाओं को ठेस पहुंचाने नहीं की हैं।

जानकारी अनुसार, 13 अगस्त को जागेश्वर प्रसाद हरिनखेड़े जनशिक्षक जनशिक्षा केन्द्र मिरगपुर द्वारा कार्यालय के व्हाट्सएप्प ग्रुप जेपीएसके इनकमींग में अभद्र गाली गलौच का एसएमएस किया गया तथा आज दिनांक तक उक्त मैसेज व्हाट्सएप्प ग्रुप में मौजूद हैं। उक्त मैसेज कि भाषा अत्यधिक आपत्तिजनक, अभद्र एवं गाली गलौच की प्रतिनिधित्व करती हैं। पूर्व में भी संबंधित के द्वारा कई बार ऐसे मैसेज करके उसको हटया गया हैं, तथा गलत और




आपत्तिजनक भाषा का उपयोग किया जाता रहा हैं, जिसकी शिकायत कर्मचारियों द्वारा मौखिक रूप से पूर्व में भ्री की जा चुकि हैं। उक्त कार्यालयीन व्हाट्सएप्प ग्रुप में कार्यालय प्रमुख आप स्वयं के साथ-साथ महिला कर्मचारी भी जुडी हुई हैं, यह जानकर भी संबंधित आपत्तिजनक, अभद्र एवं गाली गलौच वाले मैसेज भेज रहा हैं। उक्त के संबंध में जागेश्वर प्रसाद हरिनखेड़े जनशिक्षक पर उचित कार्यवाही किये जाने की मांग करते हैं।

इधर, वरून देव लेखापाल, दीप्ति मेश्राम लेखापाल, टेविका अहीक, प्रीतम लिल्हारे, रविशंकर साहु, लोकराम जैतवार, कृष्णकुमार सोनेकर उपयंत्री, चित्ररेखा रंगारे बीएसी, राजकुमार मेश्राम बीएसी, अजय टेम्भरे सीएसी सहित अन्य कर्मचारियों के द्वारा बताया गया कि जनशिक्षक जागेश्वर प्रसाद हरिनखेड़े के द्वारा व्हाट्सएप्प ग्रुप में भावनाओं को आहत करने व अभद्र भाषाओं का उपयोग करते हुए मैसेज किया जाता रहा हैं, लेकिन 13 अगस्त को ऐसा मैसेज किया गया कि अब सहन नहीं हो पाया, जिसको लेकर जिला कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, जिला शिक्षा अधिकारी, बीआरसी को लिखित आवेदन कर कार्यवाही की मांग की हैं।

### इनका कहना है

मेरे द्वारा शासकिय व्हाट्सएप्प ग्रुप जेपीएसके इनकमींग में किसी भी व्यक्ति की भावनाओं को लेकर पोष्ट नहीं किया गया जो पोष्ट हुई हैं वह गलती से पोष्ट हो गई। मुझे भी इस पोष्ट को लेकर खेद हैं।

**जागेश्वर प्रसाद हरिनखेड़े, जनशिक्षक मिरगपुर**

## मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु कीटनाशक दवा का छिड़काव कराने नपा से अपील

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर के समस्त वार्डो में इन दिनों मच्छरों की संख्या में इजाफा हो रहा है। साम होते ही मच्छरों की भुनभुनाने की आवाज बढ़ती जा रही है। घर बाहर सभी स्थानों में मच्छरों से लोग परेशान हैं। मच्छरों की बढ़ती संख्या से मौसमी बीमारी मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया सहित अन्य बिमारियो में इजाफा हो सकता है इसके पूर्व बिमारियों से निपटने रोकथाम हेतु वार्डों में कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया जाना अतिआवश्यक हो गया है ताकि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव किया जा सके। नगर की सब्जी मंडी में मच्छरों ने व्यापारियों को एक जगह स्थिर बैठना दुष्वार कर दिया है। मच्छरों की अधिकता के कारण क्वायल, फास्ट कार्ड, आदि तमाम बचाव के प्रयोग भी मच्छरों के सामने तुच्छ साबित हो रहे हैं। ग्रामीण जनो ने प्रशासन से मच्छर से निजात दिलाने ठोस उपाय करने की मांग की है। इस दिशा में नपा को कार्य करने की आवश्यकता जताई जा रही है।

## बाबा माधवशाह का प्रकाशोत्सव

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति कटनी शाखा के सेवादारों के द्वारा सुभाष वार्ड सत्संग भवन में गुरुवार को हरीराया सदगुरु बाबा माधवशाह साहिब जी का प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मंडला के कृपा पात्र सेवकों के द्वारा भजन, सुमिरन, अरदास, सत्संग, अनमोल वचनों, लीलाओं, उपदेशों का बखान किया। बाबा माधव शाह की प्रतिमा में शॉल चढ़ाई गई। समिति के सेवादारों के द्वारा केक काटा गया सभी को पावन अवसर की बधाईयां दी गईं। आयोजन में सेवादार पुरुष महिलाओं बच्चों ने प्रकाशोत्सव पर झूम नाचकर मौज करते हुए खुशियां जाहिर की। कार्यक्रम के अंत में महाप्रसादी के रूप में लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

## रक्तदान कर मनाया स्मृति दिवस

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति दिवस 25 अगस्त को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है। दादी की 18वीं पुण्य स्मृति दिवस संस्था के मुख्यालय माउंट आबू के समाज सेवा प्रभाग ने एक लाख यूनिट ब्लड डोनेशन करने का लक्ष्य रखा। जिससे जरूरतमंद को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। संस्था के इसी लक्ष्य को साकार करने के लिए ब्रह्माकुमारी पाठशाला डिंडोरी नाका के भाई बहनों के द्वारा शासकीय अस्पताल में रक्तदान किया गया एवं मरीज को फल वितरण किया। इस अवसर मे शासकीय अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे अन्य चिकित्सक स्टॉफ का सहयोग रहा इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी पाठशाला की मीना बहन, मेहदवानी कि वे.के. गोदावरी बहन, कार्यक्रम संयोजक गौरव भाई और समस्त भाई बहनों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ ।

## छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर के निर्देशानुसार बिछिया में जनजातीय कार्य विभाग के तहत संचालित बालक और कन्या छात्रावासों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में सिकल सेल और हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई।

## आपत्ति 15 दिवस में दर्ज कराएं

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी बीएलसी घटक अन्तर्गत कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मण्डला के द्वारा जारी आदेश के परिप्रेक्ष्य में सर्वेक्षण सत्यापन हेतु गठित दल द्वारा जांच उपरांत प्राथमिक रूप से 23 आवेदक पात्रता की श्रेणी में पाये गये। मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद से प्राप्त जानकारी के अनुसार तत्संबंध में जिस किसी आम नागरिक अन्य को उक्त सूची में आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में अपनी लिखित आपत्ति मय आवश्यक दस्तावेज के साथ संलग्न कर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के बाद किसी भी प्रकार के आपत्ती शिकायत पंजीबद्ध नहीं किया जायेगा।

### उपेक्षा का शिकार चल रहा कान्हा सरही गेट को मिली राहत

# प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने सफारी टिकिट की बढ़ाई संख्या, पर्यटकों को मिलेगा लाभ

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)**

मंडला जिले की शान और पहचान कान्हा नेशनल पार्क में सफारी के लिए तीन गेट जिसमें खटिया मोचा, सरही, मुक्की बनाए गए हैं। जहां से प्रतिदिन पर्यटक पार्क भ्रमण के लिए प्रवेश करते हैं। लेकिन सरही गेट जो कि बिछिया तहसील मुख्यालय से लगा है लंबे समय से उपेक्षा का शिकार चल रहा था विगत कई वर्षो से इस गेट से पर्यटकों के लिए टिकिट संख्या बढ़ाने की मांग सहित अन्य निर्माण और सुविधा कार्यो की मांग चल रही थी। मामला विधानसभा में भी उठाया जा चुका है। स्थानीय विधायक नारायण सिंह पट्टा ने विधानसभा में भी मुद्दा उठा चुकें हैं वहीं स्थानीय रहवासी धरना प्रदर्शन और मांग पत्र अनेक बार जबावदारों को दें चुकें हैं। लेकिन कोई खास सुधार नही हुआ जिसके चलते लगातार पर्यटकों की संख्या इस गेट से कम हो रही थी और यह गेट और यहां का व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो गया था लेकिन अब लग रहा है कि इस गेट के दिन फिरने वाले हैं। बिछिया मुख्यालय से सरही गेट तक सड़क का निर्माण अंतिम चरण में बताया जा रहा है। तो वहीं टिकिट संख्या भी बढ़ा दी गई है। कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव से कान्हा टाइगर रिजर्व के सरही की पर्यटक प्रवेश टिकिट सरही गेट से ही प्रवेश दिलाने आदेश जारी किया है। इस आदेश में उल्लेखित किया गया है कि सुबह 19 एवं सायं को 17 परमिट प्रवेश करेंगे। सरही गेट वर्ष 2008 में खुला था लेकिन इस गेट से सफारी करने हेतु वाहनों की एंट्री सीमित थी जिस कारण स्थानीय रोजगार में संकट पैदा हो गया था। स्थानीय होटल रिसॉर्ट ड्राइवर जिप्सी संचालक गाइड स्थानीय दुकानें नृतक दल सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले बैगा जनजातियों का समूह महिला समूह आदि से लेकर ग्रामीणों को रोजगार नहीं मिल पा रहा था इसका मुख्य कारण यही था कि इस जोन की सफारी करने वाली सभी जिप्सियों की एंट्री यहां से न होकर कुछ ही जिप्सियों की एंट्री यहां से हो रही थी और पर्यटक भी अन्य गेट से लगे होटलों रिसॉर्ट के रुक रहे थे। वर्ष 1969 में कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के अंदर के कई गांवों को विस्थापित किया गया जिसमें से एक गांव जिसे विस्थापित कर ग्राम भानपुर खेड़ा बसाया गया जो कि ग्राम पंचायत कटंगामाल में आता है और इसी ग्राम पंचायत क्षेत्र से कान्हा का सरही गेट है। ग्राम भानपुर खेड़ा जनजातीय बाहुल्यता वाला ग्राम है यहां बैगा और गोंड जनजाति के लोग निवास करते हैं कान्हा का गेट होने के बावजूद भी यहां स्थानीय रोजगार उपलब्ध नहीं हो पा रहा था जिस कारण लोग अन्य राज्यों में काम की तलाश में पलायन करने को मजबूर थे । वर्तमान में सभी पर्यटक वाहनों की प्रवेश संबंधी आदेश होने से ग्रामीणों को उम्मीद है कि स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। गेट खुलने के बाद लगातार यहां के वाहनों के प्रवेश को लेकर स्थानीय लोग संघर्ष कर रहे थे और पिछले एक दशक से अधिक समय से आवेदन निवेदन का सिलसिला चल रहा था। वर्ष 2022 में वाहनों के प्रवेश संबंधी आदेश होने के बाद उसका पालन नहीं किया जा रहा था इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा मुख्य वन संरक्षक को इस विषय की गंभीरता बताई गई तब जाकर पूरे वाहनों के प्रवेश संबंधी विषय का समाधान हो पाया। इस आदेश के बाद स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त है और अब उनकी उम्मीद रोजगार मिलने के प्रति जाग गई है। बता दें कान्हा टाइगर रिज़र्व का सरही क्षेत्र अपने शांत और भीड़-भाड़ से मुक्त अनुभव के लिए जाना जाता है जहां पर्यटक मिश्रित शुष्क पर्णपाती जंगलों और घास के मैदानों का आनंद लेते हैं। यहां बाघ, तेंदुआ और मृग जैसी प्रजातियों को उनके प्राकृतिक आवास में देखने का मौका मिलता है। यह जोन अपनी शांत और प्राकृतिक सुंदरता के लिए भी प्रसिद्ध है जो एक यादगार सफारी अनुभव प्रदान करता है। कान्हा राष्ट्रीय उद्यान मध्यप्रदेश में सतपुड़ा की मैकाल पर्वतमाला में स्थित है, जो भारत का हृदय स्थल है और मध्य भारतीय उच्चभूमि का निर्माण करता है। इस राष्ट्रीय उद्यान को बाघ अभयारण्य के रूप में लोकप्रिय बनाया जा रहा है और दिलचस्प बात यह है कि इसे दुनिया के सर्वोत्तम वन्यजीव क्षेत्रों में से एक घोषित किया जा रहा है। मंडला और बालाघाट, दो राजस्व जिलों में फैले, कान्हा राष्ट्रीय उद्यान को 1879 में एक आरक्षित वन घोषित किया गया था और 1933 में इसे एक वन्यजीव अभयारण्य के रूप में पुनर्मूल्यांकित किया गया था। 1955 में इसे राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा दिया गया। कान्हा राष्ट्रीय उद्यान मैकाल पर्वत श्रृंखला में 940 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। बफर और कोर ज़ोन को मिलाकर, कान्हा टाइगर रिज़र्व का कुल क्षेत्रफल 1945 वर्ग किलोमीटर है।





## पाँच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता



**मण्डला/मवई (स्वतंत्रमत)**

पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आयोजित पांच दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस सफल आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेल के माध्यम से जोड़ना उनमें अनुशासन और टीम भावना का विकास करना तथा पुलिस और समुदाय के बीच विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में कुल 30 टीमों ने भाग लिया जिनमें स्थानीय स्कूल कॉलेज ग्राम और मोहल्ला स्तर की टीमें शामिल थीं। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में ग्राम मवई और ग्राम धनगांव की टीमों ने कड़ी टक्कर के बीच मुकाबला किया। अंततः ग्राम मवई ने प्रथम स्थान और ग्राम धनगांव ने दूसरा स्थान हासिल किया। समापन समारोह में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, सरपंच, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए गए। साथ ही सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर और उभरता हुआ खिलाड़ी जैसे पुरस्कार भी वितरित किए गए। इस अवसर पर पुलिस द्वारा जनजागरूकता स्टॉल लगाया गया जहां नागरिकों को कानून, साइबर सुरक्षा, और पुलिस सेवा में कैरियर विकल्पों की जानकारी प्रदान की गई।

## माया गुप्ता प्रबंधन समिति सदस्य नियुक्त

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**

मेनब्रांच माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक पुत्री शाला प्रबंधन समिति के गठन के लिए पार्षद को मनोनीत किया गया है। कार्यक्रम प्रारंभ होने के पश्चात शिक्षिकों एवं अभिभावकों के द्वारा अनेक विषयों पर चर्चा की जिसमें स्कूल की कुछ समस्याएं थी जिनके बारे में उन्होंने अवगत कराया विद्यालयों की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करने की दिशा में कदम उठाना न केवल एक जिम्मेदारी है बल्कि यह समाज के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कदम है। जो मुद्दे उठाए हैं वे निश्चित रूप से शिक्षण संस्थाओं की मौजूदा स्थिति को सुधारने में मदद कर सकते हैं। कचरा अड्डे के पास स्कूल होने से विद्यार्थियों और स्टाफ के लिए स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। वहीं शौचालय की कमी भी विद्यार्थियों के लिए असुविधा का कारण बनती है खासकर लड़कियों के लिए जो गंभीर विषय है। पार्षद श्रीमती माया गुप्ता ने बताया कि प्राथमिक स्कूल की बाउंड्री वॉल जर्जर हालत में होना भी सुरक्षा के लिहाज से चिंता का विषय है और इसे जल्द से जल्द सुधारने की आवश्यकता है। तब तक यह एक सकारात्मक बदलाव की ओर अग्रसर होगा साथ ही नए सदस्य जो समिति में शामिल हुए हैं उन्हें सम्मानित करना एक प्रेरणादायक कदम है। यह न केवल उन्हें उत्साहित करता है बल्कि अन्य लोगों को भी सामुदायिक सेवा के लिए प्रेरित करता है।



## दिनदहाड़े 4.50 लाख की चोरी युवक से उड़ा ले गए पैसे

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** शहर में शनिवार को एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। बड़ चौराहा स्थित एक मेडिकल स्टोर के बाहर बाइक से 4 लाख 50 हजार रुपए से भरा बैग अज्ञात चोर उड़ा ले गया। घटना के समय बैग बाइक के हैंडल पर टंगा हुआ था और पीड़ित दवा खरीदने दुकान के अंदर गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित शिवांशु सिंगरौरे निवासी गूढ़ा अंजनिया ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बड़ी मां के साथ बैंक ऑफ महाराष्ट्र गया था। वहां से उसने 30 हजार रुपए निकाले। इसके बाद उसके बड़े पिता कृष्ण कुमार सिंगरौरे ने सहकारी बैंक से 2.50 लाख रुपए और चाचा मनोज कुमार कौशिक ने 2 लाख रुपए निकालकर उसे दिए। कुल मिलाकर 4.50 लाख रुपए नकदी बैग में रखकर वह मेडिकल स्टोर पहुंचा। बताया गया कि शिवांशु ने दवा लेने के लिए बाइक से उतरकर दुकान में प्रवेश किया और बैग हैंडल पर टांग दिया। इस दौरान उसकी एक महिला रिश्तेदार बाइक के पास मौजूद थी। तभी एक अज्ञात युवक आया और बैग उठाकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी शफीक खान ने बताया कि अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे बड़ी रकम लेकर निकलते समय सतर्क रहे।

## जल जीवन मिशन समीक्षा बैठक

**मण्डला(स्वतंत्र मत)**

जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव पी. नरहरि की अध्यक्षता में जबलपुर में संभाग स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जबलपुर और छिंदवाड़ा मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। बैठक में पीएचई के प्रमुख अभियंता संजय कुमार अंधवान, मुख्य अभियंता एच.एस. गोंड, जबलपुर और छिंदवाड़ा मंडल के अधीक्षण यंत्री, जबलपुर कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना, मंडला प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट और अन्य सभी जिलों के कलेक्टर उपस्थित थे। इनके अलावा, कार्यपालन यंत्री, महाप्रबंधक जल निगम, सहायक यंत्री, उपयंत्री और पीएमयू के राज्य प्रमुख भी इस बैठक में शामिल हुए।

## खेल दिवस पर शुचि सम्मानित

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**

जिले की भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी शुचि उपाध्याय को खेल दिवस के अवसर पर महाकौशल शिरोमणि उपाधि से जबलपुर के मानस भवन में सम्मानित किया गया है। महाकौशल समिति द्वारा श्री ध्यानचंद की स्मृति में आयोजित इस सम्मान समारोह में परमवीर चक्र से सम्मानित लेफ्टिनेंट शेखावत,श्री यादव सहित महापौर जगत बहादुर अन्नू भैया ने शुचि उपाध्याय की अनुपस्थिति में उनके पिता सुधीर उपाध्याय को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विदित हो कि शुचि इन दिनों बेंगलौर नेशनल क्रिकेट अकादमी में अभ्यास रत हैं। इसके पूर्व इन्हीं दिनों मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने अपने अवॉर्ड कार्यक्रम में शुचि उपाध्याय को वर्ष 2024- 25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मोमेंटो ब्लेजर से सम्मानित किया है। खेल दिवस के अवसर पर बम्हनी महाविद्यालय शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। शुचि की सफलता पर जिला क्रिकेट संघ अजय मिश्रा, इम्तियाज अली, ललित जोशी, भीषम दिवेदी, ज्ञानेंद्र झा, निशांत झा, शिवांसू तिवारी,बसंत ठाकुर सहित खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाए प्रेषित की है।



## अखाड़ा समिति की कुश्ती प्रतियोगिता

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**

श्री बजरंग व्यायाम शाला अखाड़ा प्रबंधन समिति के द्वारा 29 अगस्त खेल दिवस के अवसर पर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पहलवानों ने बढचढ़ कर हिस्सा लिया सीनियर वर्ग मे विजेता पहलवान संजय सिंधिया एवं उपविजेता पहलवान प्रियांशु सिंधिया, जूनियर वर्ग में विजेता पहलवान आशीष सिंधिया, उपविजेता पहलवान आकाश उईके, सब जूनियर में विजेता पहलवान परमवीर बरमैया, उपविजेता पहलवान शिवा राव रहे। इन सभी पहलवानों को पुरस्कार वितरण कर अतिथिगण पदाधिकारियों एवं श्री बजरंग व्यायाम शाला अखाड़ा प्रबंधन समिति के सदस्यों के द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की। मुख्य अतिथि श्री बजरंग व्यायाम शाला अध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं निर्णायक की भूमिका मे रहे। इस दौरान वाजिद खान, शिवम वाशू सिंधिया, सतीश मरकाम के द्वारा सफलता पूर्वक आयोजन कराया गया।



## राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित हुई फुटबॉल स्पर्धा

### हॉकी के जादूगर मे. ध्यान चंद की पुण्य स्मृति में आयोजन

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)**

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में मनाया गया। नवीन खेल एवं जनकल्याण समिति नैनपुर एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंडला द्वारा इस अवसर पर नगर में फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन या गया। 28 अगस्त को पहला मैच में न्यू स्टार और धनोरा के मध्य खेला गया। जिसमें न्यू स्टार विजेता रही। वही दूसरा मैच समय मिक्स क्लब और न्यू इलेवन के मध्य खेला गया। जिसमें न्यू इलेवन विजेता रही । 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर सेमीफाइनल मैच मंडला और न्यू स्टार के मध्य खेला गया। जिसमे मंडला 3-1 से फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल मैच न्यू इलेवन और केवलारी के मध्य खेला गया। जिसमें न्यू इलेवन ने 6-1 से विजय होकर फाइनल में जगह बनाई । फाइनल मैच के रेफरी पवन नंदा, शिवा नंदा, संदीप ठाकुर, विकाश वरकड़े रहे। फाइनल मैच मंडला और नैनपुर की न्यू इलेवन के मध्य खेला गया । जिसमें भारी कशमश के बीच दोनो टीमो ने फिल्ड में किसी प्रकार का स्कोर नही कर पाई। अंततः ट्राय ब्रेकर से निर्णय लिया गया। ट्राय ब्रेकर में नैनपुर की टीम न्यू इलेवन ने विजयश्री हासिल की। मुख्य अथिति के रूप में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनीष राज, थाना प्रभारी बलदेव सिंह मुजाल्दा, रेलवे चिकित्सा अधिकारी यसवंत बोंथाला, प्रदीप समुद्रे, खेल युवा कल्याण समिति से पंकज उसराठे, पार्षद नितिन ठाकुर, मोहित झारिया, सतेंद्र तिवारी , बबली नारंग, कन्हैया चावला, राजेश शर्मा, राजू विश्वकर्मा, मोंटी पटेल, शामिल रहे।





# प्रेम, भक्ति एवं शक्ति की अनंत ज्योति हैं राधाजी

ललित गर्ग

भाद्रपद शुक्ल पक्ष की अष्टमी का दिन भारतीय संस्कृति में प्रेम, भक्ति, शक्ति और समर्पण का अनोखा पर्व लेकर आता है-यह है राधाष्टमी। इसे राधा रानी का जन्मोत्सव माना जाता है। यह केवल किसी भक्ति की शिखर नारी चरित्र के जन्मोत्सव का पर्व नहीं, बल्कि उस दिव्य शक्ति की अभ्यर्थना है जिसने स्वयं श्रीकृष्ण के जीवन को एक अनूठी ऊंचाई दी। इस दिन भक्त राधा और श्रीकृष्ण की पूजा करते हैं, व्रत रखते हैं और उनकी कृपा से सुख-समृद्धि व सौभाग्य की प्राप्ति की कामना करते हैं। ब्रजभूमि, खासकर बरसाना में इसे बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। राधाजी प्रेम, भक्ति और श्रीकृष्ण के भीतर छिपी शक्ति का प्रतीक हैं; वह प्रेम की पराकाष्ठा, भक्ति की देवी और श्रीकृष्ण की आंतरिक शक्ति के रूप में पूजी जाती हैं। उनका दिव्य प्रेम आध्यात्मिक प्रेम की एक मिसाल है। यदि श्रीकृष्ण लीला, माधुर्य और करुणा के अवतार हैं, तो राधा उस लीला का रस, उस माधुर्य की गहराई और उस करुणा की आत्मा हैं। इसीलिए भारतीय भक्ति परंपरा में कहा गया-राधे बिनु नहीं कृष्ण, कृष्ण बिनु नहीं राधे।

राधा भारतीय संस्कृति में केवल एक स्त्री का नाम नहीं हैं, वे प्रेम की पराकाष्ठा और भक्ति की सर्वोच्च अभिव्यक्ति हैं। उनका प्रेम सांसारिक या देहाधारित नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा का मिलन है। यह प्रेम स्वार्थ और अधिकार से परे है, यह प्रेम केवल समर्पण और तादात्म्य का है। राधा का जीवन त्याग और अनुराग का अद्भुत समन्वय है। उन्होंने कभी अपने लिए कुछ नहीं चाहा, उनका हर भाव, हर श्वास केवल श्रीकृष्ण में रमा रहा। यही कारण है कि भक्त कवियों ने राधा को 'भक्ति-रस की मूर्ति' और 'प्रेम की अधिष्ठात्री देवी' कहा। सूरदास ने लिखा-'प्रेम भया मनु भाव समाना, राधा तन मन कृष्ण बखाना।' अर्थात्, प्रेम ऐसा हो कि हृदय और आत्मा में केवल श्रीकृष्ण का ही वास हो जाए। निश्चित ही राधा और श्रीकृष्ण का संबंध, आत्मा और परमात्मा का अद्भुत एवं विलक्षण संवाद है। सामान्य दृष्टि से देखने पर राधा और श्रीकृष्ण का संबंध केवल प्रेमिका-प्रेमी का प्रतीत हो सकता है, लेकिन इसका वास्तविक अर्थ बहुत गहन है। यह संबंध सांसारिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक है। यह आत्मा और परमात्मा का शाश्वत संवाद है इसलिये है कि इसमें किसी प्रकार का मोह, स्वार्थ या वासना नहीं है।

राधा श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व को पूर्णता प्रदान करती हैं। श्रीकृष्ण लीला के केंद्र हैं, परंतु वह लीला राधा के बिना अधूरी है। इसीलिए भक्त परंपरा में श्रीकृष्ण का नाम लेने से पहले राधा का नाम लिया जाता है, राधे-कृष्ण,श्यामा-श्याम। यह क्रम अपने आप में गहरा दार्शनिक संदेश देता है कि परमात्मा तक पहुँचने का मार्ग राधा जैसे प्रेम और भक्ति से होकर जाता है। राधा केवल श्रीकृष्ण की प्रेयसी नहीं, बल्कि उनकी शक्ति और प्रेरणा हैं। गीता में श्रीकृष्ण ने प्रकृति के दो रूप बताए हैं-अपरा और परा। राधा को 'परा प्रकृति' का स्वरूप माना जाता है, जो जीवन को आध्यात्मिकता की ओर ले जाती है। वे श्रीकृष्ण की लीलाओं की आत्मा हैं, उनकी आराधना का आधार हैं। राधा के प्रेम में कोई अधिकार नहीं, केवल समर्पण है। उनका संदेश है कि सच्चा प्रेम पाने में नहीं, बल्कि देने में है। यही देने की भावना जीवन को ऊँचाई देती है। यह प्रेम केवल मनुष्य और मनुष्य के बीच संबंधों में ही नहीं, बल्कि मनुष्य और ईश्वर के संबंध में भी उतना ही प्रासंगिक है। राधा की भक्ति को सर्वोच्च माना गया है। उनका प्रेम निष्काम है, केवल श्रीकृष्णमय है। उन्होंने अपने अस्तित्व को ही श्रीकृष्ण में विलीन कर दिया। यही कारण है कि चैतन्य महाप्रभु ने राधा की भक्ति को अपनाया और उसी रस में डूबकर कहा-'मैं राधा की भक्ति में श्रीकृष्ण को देखता हूँ और श्रीकृष्ण की भक्ति में राधा को।' सूरदास, रसखान, विद्यापति, मीराबाई-सभी भक्त कवियों ने राधा के माध्यम से ही प्रेम और भक्ति के गहनतम स्वरूप का चित्रण किया। मीराबाई ने जब कहा-मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई-तो उसमें राधा का ही भाव प्रतिध्वनित होता है। आज के समय में जब संबंधों में स्वार्थ, गणना और तात्कालिकता का समावेश बढ़ता जा रहा है, तब राधा का चरित्र हमारे लिए नई रोशनी देता है। सच्चा प्रेम वही है जिसमें समर्पण, विश्वास और त्याग हो। समकालीन जीवन में जहां परिवार और समाज टूटते जा रहे हैं, वहां राधा का संदेश और भी महत्वपूर्ण हो उठता है। उनका जीवन बताता है कि जब तक हम संबंधों को केवल लाभ-हानि की दृष्टि से देखते रहेंगे, तब तक उनमें स्थायित्व नहीं आएगा। स्थायित्व तभी आएगा जब उनमें राधा जैसा समर्पण होगा।




भक्ति के स्तर पर भी राधा हमें प्रेरणा देती हैं। आज धर्म अक्सर कर्मकांड और बाहरी आडंबर तक सीमित होता जा रहा है। राधा हमें सिखाती हैं कि भक्ति हृदय की गहराई में होती है, जहां भक्त और भगवान का भेद मिट जाता है। जब हम राधा की तरह निष्काम होकर ईश्वर में समर्पित हो जाते हैं, तब जीवन की हर कठिनाई तुच्छ लगने लगती है और एक अद्भुत शांति प्राप्त होती है। राधा का जीवन हमें यह स्मरण कराता है कि मनुष्य का परम उद्देश्य केवल भौतिक सुख या उपलब्धि नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा का मिलन है। वे हमें बताती हैं कि भक्ति केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि हृदय की गहराई से ईश्वर के साथ तादात्म्य स्थापित करना है। आज जब मानवता संघर्ष, तनाव और अकेलेपन से गुजर रही है, राधा हमें सिखाती हैं कि सच्चा समाधान प्रेम और समर्पण में है। यदि हम राधा के जीवन से प्रेरणा लें, तो हमारे व्यक्तिगत संबंध, सामाजिक ताना-बाना और आध्यात्मिक जीवन सब में नई ऊर्जा और शांति का संचार हो सकता है।

शास्त्रों में श्री राधा श्रीकृष्ण की शाश्वत शक्तिस्वरूपा एवम् प्राणों की अधिष्ठात्री देवी के रूप में वर्णित हैं अत: राधाजी की पूजा के बिना श्रीकृष्ण की पूजा अधूरी मानी गयी है। श्रीमद देवी भागवत में श्री नारायण ने नारदजी के प्रति 'श्री राधायै स्वाहा' षडाक्षर मंत्र की अति प्राचीन परंपरा तथा विलक्षण महिमा के वर्णन प्रसंग में श्री राधा पूजा की अनिवार्यता का निरूपण करते हुए कहा है कि श्री राधा की पूजा न की जाए तो मनुष्य श्रीकृष्ण की पूजा का अधिकार नहीं रखता। स्वयं भोलेनाथ ऋषि नारदजी के पूछने पर कहते हैं कि मैं तो श्रीराधा के रूप, लावण्य और गुण आदि का वर्णन करने मे अपने को असमर्थ पाता हूं। उनके रूप आदि की महिमा कहने में भी लज्जित हो रहा हूं। तीनों लोकों में कोई भी ऐसा समर्थ नहीं है जो उनके रूपादि का वर्णन करके पार पा सके। उनकी रूपमाधुरी जगत को मोहने वाले श्रीकृष्ण को भी मोहित करने वाली है। यदि अनंत मुख से चाहूं तो भी उनका वर्णन करने की मुझमें क्षमता नहीं है।''

शास्त्रों के अनुसार, राधा के बिना कृष्ण की पूजा भी अधूरी मानी जाती है, इसलिए राधा अष्टमी का महत्व बहुत अधिक है। इस दिन व्रत और पूजा करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और भक्तों को धन, ऐश्वर्य और सुख मिलता है। विवाहित महिलाएं अखंड सौभाग्य और संतान सुख के लिए राधा अष्टमी का व्रत रखती हैं। राधाअष्टमी का पर्व केवल एक जन्मोत्सव नहीं, बल्कि यह हमें यह याद दिलाता है कि सच्चा प्रेम और भक्ति किसे कहते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, राधा रानी का जन्म बरसाना में वृषभानु और कीर्तिदा के घर हुआ था। उन्हें भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य शक्ति माना जाता है। मान्यता है कि जो भक्त राधा रानी को प्रसन्न कर लेते हैं, भगवान श्री कृष्ण स्वयं उनसे प्रसन्न हो जाते हैं। राधा हमें सिखाती हैं कि प्रेम आत्मा की अनुभूति है, जो परमात्मा से जोड़ता है। वे प्रेम की उस ज्योति की प्रतीक हैं, जो न केवल श्रीकृष्ण को आलोकित करती है, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए पथप्रदर्शक बनती है। इसलिए आज के समय में राधा की प्रासंगिकता और भी गहरी हो जाती है। वे हमें जीवन का वह मार्ग दिखाती हैं, जिसमें स्वार्थ नहीं, केवल समर्पण है; जिसमें वासना नहीं, केवल आत्मा और परमात्मा का मिलन है। यही राधा का सच्चा संदेश है और यही राधाष्टमी का वास्तविक महत्व है।

# एस अक्षर से नाम शुरू होने वाले होते हैं जन्मजात नेता, दृढ़ निश्चयी बनाते हैं अपनी राह

अनन्या मिश्रा

अंक ज्योतिष में हर एक अक्षर का एक विशेष प्रभाव और अर्थ होता है। माना जाता है कि किसी भी जातक के नाम का पहला अक्षर उसके व्यक्तित्व, रिश्तों, सोचने के ढंग, करियर और आने वाले समय तक के बारे में जानकारी दे सकता है। यह आध्यात्मिक यात्रा को भी प्रभावित करता है। हर व्यक्ति के नाम का पहला अक्षर उस जातक के बारे में कोई न कोई विशेषता बताता है। ऐसे ही अगर आपका नाम अंग्रेजी के एसअक्षर से शुरू होता है, तो यह जातक दृढ़ निश्चयी और आध्यात्मिक हो सकते हैं।

एस नाम के जातक शांत स्वभाव के लेकिन रणनीतिक हो सकते हैं। यह लोग अपने लिए सफलता के मार्ग खुद ही खोजते हैं। यह जातक हर स्थिति में खुद संभालने की शक्ति रखते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि जिनके नाम का पहला अक्षर एसअक्षर से शुरू होता है, उनका स्वभाव और व्यक्तित्व कैसा हो सकता है।

एस अक्षर का अंकज्योतिष में महत्व

अंक ज्योतिष की मानें, तो एस अक्षर का संबंध अंक 1 से और सूर्य ग्रह से होता है। सूर्य ग्रह आत्मविश्वास, ऊर्जा, नेतृत्व और पहचान का प्रतीक होता है।

ऐसे में इस अक्षर वाले जातक जन्मजात नेता होते हैं। यह कभी भी किसी भी स्थान पर पीछे नहीं हटते हैं। यह अपनी ताकत को पहचानकर आगे बढ़ते हैं।

एस नाम के जातक कभी हार नहीं मानते हैं। यह जातक हमेशा आगे बढ़ने के बारे में सोचते हैं। इन जातकों में शनि की गवर्निंग एनर्जी होती है और इनमें एक खासियत होती है कि यह जातक जल्दी किसी को धोखा नहीं देते हैं।

एस अक्षर के लोगों का स्वभाव

जिन लोगों का नाम एससे शुरू होता है, वह लोग देखने में शांत और गंभीर लगते हैं। लेकिन अंदर से यह रणनीतिक और सोच-समझकर चलने वाले होते हैं। यह बिना बात बोले मन में अपनी योजना को पक्का कर लेते हैं और सही समय पर उस योजना पर अमल करते हैं।





एस नाम के जातक स्वभाव और भावनात्मक रूप से मजबूत होते हैं। इन जातकों को किसी के सामने अपनी कमजोरी दिखाना नहीं पसंद होता है। इन लोगों के लिए आत्मसम्मान बहुत जरूरी होता है। यह लोग अपने आत्मसम्मान के लिए दूसरों से लड़ जाते हैं। इन जातकों को दबाव में आकर निर्णय लेना पसंद नहीं होता है। यह लोग दबाव में आकर कभी गलत फैसला नहीं लेते हैं।

### सेल्फ मेड और अनुशासित

इस अक्षर के लोग सेल्फ मेड होते हैं। यह सफलता के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं होते हैं। बल्कि अपनी मेहनत और लगन से आगे बढ़ते हैं। एस नाम के लोग आमतौर पर मीडिया, बिजनेस, लेखन और प्रशासनिक सेवाओं में अच्छा प्रदर्शन करते हैं। यह जातक मेहनत करने से पीछे नहीं हटते हैं और इनमें अनुशासन कूट-कूट कर भरा होता है। इन लोगों को अगर सही दिशा और मार्गदशर्न मिलता है, तो यह किसी भी क्षेत्र में ऊपर पहुंच सकते हैं।

### प्यार और रिश्ते के मामले में

एस अक्षर के नाम वाले लोग अपने रिश्तों को लेकर काफी जिम्मेदार और गंभीर होते हैं। यह लोग प्यार में वफादार होते हैं। लेकिन जब तक इन्हें सामने वाले पर भरोसा नहीं होता, तब तक यह अपने दिल की बात नहीं कहते हैं। यह लोग अपने साथी की भावनाओं को आसानी से समझ लेते हैं और रिश्तों में सैक्रिफाइस भी करना जानते हैं।

एस नाम के लोग प्यार के मामले में दिखावा नहीं करते हैं। यह दिल की गहराई से रिश्ते में जुड़ना पसंद करते हैं। अगर किसी कारण से इनका रिश्ता टूट जाता है, तो फिर यह किसी को जल्दी दिल नहीं देते हैं।

### भगवान शिव को होते हैं प्रिय

जिन लोगों का नाम एससे शुरू होता है, वह भगवान शिव को अधिक प्रिय और समर्पित प्रकृति वाले होते हैं। इन जातकों के पास बहुत धन होता है, लेकिन इन लोगों को दूसरों से ज्यादा अपनापन नहीं मिल पाता है। एस नाम के लोग हमेशा समूह में रहना पसंद करते हैं। दो-चार लोगों हमेशा इनके आसपास मिलते हैं। दूसरों से काम करवाने की कला इनमें मिलती है।

# प्रकृति, इतिहास और आध्यात्म का अद्भुत संगम है शिवपुरी

प्रीटी


शिवपुरी मध्य प्रदेश का एक सुरम्य और ऐतिहासिक नगर है, जो अपनी हरियाली, प्राचीन स्मारकों, राजसी विरासत और धार्मिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। यह नगर एक समय में सिंधिया राजवंश की ग्रीष्मकालीन राजधानी रहा है और आज यह पर्यटकों के लिए एक शांत, सुंदर और विविध अनुभव प्रदान करता है।

### शिवपुरी का ऐतिहासिक परिचय

शिवपुरी का नाम भगवान शिव के नाम पर पड़ा है। यह नगर कभी नरवर रियासत का हिस्सा था और बाद में ग्वालियर राज्य के अधीन आ गया। सिंधिया राजवंश ने यहाँ कई महलों, उद्यानों और स्मारकों का निर्माण करवाया, जो आज भी उसकी राजसी भव्यता की गवाही देते हैं।

### शिवपुरी के प्रमुख दर्शनीय स्थल

**1. माधव राष्ट्रीय उद्यान**- शिवपुरी का सबसे प्रसिद्ध स्थल। यह राष्ट्रीय उद्यान कभी सिंधिया राजाओं का शिकार क्षेत्र हुआ करता था। अब यह बाघ, तेंदुआ, चीतल, सांभर, नीलगाय, मगरमच्छ, और अनेक पक्षियों का निवास स्थान है। यह प्रकृति प्रेमियों और वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर्स के लिए स्वर्ग है।



**2. सिंधिया की छतरियाँ** - सिंधिया राजाओं और रानियों की याद में बने ये संगमरमर के स्मारक भारतीय और मुगल वास्तुकला के सुंदर मिश्रण का उदाहरण हैं। यहाँ की कलाकृति, मेहराबें और जालीदार खिड़कियाँ देखने योग्य हैं।

**3. माधव विलास महल**- यह एक भव्य शाही महल है, जहाँ सिंधिया परिवार गर्मियों में रहा करता था। ऊँचाई पर स्थित यह महल अपने बगीचों, झरोखों और शाही वातावरण के लिए प्रसिद्ध है।

**4. सागर तालाब और भदैया कुंड**-शिवपुरी के यह जल स्रोत प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ स्थानीय लोगों की आस्था से भी जुड़े हुए हैं। यहाँ बैठकर आप शांति का अनुभव कर सकते हैं।

**5. नरवर किला**- शिवपुरी से लगभग 40 किमी दूर स्थित यह प्राचीन किला 10वीं शताब्दी में बना था और चंदेल, परमार, तोमर, और मुगलों के अधीन रहा। किले से आसपास का मनोरम दृश्य दिखाई देता है।

### धार्मिक स्थल

सिद्धेश्वर महादेव मंदिर-एक प्राचीन शिव मंदिर जो स्थानीय श्रद्धालुओं के बीच अत्यंत पूजनीय है।

छत्री मंदिर परिसर- यहाँ भगवान विष्णु और अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियाँ स्थापत्य कला का अनोखा उदाहरण हैं।

# ये चीजें बना रही हैं हार्ट अटैक का शिकार

अधिकतर लोगों का मानना होता है कि सिर्फ ज्यादा तेल खाने से दिल की बीमारियों और हार्ट अटैक का खतरा होता है। लेकिन आप गलत हैं। क्योंकि नमक, मांस, चीनी और शुगरी ड्रिंक्स का सेवन करने से भी हार्ट डिजीज का खतरा दोगुनी रफ्तार से बढ़ता है। हार्ट स्पेशलिस्ट इन चीजों का सेवन न करने की सलाह देते हैं। वहीं ज्यादातर लोग इन चीजों को बड़े शौक से खाते हैं। हार्ट डिजीज से बचने आपको इन्हें फौरन छोड़ देना चाहिए।

**फ्रेंच फ्राइज और तला हुआ खाना**- फ्रेंच फ्राइज खाने से दिल के रोगों का खतरा बढ़ता है। करीब 100 ग्राम तली हुई फ्रेंच फ्राइज में 8 ग्राम ट्रांस फैट होता है। ट्रांस फैट खून में कोलेस्ट्रॉल बढ़ाता है, जिससे हार्ट डिजीज और हार्ट अटैक का खतरा बढ़ता है। ज्यादा टेम्प्रेचर पर तली हुई चीजों को खाने से ज्यादा ट्रांस फैट शरीर में जाता है, जो दिल के रोगों का बड़ा कारण बनता है।

**रेड और प्रोसेस्ड मीट**- कीमा, स्टेक और बेकन जैसी चीजों का सेवन करना दिल की सेहत के लिए हानिकारक होता है। इसमें अमीनो एसिड मौजूद होता है, जोकि आंतों के बैक्टीरिया को प्रभावित करते हैं। इससे कोलेस्ट्रॉल और हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ता है।

**सफेद ब्रेड और नमक**- सफेद ब्रेड में हाई कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है और इसका सेवन करने से हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ता है। इसमें पाया जाने वाला हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स ब्लड शुगर तेजी से बढ़ाता है, जोकि हार्ट अटैक के शुरूआती कारणों में से एक माना जाता है। ज्यादा नमक ब्लड वेसल्स को नुकसान और ब्लॉकेज कर सकता है। इसलिए एक दिन में 5 ग्राम से ज्यादा नमक का सेवन नहीं करना चाहिए।


**पिज्जा और कॉर्नफ्लेक्स**- वहीं पिज्जा के एक टुकड़े में करीब 10 ग्राम फैट होता है। जिसमें से 4.4 ग्राम सैचुरेटेड फैट होता है। इनमें शुगर और फास्ट कार्बोहाइड्रेट होता है। जिससे इंसुलिन लेवल अचानक बढ़ जाता है। इन चीजों का सेवन करने से ब्लड वेसेल्स पर बुरा असर पड़ता है।

**इंस्टेंट सूप**- प्रोसेस्ड फूड की तरह ही इंस्टेंट सूप में भी बहुत ज्यादा नमक होता है। जोकि हार्ट डिजीज और हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ाता है। कुछ लोग सप्ताह में कई बार इंस्टेंट सूप का सेवन करते हैं। इससे इन लोगों में कार्डियोमेटाबोलिक सिंड्रोम का खतरा करीब दोगुना होता है।

**एनर्जी ड्रिंक्स**- 100 मिलीलीटर एनर्जी ड्रिंक में करीब 30 मिलीग्राम कैफीन होता है। यानी300 मिलीलीटर पीने से 90 मिलीग्राम कैफीन हमारे शरीर में जाता है। जो करीब 4 एस्प्रेसो कॉफी के बराबर होता है। इसी मात्रा में कैफीन से टैकीकार्डियो यानी की धड़कन तेज हो सकती है। वहीं दिल की समस्या वाले लोगों को इन ड्रिंक्स का सेवन नहीं करना चाहिए।

# गॉलस्टोन के इन लक्षणों को भूलकर भी न करें नजरअंदाज, वरना बढ़ सकती है परेशानी

गॉलस्टोन यानी की पित्त की पथरी या फिर पित्ताशय की पथरी से पेट में तेज दर्द होता है। यह कोई छोटी समस्या नहीं बल्कि एक गंभीर समस्या है। जिसका इलाज सिर्फ सर्जरी से होता है। एक अध्ययन के मुताबिक दुनिया में करीब 6 प्रतिशत आबादी गॉलस्टोन की समस्या से पीड़ित है। आमतौर पर महिलाओं में पित्त की पथरी की समस्या देखी जाती है। खराब लाइफस्टाइल और गलत खानपान की आदतों की वजह से यह समस्या लगातार बढ़ रही है। वहीं चिंता की बात यह है कि लोग अक्सर इस समस्या को नजरअंदाज करने की गलती कर देते हैं। जिस कारण यह बिना लक्षणों के समय के साथ गंभीर होता चला जाता है। वहीं सही समय पर गॉलस्टोन के बारे में जानकारी और इसके लक्षणों के बारे में पता लगाकर इस समस्या को गंभीर होने से बचाया जा सकता है और सही इलाज कराने में भी मदद मिल सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पित्त की पथरी के लक्षणों के बारे में बताने जा रहे हैं।




### जानिए क्या गॉलस्टोन

पेट के दाईं ओर लिवर के नीचे गॉलब्लैडर स्थित होता है। इसमें बाईल जूस इकट्ठा होता है, जोकि छोटी आंत में जाकर पाचन क्रिया में सहायता करता है। यह बाइल जूस कठोर होकर छोटे-छोटे टुकड़ों के रूप में बाईल डक्ट या गॉलब्लैडर में एकत्रित हो जाता है। तो इसको गॉलस्टोन कहा जाता है।

### किसको ज्यादा खतरा

गॉलस्टोन की समस्या किसी को भी हो सकती है। लेकिन इसका खतरा महिलाओं और अधिक वजन वाले लोगों में ज्यादा होता है। वहीं बढ़ती उम्र के साथ इसका जोखिम बढ़ता चला जाता है।

### धीरे-धीरे इकट्ठा होते हैं पत्थर

गॉलस्टोन के साथ मुख्य समस्या यह है कि यह समय के साथ धीरे-धीरे बढ़ते जाते हैं। क्योंकि इनके ऊपर बाईल इकट्ठा होता रहता है। यह इतने बड़े हो सकते हैं कि बाइल के छोटी आंत में पहुंचने में रुकावट पैदा करने लगे। बता दें कि अगर बाईल डक्ट में फंस जाते हैं, जो व्यक्ति को अलग परेशानियां हो सकती हैं। इस स्थिति में लिवर, पैन्क्रिया और गॉलब्लैडर के काम पर असर पड़ता है।

### इनके नुकसान

इसके कारण सूजन या फिर खून में बाईल का रिसाव हो सकता है। जिसकी वजह से पीलिया और हेपेटाइटिस जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इसलिए इसकी गंभीर स्थिति को होने से रोकने के लिए फौकन उपाय करना जरूरी हो जाता है। जब गॉलस्टोन बड़े हो जाते हैं, तो दैनिक जीवन को प्रभावित करने लगते हैं। आमतौर पर गॉलब्लैडर को काटकर निकालना पड़ता है। यह प्रोसेस एक लैप्रोस्कोप की सहायता से कोलेसिस्टेक्टोमी द्वारा की जाती है।

**लक्षण**- इसके लक्षणों बुखार, दिल की धड़कन बढ़ना, त्वचा और आंखों में पीलापन, पसीना आना, पेट में सूजन या नरम महसूस होना, मूत्र का रंग गहरा हो जाना, मल का मिट्टी के रंग का हो जाना आदि शामिल है। हालांकि गॉलस्टोन के तब तक कोई लक्षण नहीं होते हैं, जब तक वह अटककर बाधा नहीं डालते हैं। ऐसे मामलों में मरीजों को गॉलब्लैडर अटैक हो सकता है। इनके ऊपरी पेट में अचानक से तेज व गंभीर दर्द होता है। जोकि मिनटों से लेकर लक्षणों तक रह सकते हैं। ऐसे में अगर लंबे समय तक अवरोध बना रहता है, तो यह मरीजों को महसूस हो सकता है।

# वहां चोट करो जहां सबसे ज्यादा दर्द हो

## मोदी के पहुंचते ही जापान ने ट्रंप से तोड़ दी 550 अरब डॉलर की डील!

टोक्यो

पीएम मोदी के जापान दौरे के बीच ट्रंप को लगा बड़ा झटका। जापान ने अमेरिका के साथ अरबों की डील पटल दी। ट्रंप की चाल अब उल्टी पड़ती नजर आ रही है। दरअसल, जापान पहुंचते ही पीएम मोदी का धमाकेदार स्वागत हुआ। लेकिन इसी बीच भारत को नुकसान पहुंचाने वाले ट्रंप को जापान ने तगड़ा झटका दे दिया। ये कोई छोटा मोटा झटका नहीं बल्कि 45 लाख 92 हजार 500 करोड़ रुपए की डील से जुड़ा है। 550 अरब डॉलर के मेगा निवेश समझौते की प्रक्रिया को अचानक रोक दिया गया। दरअसल जापान के कारोबार सलाहकार रयोसेई इस डील को फाइनल करने के लिए अमेरिका जाने वाले थे लेकिन उन्होंने आखिरी मिनट में ये दौरा रद्द कर दिया।

गौर करने वाली बात ये है कि उन्होंने ये दौरा पीएम मोदी के जापान पहुंचने के बीच रद्द किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत कई देशों पर आयात टैरिफ बढ़ाए हैं। जिसमें जापान भी शामिल है। जापान पर पहले 25 फीसदी का सामान्य टैरिफ लगाया गया था। जो विशेष रूप से ऑटोमोबाइल और ऑटोपार्ट जैसे प्रमुख निर्यात क्षेत्रों को प्रभावित कर रहा था। जुलाई 2025 में जापान और अमेरिका ने एक व्यापार समझौते पर सहमति जताई जिसमें जापान के आयात टैरिफ को 25 फीसदी से घटाकर 15 फीसदी करने का वादा किया गया। इसके एवज में जापान ने अमेरिका में 550 अरब डॉलर का निवेश पैकेज देने का प्रस्ताव रखा।

जापान का कहना है कि ये निवेश तभी किया जाएगा। जब वो जापान के हितों को लाभ पहुंचाएगा। दोनों पक्षों के बीच मतभेद है। जापान चाहता है कि निवेश से दोनों देशों को बराबर लाभ हो। लेकिन ट्रंप तो ऐसा कतई नहीं चाहते और उन्हें तो बस अपना लाभ ही दिखता है। 550 अरब डॉलर की डील रुकने का एक बड़ा कारण जापानी चावल भी है। जापान और अमेरिका के बीच समझौते की प्रक्रिया मई से ही चल रही थी। अब मुद्दा ये है कि डोनाल्ड ट्रंप हमेशा की तरह ही अपनी शर्तों पर निवेश चाहते हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ये लिख दिया था कि जापान ने अमेरिका के लिए अपना एग्रीकल्चर सेक्टर खोल दिया है। मामला सीधा चावल से जुड़ा था। जापानी किसान कभी नहीं चाहते कि अमेरिका का चावल जापानी बाजारों में आए। इसे लेकर पहले भी विरोध हो चुका है। दशकों से यहां अमेरिकी चावल का विरोध होता रहा है। उन्हें ये लगता है कि सस्ता चावल किसानों के बाजार को खत्म कर देगा। जापानी लोग स्टिकी राइस खाते हैं और वो इसे पौष्टिक मानते हैं।





# अमेरिका की ओर से भारी आयात शुल्क के बावजूद तेज विकास जारी रखेगा भारतः सान्याल

नयी दिल्ली, (वार्ता)

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने शनिवार को कहा कि अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क और अन्य वैश्विक कारकों से देश की अर्थव्यवस्था के लिए कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन कारोबार की आसानी को बढ़ावा देने वाले आर्थिक सुधारों से भविष्य में भी भारत तेजी से विकास करता रहेगा। श्री सान्याल ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर उम्मीद से बेहतर रहने पर यूनीवार्ता से बात करते हुये कहा, 2025-26 की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत जीडीपी विकास अनुमान से पता चलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में मजबूत गति बनाये रखेगी।उन्होंने कहा कि अमेरिकी आयात शुल्क और वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल से निश्चित रूप से भविष्य में भारत कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, कम मुद्रास्फीति, व्यापार संतुलन में मजबूत स्थिति और वित्तीय प्रणाली में पर्याप्त पूंजी के साथ नीति-निर्माताओं के पास नीतियों में उचित मिश्रण का समावेश कर किसी भी बाहरी झटके से निपटने के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। उन्होंने कहा, हमें भविष्य में विकास बनाये रखने के लिए कारोबार को आसान बनाने वाले आर्थिक सुधारों पर जोर देना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि हम विचलित न हों।



राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वार 29 अगस्त को जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में देश की जीडीपी विकास दर बढ़कर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गयी। वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यह 6.5 प्रतिशत रही थी। इसमें कृषि और सेवा क्षेत्र का योगदान महत्वपूर्ण रहा। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जिन क्षेत्रों में बड़ी वृद्धि दर्ज की गयी उनमें कृषि, पशुपालन, वानिकी एवं मत्स्य पालन की विकास दर 3.7 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले यह 1.5 प्रतिशत रही थी। वित्त, रियल एस्टेट एवं पेशेवर सेवाओं की विकास दर 6.6 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गयी। व्यापार, होटल, परिवहन, संचार एवं प्रसारण से संबंधित सेवाओं की वृद्धि दर एक साल पहले की 5.4 प्रतिशत मुकाबले 8.6 प्रतिशत रही। इसके अलावा, पहली तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर 7.7 प्रतिशत रही जो पिछले साल समान तिमाही में 7.6 प्रतिशत पर थी। लोक प्रशासन, रक्षा एवं अन्य सेवाओं की विकास दर 9.0 प्रतिशत से बढ़कर 9.8 प्रतिशत पर पहुंच गयी। बिजली, गैस, जलापूर्ति एवं अन्य यूटिलिटी सेवाओं की विकास दर में बड़ी गिरावट देखी गयी और यह 0.5 प्रतिशत पर आ गयी। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 10.2 प्रतिशत रही थी। खनन क्षेत्र की विकास दर शून्य से 3.1 प्रतिशत नीचे रही यानि इस क्षेत्र में गतिविधियों में गिरावट रही।

# एसआई भर्ती परीक्षा रद्द होने पर भाजपा का दोहरा चरित्र आया सामने : गहलोत

यपुर (वार्ता)

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा-2021 पर उच्च न्यायालय के फैसले ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दोहरे चरित्र को जनता के सामने ला दिया है। श्री गहलोत ने शनिवार को यहां अपने बयान में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता में तो इस परीक्षा को लेकर अलग बातें करती है परन्तु अदालत में इस परीक्षा को रद्द न करने के लिए प्रयास करती रही। पूरे देश में बेरोजगारी से ऐसा माहौल बन गया कि तमाम राज्यों एवं केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं सामने आती रहती हैं। आर्मी, ज्यूडिशियरी एवं मेडिकल की नीट परीक्षा तक के पेपर लीक हुए जिसके कारण देशभर में विवाद हुए। उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र, पंजाब, पश्चिमबंगाल समेत अनेक राज्यों में 50 से ज्यादा पेपर लीक की घटनाएं हुईं। राजस्थान भी इससे अछूता नहीं रहा परन्तु जैसे सख्त कदम राजस्थान में उठाए गए वो देशभर में एक मिसाल बने।



उन्होंने कहा कि देश में पेपर लीक के खिलाफ पहले 10 साल, फिर इसे बढ़ाकर उम्रकैद तक की सजा एवं 10 करोड़ रुपये जुर्माना, दोषियों की संपत्ति कुर्क जैसा कठोर कानून सबसे पहले राजस्थान में पिछली कांग्रेस सरकार ने ही बनाया था। इस कानून के बाद ही केन्द्र सरकार ने कानून बनाया पर सजा का प्रावधान कम रखा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में कांग्रेस सरकार ने पूर्व आईपीएस एवं आरपीएससी चेयरमैन रहे श्री महेन्द्र कुमावत की अध्यक्षता में कमिटी बनाई जिसने परीक्षा प्रक्रिया को बेहतर करने के लिए सुझाव दिए जिनके आधार पर परीक्षा प्रणाली में सुधार किए गए। हमारी सरकार के दौरान पेपर लीक, नकल आदि पर कार्रवाई के लिए में एंटी चीटिंग सेल का गठन किया गया था जिसने ऐसे कृत्यों में लिप्त सैकड़ों लोगों को जेल में बन्द किया। श्री गहलोत ने कहा कि हमारी सरकार के दौरान जिस परीक्षा में गड़बड़ी सामने आई, उसके अपराधियों को गिरफ्तार किया गया एवं परीक्षा को रद्द किया गया। आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा को भी कांग्रेस सरकार के दौरान पद पर रहते हुए गिरफ्तार किया गया जिससे एक संदेश दिया जा सके कि आरोपी किसी भी स्तर का व्यक्ति हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय रीट परीक्षा लेवल की परीक्षा में अनियमितताएं सामने आईं थी जिसे सरकार ने रद्द कर समयबद्ध तरीके से पुनः परीक्षा आयोजित करवाई तथा पदों की संख्या को 32 हजार से बढ़ाकर 50 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी दी थी। तब एसओजी ने बताया था कि कुछ 70-80 लोगों तक पेपर पहुंचा पर हमने विश्वास बहाल रखने के लिए सख्त कदम उठाए।

# नकली दवाओं का हब बन गया है भारतः सुमन

**आगरा (वार्ता)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन ने शनिवार को कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में भारत दुनिया में नकली दवाओं के हब के रुप में उभर रहा है। सुमन ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में 17 लाख करोड़ का अवैध कारोबार हो रहा है। हिंदुस्तान में भी कारोबार हो रहा है और नकली दवाओं का हब बन गया है। राज्य सभा में सवाल पूछा तो जवाब मिला कि 2019 से 2025 तक 574233 दवाओं के नमूने लिए गए थे। सिर्फ 16839 नमूने ही गुणवत्ता पूर्ण थे। उन्होने कहा कि 1940 में अंग्रेजों के जमाने में नकली दवाओं का एक्ट बना था। 2023 में इस एक्ट में संशोधन हुआ। संशोधन होने के बाद उम्मीद थी कि कुछ दबाव बनेगा लेकिन असर देखने को नहीं मिला। ये कारोबार इसलिए फल फूल रहा है क्योंकि कई दवा कंपनी भाजपा को चंदा देतीं हैं। पूरे देश में जितना अवैध कारोबार हो रहा है उसको सरकारी संरक्षण है।

# थारू जनजाति के सशक्तिकरण पर योगी सरकार का फोकस

लखनऊ, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश सरकार राज्य की थारू जनजाति के सशक्तिकरण और उनकी आजीविका सुधार के लिए ठोस कदम उठा रही है। सरकार का फोकस यह सुनिश्चित करना है कि वनवासी और विशेष जनजातियां मुख्यधारा से जुड़कर न केवल सामाजिक रूप से सशक्त हों बल्कि आर्थिक रूप से भी आत्मनिर्भर बन सकें। इसी दिशा में प्रदेश के तीन जिलों में थारू जनजाति के कुल 371 समूह गठित किए गए हैं। यही नहीं, प्रदेश सरकार ने इन समूहों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विशेष योजना बनाई है। प्रत्येक समूह को 30 हजार रुपए का रिवॉल्विंग फंड और 1.5 लाख रुपए का कम्युनिटी इंवेस्टमेंट फंड (सीआईएफ) दिया गया है। इस वित्तीय सहयोग से समूहों को आत्मनिर्भर बनाने, छोटे उद्योगों की शुरुआत करने और आजीविका सुधार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। थारू समुदाय की पारंपरिक कला और हस्तशिल्प को राष्ट्रीय एवं वैश्विक मंच देने के लिए लखीमपुर खीरी के पलिया ब्लॉक में थारू हस्तशिल्प कंपनी की स्थापना की गई है। इसका उद्देश्य थारू शिल्पकारों की पारंपरिक कला को संगठित करना, उन्हें बेहतर बाजार उपलब्ध कराना और उत्पादों को ब्रांडिंग व मार्केटिंग के जरिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। सरकार का मानना है कि थारू समुदाय के पास प्राकृतिक संसाधनों और हस्तशिल्प की गहरी परंपरा है। इनकी कला और उत्पाद बाजार में उच्च मांग रखते हैं। लेकिन अब तक यह समुदाय संगठित नहीं था, जिस कारण इन्हें उचित मूल्य और मंच नहीं मिल पाता था। नई पहल से न केवल स्थानीय शिल्पकारों को रोजगार के अवसर मिलेंगे बल्कि उनकी आय में भी सतत वृद्धि होगी।

# पूर्वी अफगानिस्तान में बारिश-बाढ़ से पांच लोगों की मौत, आठ घायल

**काबुल,(वार्ता)।** पूर्वी अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत में भारी बारिश और बाढ़ से पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि अन्य आठ लोग घायल हो गए। यह जानकारी सरकारी समाचार एजेंसी बख्तर ने शनिवार को दी। प्रांतीय सूचना एवं संस्कृति निदेशक मावलवी सेदिकुल्लाह कुरैशी के हवाले से सरकारी समाचार एजेंसी ने कहा कि शुक्रवार को रोडात, हस्का मीना और चपरहार जिलों में आई बाढ़ से पांच लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य आठ लोग घायल हो गए। एजेंसी ने अधिकारियों के हवाले से कहा कि बाढ़ के कारण हजारों एकड़ कृषि भूमि, जगह-जगह सड़कों के कुछ हिस्से और कई नहरें के बंध भी टूट गये हैं।गौरतलब है कि कुछ सप्ताह पहले पूर्वी लोगार और परवान प्रांतों में भी अचानक बाढ़ आने से जनहानि और काफी संपत्ति का नुकसान हुआ था।

# 'इस्तेमाली' पार्टी है भाजपा, किसी की सगी नहीं हो सकती- अखिलेश

लखनऊ (वार्ता)

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 'इस्तेमाली' पार्टी की संज्ञा देते हुये आरोप लगाया कि सांप्रदायिक राजनीति की घुट्टी पिलाने वाली भाजपा किसी की सगी नहीं है।

श्री यादव ने शनिवार को एक्स पर खाद की लाइन में लगे लोगों का वीडियो साझा करते हुये लिखा ये वीडियो भाजपा के उन कार्यकर्ताओं और समर्थकों को देखकर अपने ऊपर शर्मिंदा होना चाहिए, जो भाजपा राज में 'अमृतकाल' की बात कर रहे हैं। दरअसल भाजपा अपने भोले भाले समर्थकों के भोलेपन का भी



दुरुपयोग, अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए, दुष्प्रचार के लिए करती है। उन्होने कहा वो पढ़े-लिखे लोग भी एक बार दिल पर हाथ रखकर सोचें कि साम्प्रदायिक राजनीति की घुट्टी पिलाकर भाजपा और उनके संगी-साथियों ने किस तरह उनके ज्ञान और विवेक को बंधक बना लिया है। भाजपा ऐसे लोगों को भी अपने झूठ के प्रचार की खेती में, नफ़रती व्हाट्सएप मैसेज और मिथ्या-संदेशों को आगे बढ़ाने के लिए खाद की तरह इस्तेमाल करती है।

सपा अध्यक्ष ने कहा सबसे पहले तो भाजपाई ही ये याद रखें कि 'भाजपा किसी की सगी नहीं है' और भाजपा 'इस्तेमाली' पार्टी है। भाजपा एक दिन उनको भी इस्तेमाल करके छोड़ देगी, तब वो कहीं के नहीं रहेंगे। भाजपा का साज़िशन फ़ार्मूला ही है 'पहले इस्तेमाल करें, फिर बर्बाद करें। भाजपा जाए तो खाद आए। किसान कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार में व्यस्त सपा अध्यक्ष शनिवार को इंडिया गठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा में शामिल होने बिहार के दौरे पर हैं।

## चीन से सतर्क रहने की जरुरतर : अखिलेश

अमेरिका की टैरिफ नीति के बाद भारत की चीन के साथ बढ़ती नजदीकी पर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सलाह दी है कि चीन से केंद्र की भाजपा सरकार को 24 घण्टे सतर्क रहने की जरूरत है। द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है। शनिवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर उन्होने कहा जापान से संबंध बनाएं और वहाँ जा रहे हैं तो क्योटो भी होकर आएं। लेकिन जो चीन हमारे देश की भूमि और बाज़ार हड़प रहा है, उससे चौबीसों घंटे सतर्क रहें। विदेश नीति वैश्विक शांति और वैकासिक साझेदारी को बढ़ावा दे तो अच्छा है, टकराहट को नहीं। कोई भी वैदेशिक समझौता देश की सुरक्षा और समृद्धि से समझौता नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि जापान दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान के पीएम शिगेरु इशिबा के साथ द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 13 अहम समझौते किये हैं। इनमें दोनों देशों ने रक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद से जंग, एआई, सेमी कंडक्टर समेत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में साझेदारी के 13 समझौते किए हैं।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# जिंदगी के हर फलसफे पर गीत लिखने में माहिर थे शैलेन्द्र

जिंदगी के हर फलसफे और जीवन के हर रंग पर गीत लिखने वाले शैलेन्द्र के गीतों में हर मनुष्य स्वंय को ऐसे समाहित सा महसूस करता है जैसे वह गीत उसी के लिए लिखा गया हो। पश्चिमी पंजाब के रावलपिन्डी शहर अब पाकिस्तान में 30 अगस्त 1923 को जन्में शंकर दास केसरीलाल उर्फ शैलेन्द्र अपने भाइयों मे सबसे बड़े थे। उनके बचपन में ही उनका परिवार रावलपिंडी छोड़कर मथुरा चला आया। जहां उनकी माता पार्वती देवी की मौत से उन्हें गहरा सदमा पहुंचा और उनका ईश्वर पर से सदा के लिये विश्वास उठ गया।अपने परिवार की घिसीपिटी परंपरा को निभाते हुये शैलेन्द्र ने वर्ष 1947 में अपने कैरियर की शुरूआत मुंबई में रेलवे में नौकरी से की।उनका मानना था कि सरकारी नौकरी करने से उनका भविष्य सुरक्षित रहेगा। इस समय स्वतंत्रता संग्राम अपने चरम पर था।रेलवे की नौकरी उनके स्वभाव के अनुकूल नहीं थी। ऑफिस में अपने काम के समय भी वह अपना ज्यादातर समय कविता लिखने मे हीं बिताया करते थे जिसके कारण उनके अधिकारी उनसे नाराज रहते थे। इस बीच शैलेन्द्र देश की आजादी की लड़ाई से जुड़ गये और अपनी कविता के जरिये वह लोगों मे जागृति पैदा करने लगे। उन दिनों उनकी कविता जलता है पंजाब काफी सुर्खियों मे आ गयी थी। शैलेन्द्र कई समारोह में यह कविता सुनाया करते थे।गीतकार के रूप में शैलेन्द्र ने अपना पहला गीत वर्ष 1949 में प्रदर्शित राजकपूर की फिल्म बरसात के लिये बरसात में तुमसे मिले हम सजन लिखा था। इसे संयोग हीं कहा जायेगा कि फिल्म बरसात से हीं बतौर संगीतकार शंकर-जयकिशन ने अपने कैरियर की शुरूआत की थी। इसके बाद शैलेन्द्र .राजकपूर के चहेते गीतकार बन गये। शैलेन्द्र और राजकपूर की जोड़ी ने कई फिल्में एक साथ की। इन फिल्मों में आवारा,आह,श्री 420,चोरी चोरी,अनाड़ी,जिस देश में गंगा बहती है, संगम,तीसरी कसम, एराउंड द वर्ल्ड,दीवाना, सपनों का सौदागर और मेरा नाम जोकर जैसी कई फिल्में शामिल है। राजकपूर के साथ शैलेन्द्र की मुलाकात एक कवि सम्मेलन के दौरान हुयी थी। राजकपूर को शैलेन्द्र के गाने का अंदाज बहुत भाया और उन्हें उसमें भारतीय सिनेमा का एक उभरता हुआ सितारा दिखाई दिया। राजकूपर ने शैलेन्द्र से अपनी फिल्मों के लिए गीत लिखने की इच्छा जाहिर की, लेकिन शैलेन्द्र को यह बात रास नही आयी और उन्होंने उनकी पेशकश ठुकरा दी । लेकिन बाद मे घर की कुछ जिम्मेदारियों के कारण उन्होंने राजकपूर से दोबारा संपर्क किया और अपनी शर्तो पर हीं राजकपूर के साथ काम करना स्वीकार कर लिया।राजकपूर के अलावा शैलेन्द्र की जोड़ी निर्माता-निर्देशक विमल राय के साथ भी खूब जमी।शैलेन्द्र अपने कैरियर के दौरान प्रोग्रेसिव रायटर्स एसोसियेशन के सक्रिय सदस्य बने रहे। वह इंडियन पीपुल्स थियेटर (इप्टा) के भी संस्थापक सदस्यों में से एक थे। शैलेन्द्र को उनके गीतों के लिये तीन बार फिल्म फे र अवार्ड से सम्मानित किया गया। शैलेन्द्र के सिने सफर में उनकी जोड़ी संगीतकार शंकर-जयकिशन के साथ खूब जमी और उनके बनाये गाने जबर्दस्त हिट हुये। शैलेन्द्र ने बूट पालिश,श्री 420 और तीसरी कसम में अभिनय भी किया था ।इसके अलावा उन्होनें फिल्म परख 1960 के संवाद भी लिखे थे।शैलेन्द्र ने वर्ष 1966 में तीसरी कसम का निर्माण किया लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसकी असफलता के बाद उन्हे गहरा सदमा पहुंचा उसके बाद उनके मित्रों ने उन्हें किसी प्रकार का सहयोग करने से इंकार कर दिया ।मित्रों की बेरूखी और फिल्म तीसरी कसम की असफलता के बाद उन्हें कई बार दिल का दौरा पड़ा। 13 दिसंबर 1966 को शैलेन्द्र ने राजकपूर को आर.के कॉटेज में मिलने के लिये बुलाया, जहां उन्होंने राजकपूर से उनकी फिल्म मेरा नाम जोकर के गीत जीना यहां मरना यहां को पूरा करने का वादा किया, लेकिन वह वादा अधूरा ही रहा और अगले ही दिन 14 दिसंबर 1966 को उनका निधन हो गया। इसे महज एक संयोग हीं कहा जायेगा कि उसी दिन राजकपूर का जन्मदिन भी था।



# मेहज़बीन से सीखी ज़िंदगी की सबसे पावरफुल सीख : मुनव्वर



जानेमाने स्टैंड-अप कॉमेडियन और बिग बॉस फेम मुनव्वर फारूकी ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी मेहज़बीन से ज़िंदगी की सबसे पावरफुल सीख सीखी है। पर्सनल लाइफ पर कम ही बोलने वाले मुनव्वर फारूकी ने इस बार दिल खोल दिया। प्रखर गुप्ता के पॉडकास्ट पर उन्होंने अपनी पत्नी मेहज़बीन कोटवाला के बारे में ऐसी बातें बताईं, जिनसे उनकी ज़िंदगी, पैरेंटिंग और छोटी-छोटी खुशियों को देखने का नजरिया बदल गया। मुनव्वर ने कहा, मेहजबीन सबकी कद्र करती हैं। बच्चों की देखभाल करने का उनका तरीका अलगे ही लेवल का है। प्यार लुटाना ही सबकुछ नहीं होता, प्रैक्टिकल होना भी ज़रूरी है। बच्चों के लिए क्या सही है, क्या गलत है, उन्हें अच्छे से पता है। एक किस्सा सुनाते हुए मुनव्वर थोड़ा भावुक भी हुए। खाने के वक्त उनका बच्चा पानी और प्लेट मांग रहा था। मुनव्वर को लगा कि बच्चा क्यों उठे, उसे सब वहीं मिलना चाहिए। लेकिन मेहज़बीन ने समझाया, हाँ, अभी तो सब मिलेगा, लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होगा। बच्चों को खुद तैयार रहना सीखना चाहिए। यह सुनकर मुनव्वर का दिमाग खुल गया। उन्होंने माना, मैं हमेशा सोचता हूँ कि मैं मेहनत करूं जिससे मेरा बच्चा बेस्ट ज़िंदगी जी पाए। लेकिन सिर्फ बेस्ट देना ही काफी नहीं है। असली ज़िंदगी की ट्रेनिंग भी ज़रूरी है। एक गिलास पानी खुद उठाकर लाना भी उतना ही अहम है।

# मोहब्बतें के बाद मेरी चार फिल्में कभी रिलीज़ नहीं हुईं :शमिता शेट्टी

बॉलीवुड अभिनेत्री शमिता शेट्टी का कहना है कि फिल्म मोहब्बतें के बाद उन्होंने चार फिल्में की शूटिंग की थी जो कभी रिलीज़ नहीं हुईं। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी की बहन शमिता शेट्टी ने यशराज फिल्म्स की मोहब्बतें से अपना डेब्यू किया था। हाल ही में अपने करियर की चुनौतियों पर खुलकर बात की है। शमिता ने एक इंटरव्यू में बताया कि मोहब्बतें के बाद उन्होंने चार फिल्मों की शूटिंग की थी,जिनमें संजय दत्त, चंद्रचूड़ सिंह और आर. माधवन जैसे कलाकारों के साथ प्रोजेक्ट शामिल थे,लेकिन इनमें से कोई भी फिल्म रिलीज़ नहीं हो पाई। इस अचानक आए झटके ने उनके करियर की रफ्तार को बेहद अहम समय पर रोक दिया। शमिता की पिछली फिल्म द टेनेंट को भी कई रुकावटों का सामना करना पड़ा। कई बार टलने के बाद, फिल्म कुछ चुनिंदा सिनेमाघरों में बिना किसी खास मार्केटिंग या प्रमोशन के रिलीज़ हुई ,जिसकी वजह से फिल्म को वो पहचान नहीं मिल पाई जिसकी उम्मीद शमिता ने की थी ।शमिता ने कहा, लोगों को ये बताने में कोई शर्म या बुराई नहीं है कि आप उपलब्ध हैं और काम करना चाहते हैं। इन चुनौतियों के बावजूद, शमिता अपने काम के प्रति समर्पित हैं और उम्मीद कर रही हैं कि उन्हें ऐसे बेहतर मौके मिलेंगे जिनसे उनकी असली प्रतिभा बड़े पर्दे पर नजर आ सके।



# महाविद्यालय की छात्राओं ने विश्वविद्यालयीन परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



करेली (स्वतंत्र मत)

आदर्श शिक्षण समिति द्वारा संचालित महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रसायनशास्त्र स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा द्वय नंदनी विश्कर्मा पिता रामकुमार विश्कर्मा करेली ने विश्वविद्यालायीन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 86.64 प्रतिशत प्राप्त करते हुए विश्विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही निकिता साहू पिता शरदचंद साहू करेली ने 86 प्रतिशत प्राप्त कर विश्विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के रसायन विभाग की दोनों छात्राओं की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ यू एस परमार, उपप्राचार्य डॉ ए के वाजपेयी, विज्ञान संकाय अध्यक्ष डॉ ए के अग्रवाल, रसायन शास्त्र विभागध्यक्ष डॉ पी के खरे, रसायन विभाग के सहायक प्राध्यापक रामसेवक कुशवाहा सहित प्राध्यापक एवं स्टाफ ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। प्राचार्य डॉ परमार के नेतृत्व में प्रति वर्ष छात्रों का विश्वविद्यालय में गोल्ड मैडल प्राप्त करना महाविद्यालय की बड़ी उपलब्धि है, महाविद्यालय ने इस वर्ष छात्रों के प्रवेश में रिकार्ड तोड़ा है अभी तक 800 से अधिक नए प्रवेश हो चुके हैं जबकि अभी प्रवेश प्रक्रिया जारी है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ यू एस परमार ने इस उपलब्धि पर रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ पी के खरे एवं सहायक प्राध्यापक रामसेवक कुशवाहा को बधाई दी है।



# नरसिंहपुर में बालक- बालिका वर्ग में जिला स्तरीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## नरसिंहपुर विकासखंड रही विजेता

**नरसिंहपुर।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग के वार्षिक खेल कैलेंडर के तहत जिला स्तरीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग में नरसिंहपुर, सांईखेड़ा, गोटेगांव और करेली के बीच प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में नरसिंहपुर ने जीत हासिल की, जबकि गोटेगांव ने रनर अप का स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में भी समान रूप से मुकाबला हुआ, जहां नरसिंहपुर की टीम ने जीत हालिस की और सांईखेड़ा की टीम रनर रही।

प्रतियोगिता के समापन पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री अजीत सिंह ठाकुर, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष श्री अजय प्रताप सिंह, श्री अजय सिंह साहू ने विजेता और उपविजेता टीमों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में श्री यशवंत सिलावट, गोटेगांव के शहबाज अली, विजय सेन, रोहित विश्वकर्मा और नरसिंहपुर के अभिनव चौकसे ने निर्णायक रैफरी की भूमिका निभाई।

इस अवसर पर श्री मनीष कटारे, श्री पंकज नेमा, क्रीड़ांगन समिति के श्री योगेश सोनी, श्री मुकेश पटेल, श्री विक्रम शर्मा, श्री शाकिर हुसैन, श्री संजय कुमार कंजर, कु. निशा मिश्रा और खिलाड़ी मौजूद थे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम पिपरिया के प्राथमिक विद्यालय परिसर में रोपे गए 20 पौधे



**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में निवारी सेक्टर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपरिया के प्राथमिक विद्यालय परिसर में 20 पौधे रोपे गए। विद्यालय परिसर में जामुन, आम, बादाम, अमरूद, नीम, बेल आदि के पौधे रोपे गए। यह पौधरोपण पूर्व नवांकुर संस्था-ग्राम विकास समिति कपूरी के तत्वाधान में हुआ। इसी क्रम में ग्राम मैनावारी के कृषक श्री हेमंत जाट के खेत की मेढ़ में आम, जामुन, नीम आदि के पौधों का रोपण हुआ।

इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक श्रीमती माधवी पाठक, पूर्व नवांकुर संस्था कपूरी समन्वयक श्री विजय कुमार चौधरी, समिति के अन्य सदस्य, शिक्षक श्री विनोद मेहरा, श्रीमती अंजना ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीणजन और विद्यार्थी मौजूद थे।

# राष्ट्र सेविका समिति की बहनों ने अस्पताल जाकर रक्षा सूत्र बांधे

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** राष्ट्र सेविका समिति की बहनों के द्वारा सरकारी अस्पताल में जाकर डॉक्टर्स ,नर्सिंग आफिसर, सुरक्षा कर्मी एवं सफाई कर्मचारियों को रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन का उत्सव मनाया गया । सभी रोग मुक्त हों,सबका मनोबल उन्नत रहे,सबके साथ हमारा व्यवहार मैत्रीपूर्ण रहे,हम सब एक दुसरे के सहयोगी बने इसी उद्देश्य को लेकर समिति रक्षाबंधन का उत्सव मनाती है।वैसे तो रक्षाबंधन का उत्सव पांच दिनों तक रहता हे पर समिति एक माह तक उत्सव मनाती है इसका मुख्य कारण है कि हम समाज के उन सभी लोगों से संपर्क हो सके जो दिन रात हम सबको अपनी सेवायें देते है जैसे डॉक्टर्स, सिस्टर्स, सफाई कर्मचारी, सुरक्षाबल।कार्यकम में राष्ट्र सेविका समिति की सेविका बहनों



की सक्रिय भूमिका रही।प्रमुख रूप से जिला कार्यवाहिका श्रीमति प्रवीणा गोस्वामी नगर सह कार्य वाहिका श्रीमति नीता शर्मा,व्यवस्था प्रमुख श्रीमति प्रियांका गोस्वामी, सम्पर्क प्रमुख श्रीमति काजोल राय ,श्रीमति सुषमा मिश्रा ,श्रीमति शकुन नामदेव, श्रीमति भारती दीक्षित, श्रीमति भारती कौरव, श्रीमति रजनी सेन,श्रीमति प्रीति विश्वकर्मा सेविका बहनो की उपस्थिति सराहनीय रही।राष्ट्र सेविका समिति की बहनों के द्वारा सरकारी अस्पताल में जाकर डॉक्टर्स ,नर्सिंग आफिसर, सुरक्षा कर्मी एवं सफाई कर्मचारियों को रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन का उत्सव मनाया गया । सभी रोग मुक्त हों,सबका मनोबल उन्नत रहे,सबके साथ हमारा व्यवहार मैत्रीपूर्ण रहे,हम सब एक दुसरे के सहयोगी बने इसी उद्देश्य को लेकर समिति रक्षाबंधन का उत्सव मनाती है।वैसे तो रक्षाबंधन का उत्सव पांच दिनों तक रहता हे पर समिति एक माह तक उत्सव मनाती है इसका मुख्य कारण है कि हम समाज के उन सभी लोगों से संपर्क हो सके जो दिन रात हम सबको अपनी सेवायें देते है जैसे डॉक्टर्स, सिस्टर्स, सफाई कर्मचारी, सुरक्षाबल।आज के कार्यक्रम मै राष्ट्र सेविका समिति की सेविका बहनों की सक्रिय भूमिका रही।प्रमुख रूप से जिला कार्यवाहिका श्रीमति प्रवीणा गोस्वामी नगर सह कार्य वाहिका श्रीमति नीता शर्मा,व्यवस्था प्रमुख श्रीमति प्रियांका गोस्वामी, सम्पर्क प्रमुख श्रीमति काजोल राय ,श्रीमति सुषमा मिश्रा ,श्रीमति शकुन नामदेव, श्रीमति भारती दीक्षित, श्रीमति भारती कौरव, श्रीमति रजनी सेन,श्रीमति प्रीति विश्वकर्मा सेविका बहनो की उपस्थिति सराहनीय रही।

# शिक्षा विभाग में सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

## सबल जाट के समर्पण की हुई प्रशंसा

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

जिला शिक्षा विभाग में 33 वर्ष से अधिक समय तक सेवा देने वाले परीक्षा प्रभारी लेखापाल सवल सिंह जाट एवं क्रीड़ा अधिकारी संजय कंजर के सेवानिवृत होने पर जिला शिक्षा विभाग में विदाई समारोह में दोनों को विदाई देकर स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके कार्यों की प्रशंसा की गई।

इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी संदीप नेमा ने कहा कि शिक्षा विभाग का सबसे महत्वपूर्ण कार्य परीक्षाओं के सुचारू संचालन में परीक्षा प्रभारी रहे सबल सिंह जाट ने बेहद कर्तव्यनिष्ठा समर्पण और निष्ठा से कार्य किया।

यही कारण है कि नरसिंहपुर जिले में समय पर परीक्षाओं का सफल संचालन वर्षों से संभव होता आ रहा। सहायक संचालक अयन सिंह मशराम, बीईओ बी एस शर्मा, डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव ने कहा कि सेवानिवृत हो रहे दोनों की सेवाएं हमेशा याद रखी जाएगी। विशेष का सबल सिंह जाट की कार्यप्रणाली से सीखने की जरूरत सभी को है।

पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी ए के व्यौहार , पूर्व योजना अधिकारी गजेंद्र नायक, प्रकाश साहू, मनीष कटारे, विपनेश जैन, मुकेश साहू, राजेश तिवारी, निरंजन रघुवंशी, नीलेश राजपूत , अरुण दीक्षित , चेतन प्रजापति, कपूरी सरपंच मिथिलेश जाट, नयाखेड़ा सरपंच मनीष जाट एवं पत्रकार नीलेश जाट आदि ने कहा कि सबल जाट की सेवानिवृत्ति से जिला शिक्षा विभाग में एक खालीपन आ गया है उन्होंने परीक्षा संचालन का जो दायित्व निभाया वह बेहद कठिन कार्य रहा उनकी सेवानिवृत्ति के कारण शिक्षा विभाग को इस कार्य के संपादन में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

इस महत्वपूर्ण कठिन दायित्व को लेने के लिए अभी कोई तैयार नहीं हो रहा है। सभी ने कहा कि सबल जाट सौंपे गए दायित्वों के अलावा विभाग के अन्य कार्यों को भी पूरा करने में रचनात्मक सहयोग करते थे और उनकी ईमानदारी कर्तव्य निष्ठा समर्पण को शिक्षा विभाग कभी भूल नहीं पाएगा।

प्रति दिन सुबह 10 के पहले आना और शाम 7 बजे के बाद ही वे घर जाते थे साथ ही अवकाश के दिनों में भी कार्य करते थे। यह यह समर्पण अपवाद ही होता है। कार्यक्रम का संचालन दीपक अग्निहोत्री एवं आभार प्रदर्शन मनीष कटारे ने किया।

उक्त मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षा विभाग के कर्मचारी अधिकारी एवं सेवानिवृत हो रहे संजय कंजर एवं सबल सिंह जाट के परिवारजन, मित्र और शुभचिंतक मौजूद थे। उक्त समारोह के बाद सबल सिंह जाट का जन्मदिवस नरसिंह मंदिर परिसर में मनाया गया।

# श्री गणेश देवस्थानम् सिद्धपीठ में महाआरती आज

**नरसिंहपुर-** सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद द्वारा श्री गणेश देवस्थानम सिद्धपीठ में छप्पन भोग, भंडारा एवं महाआरती का आयोजन आज 31 अगस्त को आयोजित है।जिला अध्यक्ष श्रीमती विवेक पांडे, नगर अध्यक्ष श्रीमती सुनंदा भट्ट और समस्त कार्यकारिणी ने नगर की मातृशक्ति से अनुरोध किया है, इस पुनीत कार्य में हिस्सा लेकर पुण्य प्राप्त करें।

**आध्यात्मिक काव्यगोष्ठी आज**-श्री गणेश देवस्थानम् सिद्धपीठ में आज 31 अगस्त को आध्यात्मिक काव्यगोष्ठी का अनूठा आयोजन है। जिसमें प्रथम पूज्य पर केन्द्रित रचनाओं का पाठ होगा।

आ रहे ये कवि-शशिकांत मिश्र, नरेन्द्र सराठे, सतीश तिवारी सरस, प्रशांत शर्मा सरल, डॉ.अनिल नेमा, डॉ.आशीष सोनी मौलिक, कुंज बिहारी यादव कुंजन, सत्यम नेमा, विश्वास कुमार अपने काव्य का पाठ कर गजानन से आशीर्वाद प्राप्त करेगें। गणनायक वेलफेयर सोसाइटी ने भक्तजनों से उपस्थिति की अपील की है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेलेगा देश

**नरसिंहपुर।** स्वतंत्रमत। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेलेगा देश-खिलेगा देश की थीम पर विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन 29 अगस्त से 31 तक आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में खो- खो प्रतियोगिता का आयोजन श्री सुनील कोठारी, श्री अजय सिंह साहू, श्री शशिकांत शुक्ला, श्री लकी दुबे, ऊषा शेलोकर आदि की मौजूदगी में किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए युवाओं को खेलों के प्रति उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा मिलता है, बल्कि टीम भावना, प्रतिस्पर्धा, और खेल के प्रति सम्मान भी उत्पन्न होता है। पीजी कॉलेज नरसिंहपुर की बालिका और डीसीसी क्लब नरसिंहपुर की टीम में खो-खो प्रतियोगिता होगी।



# केबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह ने दी बहुत बड़ी सौगात

## नरसिंह वार्ड में बनेगा 50 लाख का सामुदायिक भवन

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री और क्षेत्रीय विधायक उदय प्रताप सिंह ने नरसिंह वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है।

इस भवन के निर्माण से पटेल वार्ड, शहीद भगत सिंह वार्ड, माता वार्ड, और नरसिंह वार्ड के निवासियों को फायदा मिलेगा। सामुदायिक भवन में

## शादी-विवाह, जन्म उत्सव,

सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन सहित अन्य सामाजिक कार्यक्रम किये जा सकेंगे । मांग पूरी होने पर खुशी जाहिर करते हुए शिव सत्ता मंडल और देव शंकर मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि इस सामुदायिक भवन की मांग समिति ने की थी । जिसे मंत्री उदय प्रताप सिंह ने पूरा कर क्षेत्रवासियों के लिए बहुत बड़ी सौगात दी है। स्थानीय निवासियों ने मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया और इस पहल की सराहना की। यह सामुदायिक भवन न केवल वार्ड वासियों के लिए सुविधाजनक होगा, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा ।


## नपा अध्यक्ष का सफाई व्यवस्था पर विशेष फोकस

**गाडरवारा।** नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने गणेश उत्सव के दौरान सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विशेष कदम उठाए हैं।नगर पालिका अध्यक्ष ने गणेश पंडालों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इसमें गलियों और चौराहों की गहन सफाई शामिल है। नपा अध्यक्ष के निर्देश पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव नियमित रूप से संजय सेन, सोनू, की निगरानी में किया जा रहा है।आवारा पशुओं पर नियंत्रण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि पंडालों के पास आवारा पशु न भटकें। अध्यक्ष ने गणेश उत्सव समितियों से अपील की है कि वे पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह से बंद करने में नगर पालिका का सहयोग करें। ताकि नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाया जा सके।

# नर सेवा ही नारायण सेवा को चरितार्थ कर रही दीनदयाल रसोई

## शुभ अवसरों पर सेवा से जुड़ रहे जागरूकजन





करेली (स्वतंत्र मत)

नगर पालिका परिषद करेली द्वारा संचालित दीनदयाल रसोई जरूरतमंदों के लिए न केवल सस्ती दर पर भोजन उपलब्ध कराने का केंद्र है, बल्कि यह समाज सेवा और पुण्य कार्य का प्रेरणादायक अभियान बन चुकी है। च्नर सेवा ही नारायण सेवाज्ञ की भावना को साकार करते हुए यह रसोई नगर के मध्य राम वार्ड सोमवार बाजार स्थित संजीवनी क्लीनिक के बाजू में लगातार जरूरतमंदों का सहारा बनी हुई है।

शुरुआत से ही नगर के सामाजिक सरोकार रखने वाले लोग इसमें सहयोग करते हुए या तो स्वयं जरूरतमंदों को भोजन करा रहे हैं या भोजन की व्यवस्था में अपना योगदान दे रहे हैं। यह क्रम समाज में सेवा और सहयोग की एक नई परंपरा स्थापित कर रहा है। इसी श्रृंखला में आज शनिवार को नगर पालिका में कार्यरत रोहित नामदेव ने अपने जन्मदिन के अवसर पर दीनदयाल रसोई में सहयोग कर जरूरतमंदों को भोजन कराया। जन्मदिन जैसे निजी उत्सव को समाजहित और सेवा कार्य से जोड़कर उन्होंने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा मेरे लिए जन्मदिन तभी सार्थक है जब इसका आनंद किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान बनकर झलके। दीनदयाल रसोई ने मुझे यह अवसर दिया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर ने कहा कि वास्तविक उत्सव वही है, जिसमें जरूरतमंद भी सम्मिलित हों। यह पहल करेली को नई दिशा दे रही है।

जैसे-जैसे नागरिकों को दीनदयाल रसोई की इस सेवा भावना की जानकारी मिल रही है, वैसे-वैसे लोग अपने विशेष अवसरों, जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, परिजनों की पुण्य स्मृति हो या कोई अन्य उत्सव को सार्थक बनाने के लिए आगे आ रहे हैं और जरूरतमंदों को भोजन कराकर समाज सेवा का हिस्सा बन रहे हैं। नगर पालिका परिषद ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अपने शुभ अवसरों को दीनदयाल रसोई से जोड़ें और जरूरतमंदों को भोजन कराकर अपने उत्सव को आनंद, उमंग और उल्लास से भरकर सार्थक बनाएं।

# महापौर ने कटाएघाट में रिवर फ्रंट योजना के तहत कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण

## अधिकारियों को तय समय में गुणवत्ता के साथ सभी विकास कार्य पूर्ण कराने के दिए निर्देश

### रिवर फ्रंट योजना से शहरवासियों को मिलेगा सौंदर्य और सुविधाओं का लाभः महापौर

कटनी (स्वतंत्रमत)।

नागरिकों की सुविधा एवं शहर की सुंदरता में वृद्धि के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा रिवर फ्रंट योजना के तहत कटाएघाट, मोहन घाट और मसुरहाघाट में विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत नदी तट का समुचित विकास एवं सौंदर्यीकरण कर नागरिकों को मनोरंजन, स्वास्थ्य लाभ और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा शुक्रवार शाम कटाएघाट पहुंचकर नदी के किनारे रिवर फ्रंट योजना के तहत 6 करोड़ रुपए की लागत से कराए जा रहे पिचिंग, वॉल निर्माण, पाथवे, ग्रीनरी, लाइटिंग, ड्रेन एवं विभिन्न सौंदर्यीकरण कार्यों का औचक निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के ठेकेदारों को तय समय-सीमा में मानक गुणवत्ता के साथ सभी कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, बीना बैनर्जी, सहायक यंत्री सुनील सिंह, उपयंत्री अश्वनी पांडेय सहित निर्माण एजेंसी के ठेकेदारों की मौजूदगी रही।

### चट्टान पर भगवान शिव की प्रतिमा करें स्थापित

महापौर द्वारा कटाएघाट नदी किनारे संपूर्ण निर्माण स्थलों का पैदल चलकर बारीकी से निर्माण कार्यों का जायजा लेकर नागरिकों की सुविधा हेतु घाट निर्माण का शेष कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान कटाएघाट नदी के बीचों बीच स्थित पुरानी चट्टान पर भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित करने के साथ ही मार्ग के बाएं तरफ मंदिर पहुंच मार्ग की ओर पूर्व निर्मित पुराने लंबे चबूतरे पर सौंदर्यीकरण की दृष्टि से रैंप, प्रकाश व्यवस्था एवं पुरानी चट्टानों पर प्राकृतिक झरने का निर्माण कार्य कराकर उक्त स्थल को भी विकसित करने के निर्देश दिए।

### चबूतरे में रेलिंग लगाकर करे विकसित

महापौर ने श्री राम जानकी मंदिर के सामने स्थित चबूतरे के चारों ओर रेलिंग लगाकर स्थल को विकसित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए।

### ग्रीनरी एरिया का निरीक्षण कर जाहिर की प्रसन्नता

महापौर ने सुलभ के बाजू वाले रिक्त स्थल पर विकसित कराए गए ग्रीनरी एरिया का जायजा लेकर संतोष व्यक्त किया तथा यहां आने वाले नागरिकों की बैठक व्यवस्था हेतु आधुनिक बेंच स्थापित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्थल पर कराए जा रहे सेल्फ़ी पॉइंट निर्माण, पेवरब्लॉक फ्लोरिंग कार्य, पिचिंग कार्य, वाल निर्माण, मार्ग के किनारे निर्मित क्यारी आदि कार्यों का जायजा लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं, ताकि नागरिक जल्द से जल्द इस योजना का लाभ उठा सकें।

### पर्यटन गतिविधियों को मिलेगा प्रोत्साहनः महापौर

महापौर ने कहा कि इस योजना के पूर्ण होने पर शहर के नागरिकों को जहां स्वच्छ और सुंदर वातावरण मिलेगा वहीं नदी तट पर पर्यटन गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

### सुरम्य पार्क का किया निरीक्षण

महापौर एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा सुरम्य पार्क पहुंचकर वहां की विभिन्न व्यवस्थाओं का भी औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्विमिंग पूल पहुंचकर वहा तैराकी सीख रहे बरगवां निवासी बालक अथर्वएमन्नत के अभिभावकों से बच्चों को तैराकी सिखाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। वहीं बोटिंग स्थल के निरीक्षण के दौरान महापौर द्वारा गणेश चौक निवासी कुमारी शिवानी तिवारी एवं उनके परिवार जनो से आत्मीय संवाद कर पार्क की व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी ली जाकर व्यवस्थाओं में ओर अधिक सुधार हेतु महत्वपूर्ण सुझाव भी लिए गए।



# थाना बहोरीबंद पुलिस का सटोरियों पर प्रहार

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन मे अति. पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया व एसडीओपी स्लीमनाबाद के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बहोरीबंद निरीक्षक अखलेश दाहिया के द्वारा टीम बनाकर विश्वसनीय व्यक्ति द्वारा सूचना मिलने पर कि कटहा मोहल्ला बहोरीबंद मंदिर, मयूर मार्केट, पशु चिकित्सालय बहोरीबंद के पास अलग-अलग स्थानो पर कुछ व्यक्ति सट्टा पट्टी काट रहे है कि सूचना पर निरीक्षक अखलेश दाहिया द्वारा अपनी पुलिस टीम के साथ रेड कार्यवाही की गयी, कटहा मोहल्ला मंदिर के पास आरोपी-सत्यनारायण बर्मन पिता पूरन लाल बर्मन उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम कटहा मोहल्ला बहोरीबंद, एवं बसंत भुमिया पिता बेडीलाल भुमिया उम्र 40 वर्ष निवासी कटहा मोहल्ला बहोरीबंद, थाना बहोरीबंद जिला कटनी एंव मयूर मार्केट के सामने आरोपी- संतराम पटेल पिता घनश्याम पटेल उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम खरगंवा थाना बहोरीबंद, थाना बहोरीबंद जिला कटनी तथा पशु चिकित्सालय मार्केट के पास आरोपी- वीरेन्द्र कुमार ऊर्फ छोटू पाल पिता दादूराम पाल (गडारी) उम्र 27 वर्ष निवासी गाताखेडा, थाना बहोरीबंद जिला कटनी के मोबाईल फोन के माध्यम से व सटटा पटटी लेख कर सट्टे के अंको पर रुपये पैसो का दाव लगवाकर लेन-देन कर लोगो को लालच देकर अवैध लाभ अर्जित करते मिलने पर आरोपियो के कब्जे से 03 नग मोबाईल रियल-मी कंपनी, ओप्पो व वीवो के मोबाईल फोन कीमती करीबन 26,000/- रुपये व सटटे की रकम 2260 रू जप्त करते हुये आरोपियो के विरूद्ध धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

# डॉ. पूरन चंद श्रीवास्तव के जन्मदिन समारोह की श्रृंखला में कवि गोष्ठी संपन्न



कटनी (स्वतंत्र मत)।

तत्कालीन कटनी तहसील के ग्राम पिपरहटा पिलौंजी पडरिया में 1 सितंबर 1916 को जन्मे तथा उच्च शिक्षा के बाद जबलपुर को अपनी कर्मभूमि बनाने वाले बुंदेली के विद्वान साहित्यकार/कवि डॉ. पूरन चंद श्रीवास्तव के जन्मदिन के परिपेक्ष्य में संपूर्ण अगस्त माह भर जबलपुर में होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में म.प्र. साहित्य सम्मेलन, कटनी इकाई की काव्य गोष्ठी गत दिवस 24 अगस्त रविवार को दुबे कालोनी के बगल में स्थित भार्गव कंपाउंड में वरिष्ठ जनगीतकार सुरेश सोनी, ऋतुराज की अध्यक्षता, वरिष्ठ गजलकार सतीश आनंद के मुख्य आतिथ्य एवं विजयराघवगढ़ के सामाजिक कार्यकर्ता मो. एजाज खान राजा खान के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई। जिसमें कटनी, विजयराघवगढ़, सिहोरा एवं डिठवारा अंचल से पधारे रचनाकारों के द्वारा काव्य पाठ किया गया। इस अवसर पर डॉ. पूरन चंद श्रीवास्तव की चर्चित काव्य कृति भौंरहा पीपर जिसमे उन्होंने 75 साल पूर्व के अपने ग्राम्य अंचल पिपरहटा को बड़े मोहक एवं सजीव ढंग से रुपायित किया है कि रचनाएं भी प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम में सुरेश सोनी ऋतुराज, सतीश आनंद, राजेंद्र सिंह ठाकुर, रविन्द्र रवि, मुकेश त्रिपाठी, पुष्पा गुप्ता प्रांजलि, अजय त्रिपाठी, रामानुज पांडे, ध्रुव यादव एवं सत्यनारायण राय द्वारा उत्कृष्ट गीत-गजल की प्रस्तुति से डॉ. पूरन चंद को शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। समयाभाव के कारण वरिष्ठ पत्रकार एवं कवि राजेंद्र राठौर द्वारा पूरन चंद एवं समस्त पत्रकारों को प्रेषित अपने संदेश में कहा गया काली घटा में रहकर भी कवि माहौल को प्रकाश देता है। शब्दों को समझकर वह मोती माला की लड़ी में पिरो देता है।

इसी तरह वरिष्ठ लोक रचनाकार देवेंद्र कुमार पाठक के अस्वस्थ्य होने के कारण प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित उनके भतीजे लोकनंदन पाठक द्वारा देवेंद्र कुमार पाठक की हाल ही में प्रकाशित दोहा कृति जाग रही है आग उपस्थित कवियों को भेंट की गई। कार्यक्रम संचालन राजेंद्र सिंह ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन अजय त्रिपाठी द्वारा किया गया।



# दिल्ली पब्लिक स्कूल में स्केटिंग गतिविधि का आयोजन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में नन्हे बच्चों के लिए एक मनोरंजक और शैक्षिक स्केटिंग गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि में प्री-प्राइमरी और प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रंग-बिरले स्केट्स पहनकर खुशी-खुशी मैदान में उतरे। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों में संतुलन, समन्वय और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना था। प्रशिक्षकों और शिक्षकों की देखरेख में बच्चों ने स्केटिंग का अभ्यास किया और विभिन्न आसान ट्रैकों पर स्केटिंग की। बच्चों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया, जिससे वातावरण बेहद उत्साही और जीवंत बना रहा।

### विद्यालय की प्रधानाचार्या ने कहा

इस तरह की गतिविधियाँ बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास में सहायक होती हैं। इससे उनमें आत्म-अनुशासन और खेल भावना का विकास होता है। अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रशंसा प्रमाणपत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। अभिभावकों ने स्कूल की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे बच्चों में साहस और नई चीज़ें सीखने की प्रेरणा मिलती है।

# महापौर ने सिमरदार घाट पर गणेश प्रतिमा विसर्जन व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

### सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण कराने अधिकारियों को दिए निर्देश



कटनी (स्वतंत्रमत)। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने शुक्रवार देर शाम वार्ड क्रमांक 45 अमीरगंज पडरवारा स्थित सिमरदार नदी घाट पहुंचकर गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान नगर निगम द्वारा की जाने वाली आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने घाट पर की गई जाने वाली साफ-सफाई, घाट के कटाव के गड्ढों की फिलिंग कराने, घाट पहुंच मार्ग की दोनों ओर की झाड़ियों की कटाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य नागरिक सुविधाओं को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, बीना संजू बैनर्जी, स्थानीय पार्षद विनोद लाला भुद्दु, पूर्व पार्षद आलम भाई और सुधीर पटेल सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विसर्जन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देने तथा राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के दिशा निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक इंतजाम समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि गणेश प्रतिमा विसर्जन नगर के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्व है, अतः इसकी व्यवस्थाएं बेहतर और सुव्यवस्थित रहनी चाहिए। महापौर ने विसर्जन घाट की व्यवस्थाओं के निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों प्रेम यादवए दुर्गा यादव, हरपाल आदिवासी, मुन्नी मिश्रा, विनोद श्रीवास, विवेक तिवारी सहित अन्य जनों से क्षेत्र के विकास कार्यों के संबंध में चर्चा करते हुए पंचम गली रोड पर सड़क एवं नाली निर्माण कराए जाने की मांग पर स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# जेपीवी डीएवी विद्यालय कटनी में डीएवी नेशनल स्पोर्ट (क्लस्टर लेवल संभाग स्तरीय) प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन





कटनी (स्वतंत्रमत)।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिवर्ष क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी अपने क्रीडा शिक्षक तथा सहयोगी शिक्षक के नेतृत्व में विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी सहभागिता प्रदर्शित करते हैं उसी आधार पर कटनी शहर में दो स्थानों पर डीएवी केलड्रीज पब्लिक स्कूल कटनी एवं जेपीवी डीएवी विद्यालय कटनी में क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें जमुना प्रसाद विश्वाकर्मा पब्लिक स्कूल कटनी में बॉस्केटबॉल, कबड्डी, योगा शतरंज, जूडो, कराटे ताइक्वांडो, बूसू आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन 30 अगस्त से 31 अगस्त तक हुआ, यह आयोजन बालक बालिका वर्ग अंडर 14, अंडर 17 एवं अंडर 19 तीन वर्ग समूह के अंतर्गत हुआ। सभी विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता प्रदर्शित की है। विद्यार्थियों का उत्साह वर्धित करते हुए मध्यप्रदेश जोन के क्षेत्रीय निदेशक एसके सिन्हा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा पूर्ण साहस के साथ खेलों को खेलने हेतु प्रेरित किया।



# डिप्टी कलेक्टर श्री गुप्ता बनें विजयराघवगढ़ के एसडीएम

कटनी (स्वतंत्रमत)।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने शुक्रवार को एक आदेश जारी कर कलेक्ट्रेट कार्यालय में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर विवेक कुमार गुप्ता को अनुविभाग विजयराघवगढ़ का एसडीएम पद का दायित्व सौंपा है। इसके पहले संयुक्त कलेक्टर महेश मंडलोई विजयराघवगढ़ में एसडीएम के पद पर पदस्थ थे। जिन्हें 15 अगस्त को स्थानांतरण के बाद झाबुआ जिले के लिए भारमुक्त कर दिया गया था। इसके बाद से डिप्टी कलेक्टर प्रमोद कुमार चतुर्वेदी को कटनी अनुविभाग के साथ-साथ विजयराघवगढ़ का भी प्रभार सौंपा गया था।

# इंटीरियर एंड फैशन डिजाइन के क्षेत्र में छात्राओं ने बढ़ाया कदम

### अतिथियों ने की प्रॉजेक्ट और मॉडल की सराहना

कटनी (स्वतंत्रमत)।

केडेन्स एकेडमी द्वारा आयोजित डिजाइनर हब के तत्वाधान में शहर की होनहार छात्राओं द्वारा इंटीरियर एंड फैशन डिजाइन की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने छात्राओं द्वारा बनाए गए डिजाइन एवं मॉडल का जायजा लिया। छात्राओं की मेहनत को सराहते हुए एकेडमी के संचालक शशिकांत कोरी, अनुराधा कोरी को बधाई दी। श्री विश्वकर्मा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि





छात्राओं का टेलेंट सराहनीय है। करियर निर्माण की दिशा में छात्राओं द्वारा किये गए इन प्रयासों की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। शहर में छिपी इन प्रतिभाओं को सामने लाने का प्रयास कर रही संस्था को साधुवाद दिया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी श्रेहा खण्डेलवाल ने एकेडमी के संचालकों को बधाई देते हुए कहा कि इंटीरियर एंड फैशन डिजाइन के कोर्स की सुविधा अब कटनी में ही मिलने लगी है, जिससे अब युवाओं को दूसरे शहर जाने की जरूरत नहीं है। कटनी में ही इन कोर्स के माध्यम से युवा वर्ग अपना करियर बना रहा है। समाजसेवी अनु श्रीवास्तव, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा, पूर्व पार्षद सुभद्रा सोनी ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर बच्चों द्वारा बनाये गए प्रोजेक्ट की मुक्तकंठ से सराहना की। केडेन्स एकेडमी के संचालक शशिकांत कोरी और अनुराधा कोरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

# पारधियों के डेरे व संदिग्ध घरों की तलाशी, अवैध लाहन नष्ट

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के दिशा-निर्देश पर जिलेभर में पारधियों की गतिविधियों की जांच, फरार आरोपियों की तलाश एवं अवैध शराब निर्माण पर प्रभावी रोकथाम हेतु पुलिस की कई टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय रहीं। नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के नेतृत्व में थाना प्रभारी कुठला राजेन्द्र मिश्रा, थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश समन एवं पुलिस बल ने ग्राम कुडो, हरदुआ, हरदुआ मदार टेकरी व पठारा का भ्रमण किया। कार्रवाई के दौरान कई संदिग्ध घरों एवं झोपड़ियों की तलाशी ली गई।

जिन स्थानों पर अवैध शराब, लाहन एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री पाई गई, उन्हें मौके पर नष्ट किया गया। पुलिस ने कुछ संदिग्धों से पूछताछ कर सख्त चेतावनी दी तथा अवैध गतिविधियों पर तुरंत रोक





लगाने के निर्देश दिए। एसडीओपी विजयराघवगढ़ धीरेन्द्र धार्वे के नेतृत्व में थाना प्रभारी बरही शैलेंद्र यादव व थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ रीतेश शर्मा की टीम ने हीरापुर, ददरी एवं फूटहा टोला का भ्रमण किया। हीरापुर में लगभग 400 किलो महुआ लाहन नष्ट किया गया। ददरी में भी पारधियों के घर से महुआ लाहन बरामद कर नष्ट किया गया। डीएसपी हेडक्वार्टर उमराव सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी रीठी शाहिद खान एवं थाना प्रभारी बहोरीबंद अखिलेश दाहिया ने ग्राम बिरूली व संगमा में फरार आरोपी की तलाश की एवं बड़ी मात्रा में महुआ लाहन नष्ट किया। थाना बड़वारा प्रभारी के.के. पटेल एवं थाना एनकेजे पुलिस बल ने ग्राम बसाडी, धौरा पहाड़ी व निगेरा पहाड़ी में परधियों के डेरे व संदिग्ध गतिविधियों की जांच की। चौकी बिलहरी पुलिस द्वारा ग्राम घुघरा, कैमोरी एवं करहिया में पारधी एवं नागड़िया समाज के लोगों के डेरे व झोपड़ियों की गहन तलाशी ली गई।

चैकिंग के दौरान अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त महुआ-लाहन एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री पाई गई, जिन्हें मौके पर नष्ट किया गया। 03 व्यक्तियों के विरुद्ध अवैध कच्ची महुआ शराब रखने पर प्रकरण दर्ज कर शराब जब्त की गई। थाना विजयरघवगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम फुटहा टोला ख़रिबा में दबिश दी गई, जहां अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त महुआ-लाहन नष्ट किया गया।


**कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रीठी**

**समग्र शिक्षा जनपद शिक्षा केन्द्र रीठी जिला कटनी**

क्रमांक/के.जी.बी.वी./25-26/ कटनी दिनांक 28.08.2025

**निविदा आमंत्रण**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय छात्रावास रीठी में बाउन्ड्रीवॉल निर्माण हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जा रही है। उक्त निविदा दिनांक 06.08.2025 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जावेगी। निविदा दिनांक 07.08.2025 को दोपहर 02:00 बजें गठित छात्रावास प्रबंधन के समक्ष खोली जावेगी।

निविदा प्रपत्र/फर्म जमा करते समय आवश्यक वांछित अभिलेख की छायाप्रति (कार्यनुभव, जीएसटीएन, विगत वर्ष का आयकर रिर्टन की प्रति) एवं रू.10000/- की डी.डी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यायल रीठी के नाम से देय होगी। विभिन्न सामग्री हेतु पंजीकृत एवं अनुभवी एजेंसी/ फर्मो से दरें आमंत्रित की जाती है। शेष नियम एवं अन्य विस्तृत शर्ते, प्रारूप कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रीठी जनपद शिक्षा केन्द्र रीठी जिला कटनी में उपस्थित होकर रू. 200/- का जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

अध्यक्ष एवं सचिव
कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रीठी
जिला कटनी

# भारत ने 50 स्वर्ण पदकों के साथ रचा इतिहास

## अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



शिमकेंट (वार्ता)। कजाकिस्तान के शिमकेंट में आयोजित 16वीं एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप (सभी स्पर्धाएं) का समापन हो गया, और 12 रोमांचक प्रतियोगिता दिनों के बाद भारतीय टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 50 स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया – जो इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय चैम्पियनशिप के इतिहास में पहली बार हुआ है।

विशेष रूप से सीनियर टीम का प्रदर्शन ओलंपिक की 15 स्पर्धाओं में (राइफल, पिस्टल और शॉटगन वर्गों में) अत्यंत सराहनीय रहा, जहां भारतीय निशानेबाजों ने 6 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदक अपने नाम किए। इस वर्ग में भारत का स्थान चीन के बाद रहा, जिसने 8 स्वर्ण जीते, जबकि मेजबान कजाकिस्तान ने 1 स्वर्ण पदक हासिल किया।

भारतीय राष्ट्रीय रायफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव ने प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह एक शानदार प्रदर्शन है और यह साफ दिखता है कि शूटिंग इकोसिस्टम का आत्मविश्वास चरम पर है, जिसे पेरिस ओलंपिक में हमारे प्रदर्शन से भारी प्रोत्साहन मिला है।

विशेष रूप से जूनियर खिलाड़ियों का प्रदर्शन अत्यंत संतोषजनक है, जो यह दर्शाता है कि भारतीय शूटिंग की असली शुरुआत अब हुई है और निकट भविष्य में इससे भी बड़ी उपलब्धियां देखने को मिलेंगी। भारत ने चैम्पियनशिप का समापन कुल 99 पदकों के साथ किया, जिसमें 50 स्वर्ण, 26 रजत और 23 कांस्य पदक शामिल थे।

मेजबान कजाकिस्तान 70 पदकों (21 स्वर्ण सहित) के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि चीन ने 15 स्वर्ण और कुल 37 पदकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

सीनियर वर्ग में प्रदर्शन का मुख्य आकर्षण दो बार की ओलंपियन एलावेनिल वलारिवन का महिला एयर राइफल में एशियाई रिकॉर्ड स्कोर के साथ दूसरा एशियाई खिताब जीतना रहा। उन्होंने अर्जुन बाबूता के साथ मिक्स्ड टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक जीता। नीरू धांडा ने महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में भारत के लिए पहला एशियाई चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक जीता, सिफ्त कौर समरा ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन (3पी ) में अपना पहला एशियाई खिताब जीता, जबकि ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने पुरुषों की 3पी स्पर्धा में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया।

भारतीय जूनियर निशानेबाजों ने भी सभी ओलंपिक स्पर्धाओं में दबदबा बनाते हुए 10 स्वर्ण पदक जीते, साथ ही 4 रजत और 4 कांस्य पदक भी अपने नाम किए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि इस खेल में भारत की गहराई कितनी मजबूत है। अन्य स्वर्ण पदक युवा वर्ग, टीम स्पर्धाओं तथा गैर-ओलंपिक स्पर्धाओं से आए।

# बांग्लादेश ने चीनी ताइपे को हराया

## मलेशिया ने कोरिया को दी शिकस्त



राजगीर(वार्ता)।

हीरो एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 के दूसरे दिन पूल बी के मुकाबलों के दौरान नाटकीयता की कोई कमी नहीं रही। प्रशंसकों ने दो रोमांचक मुकाबले देखे – एक में गोलों की धमाकेदार बौछार और दूसरा एक तनावपूर्ण रणनीतिक मुकाबला जो अंत तक चला।

पहला मैच: बांग्लादेश बनाम चीनी ताइपे – दो हाफ की कहानी

बांग्लादेश ने चीनी ताइपे पर 8-3 से शानदार जीत हासिल की, लेकिन स्कोरलाइन पूरी कहानी बयां नहीं करती। हाफ-टाइम तक, खेल 2-2 की बराबरी पर था और चीनी ताइपे ने जबरदस्त खेल दिखाया। लेकिन ब्रेक के बाद, बांग्लादेश ने लगातार आक्रामक प्रदर्शन करते हुए छह गोल दागकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की।

### मैच 2: कोरिया बनाम मलेशिया - मलेशिया ने धाकड़ टीम को हराया

दिन के दूसरे मुकाबले में कोरिया और मलेशिया के बीच पूल बी का एक क्लासिक मुकाबला देखने को मिला। हाफ-टाइम तक 1-1 की बराबरी पर, खेल संतुलित था। दूसरे हाफ में, मलेशिया ने शानदार तरीके से मौकों का फायदा उठाया और तीन गोल दागकर कोरियाई टीम पर 4-1 से महत्वपूर्ण जीत हासिल की। यह परिणाम पूल बी की रैंकिंग तय करने में अहम साबित हो सकता है, क्योंकि मलेशिया ने खुद को एक गंभीर चुनौती के रूप में पेश किया है।

### रविवार, को पूल ए के मैचों का कार्यक्रम


13:00 – मैच 07: चीन बनाम कजाकिस्तान

15:00 – मैच 08: जापान बनाम भारत।

# एशेज 1946-47 में डॉन ब्रैडमैन की पहनी हुई बैगी ग्रीन कैप 25 लाख रूपये में बिकी

कैनबरा (वार्ता) 1946-47 एशेज सीरीज के दौरान सर डॉन ब्रैडमैन द्वारा पहनी गई बैगी ग्रीन कैप को नेशनल म्यूजियम ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने 438,500 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 25,000,00 रूपये) में खरीदा है। कैनबरा के म्यूजियम ने यह बैगी ग्रीन कैप खरीदी, जिसकी आधी कीमत ऑस्ट्रेलिया की केंद्र सरकार ने दी। ब्रैडमैन ने यह टोपी तब पहनी थी, जब उन्होंने 1946-47 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी। यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ऑस्ट्रेलिया द्वारा इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई पहली सीरीज थी। ऑस्ट्रेलिया ने पांच टेस्ट की यह सीरीज 3-0 से जीती थी, जिसने 1948 के इंविंसिबल्स दौरे की नींव रखी थी, जहां ऑस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड में अपराजित रही थी। ऑस्ट्रेलिया के कला व संस्कृति मंत्री टोनी बर्क ने कहा, च्च्इस टोपी को खरीदकर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रीय इतिहास के एक अहम हिस्से को सुरक्षित कर रहे हैं। आप शायद ही किसी ऐसे ऑस्ट्रेलियाई से मिले हों, जिन्होंने महान डोनाल्ड ब्रैडमैन का नाम न सुना हो, जिन्हें अब तक का सबसे महान क्रिकेटर माना जाता है। अब, जब उनकी एक प्रतीकात्मक बैगी ग्रीन नेशनल म्यूजियम ऑफ ऑस्ट्रेलिया में है, तो आगंतुकों को हमारे खेल और सांस्कृतिक इतिहास से जुड़ने का मौका मिलेगा।

# नोवाक जोकोविच ने कैमरून नॉरी को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह



न्यूयॉर्क (वार्ता)। चार बार के यूएस ओपन चैंपियन नोवाक जोकोविच ने फिटनेस की चिंता को पार करते हुए यूएस ओपन के तीसरे दौर के एक उच्च-स्तरीय मुकाबले में ब्रिटेन के कैमरून नॉरी को हराकर प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। शुक्रवार रात खेले गये मुकाबले में सातवीं वरीयता प्राप्त सार्बियाई खिलाड़ी जोकोविच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिटेन के कैमरून नॉरी को 6-4, 6-7(4), 6-2, 6-3 से हराया। इससे पहले हफ्ते की शुरुआत में दो मामूली जीतों ने उनकी शारीरिक स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए थे। शुरुआती सेट के आखिर में जोकोविच को अपनी पीठ के निचले हिस्से में चोट लगने के बाद मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा, लेकिन वह नई ऊर्जा के साथ कोर्ट पर लौटे और दृढ़निश्चयी नॉरी को हरा दिया। कोर्ट पर साक्षात्कार के दौरान अपनी फिटनेस के बारे में पूछे जाने पर जोकोविच ने मुस्कुराते हुए कहा, हां, सब ठीक है। भले ही आप शारीरिक रूप से कुछ महसूस कर रहे हों, न्यूयॉर्क की ऊर्जा उस पर भारी पड़ती है। मैं पहले जितना ही जवान और पहले जितना ही मजबूत हूं। इस जीत के साथ, जोकोविच का चौथे दौर में जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ से मुकाबला तय हो गया, जिन्होंने फ्रांसेस टियाफो को सीधे सेटों में हराया था।

# अपनी सर्वोच्च फॉर्म के साथ एशिया कप के लिए तैयार हैं अर्शदीप सिंह

बेंगलुरु,(वार्ता) भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह दलीप ट्रॉफी में कड़ी तैयारी के बाद एशिया कप 2025 में अपनी सर्वोच्च फॉर्म के साथ अबु धाबी में अपनी टीम मे योगदान देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एशिया कप टूर्नामेंट में भारत का पहला मैच 10 सितंबर को यूएई से होगा, उसके बाद भारतीय टीम पाकिस्तान और ओमान के खिलाफ मैच खेलेंगी। अर्शदीप ने टूर्नामेंट के लिए अपनी फिटनेस, अनुकूलन क्षमता और मानसिक दृढ़ता को लेकर कड़ी मेहनत की है यह टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स के सबसे अधिक 21 विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे अर्शदीप ने बेंगलुरु में ईस्ट जोन के खिलाफ नॉर्थ जोन के साथ दलीप ट्रॉफी में अपने कार्यकाल का उपयोग अपने शारीरिक और मानसिक खेल को बेहतर बनाने के लिए किया।दलीप ट्रॉफी में दूसरे दिन 17 ओवर डालने वाले अर्शदीप ने कहा, च्च्मुझे जितने ओवर मिले, उससे मुझे बहुत अच्छा लगा। 15-17 ओवर के बाद मेरा शरीर ठीक महसूस करता है और गेंद भी अच्छी तरह से आ रही है। आज ज़्यादा विकेट नहीं मिले, लेकिन भविष्य में जरूर मिलेंगे।

# ग्राहकों को वाहन उद्योग ने दिया भरोसा, ई20 ईंधन के इस्तेमाल से वारंटी पर असर नहीं

नयी दिल्ली (वार्ता)।



वाहन उद्योग ने ग्राहकों को भरोसा दिलाया है कि ई20 (20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित) पेट्रोल के इस्तेमाल से वाहनों की वारंटी पर कोई असर नहीं होगा। देश के वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के कार्यकारी निदेशक प्रशांत के बनर्जी ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि ई20 ईंधन के इस्तेमाल से च्च्वारंटी में किसी प्रकार का बदलाव नहीं आयेगा। सभी वारंटी और बीमा का सम्मान किया जायेगा।ज्ज सियाम और भारतीय पेट्रोलियम उद्योग महासघ (फिपी) के साथ भारतीय वाहन अनुसंधान संघ (एआरएआई) के साथ द्वारा आयोजित इस संवाददाता सम्मेलन में तीनों संगठनों के अलावा तेल विपणन कंपनियों और वाहन निर्माता कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इसका उद्देश्य ई20 ईंधन पर आम लोगों में फैली भ्रांतियों को दूर करना था। श्री बनर्जी ने कहा कि वाहनों के मैन्युअल में उस समय के उपलब्ध ईंधनों का जिक्र होता है। इसका मतलब यह नहीं कि किसी पुराने वाहन में ई20 के इस्तेमाल को डीलर या सर्विस सेंटर वारंटी का उल्लंघन करार दे सकता है। ई20 ईंधन को लेकर उच्चतम न्यायालय में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई से दो दिन पहले आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एआरएआई के निदेशक रेजी मथाई ने कहा कि उनके संगठन ने साल 2010 में वाहनों ई10 और साल 2016 में ई20 ईंधनों के लिए वाहनों पर अध्ययन किये गये थे। इसके बाद साल 2023 में भी एक अध्ययन हुआ। इन अध्ययनों में पता चला कि ई10 ईंधन के लिए विनिर्मित वाहनों में ई20 ईंधन के इस्तेमाल से भी कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। उन्होंने स्वीकार किया कि इससे वाहनों के माइलेज में ई10 की तुलना में 2-6 प्रतिशत की गिरावट आती है।मंच पर मौजूद सभी वक्ताओं ने कहा कि माइलेज में कमी एक मात्र नुकसान है जबकि ई20 के कई फायदे होते हैं। इससे पर्यावरण को कम नुकसान होता है क्योंकि इथेनॉल शुद्ध रूप से कार्बन निरपेक्ष ईंधन है।

इस मौके पर फिपी के सलाहकार पी.एस. रवि, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कार्यकारी उपाध्यक्ष विक्रम गुलाटी, महिंद्रा एंड महिंद्रा के उपाध्यक्ष एस. शक्तिवेलन, हुंडई मोटर इंडिया के एसोसिएट उपाध्यक्ष पुनीत आनंद, टाटा मोटर्स के मुख्य उत्पाद अधिकारी मोहन सावरकर, बजाज ऑटो के उपाध्यक्ष मिलिंग पगारे, टीवीएस मोटर कंपनी के एसोसिएट उपाध्यक्ष एम.एस. आनंद कुमार और मारुति सुजुकी इंडिया के कार्यकारी समिति सदस्य सी.वी. रमण भी मौजूद थे।

## जुलाई में अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी में इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात बढ़ा

कोलकाता (वार्ता)। अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, ब्राजील और चीन जैसे प्रमुख बाजारों में माल ढुलाई को बढ़ावा मिलने से भारत द्वारा इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात जुलाई में चालू वित्त वर्ष 2025-26 में पहली बार 10 अरब अमरीकी डॉलर को पार कर गया। यह जानकारी भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद ने शनिवार को दी। जुलाई 2025 में भारतीय इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात कुल 10.43 अरब अमेरिकी डॉलर रहा जो जुलाई 2024 में 9.16 अरब अमेरिकी डॉलर की तुलना में 13.81 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इस वर्ष जुलाई में अमेरिका में इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 19 प्रतिशत बढ़कर 1.81 अरब डॉलर हो गया जबकि जुलाई 2024 में यह 1.52 अरब डॉलर था।

# किफायती, अभिनव स्वास्थ्य सेवा समाधानों की मांग साल दर साल 10 प्रतिशत से भी तेज होगी: अमित अग्रवाल



नयी दिल्ली (वार्ता)। फार्मास्यूटिकल्स विभाग के सचिव अमित अग्रवाल ने कहा है कि दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाले भारत में आगे के दशकों में किफायती और अभिनव स्वास्थ्य सेवा समाधानों की घरेलू मांग लगातार दस प्रतिशत से ऊंची दर से बढ़ने वाली है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि चिकित्सा प्रौद्योगिकी क्षेत्र का मुख्य लक्ष्य मरीज़ों की भलाई और घरेलू एवं वैश्विक, दोनों बाज़ारों के लिए उच्च-गुणवत्ता वाले, किफ़ायती चिकित्सा उपकरणों के विकास पर केंद्रित रहना चाहिए। श्री अग्रवाल राजधानी में आयोजित 17वें सीआईआई ग्लोबल मेडटेक शिखर सम्मेलन में भारत के चिकित्सा प्रौद्योगिकी के उभरते केंद्र के रूप में परिवर्तन पर प्रकाश डाला। सम्मेलन का विषय था, च्च्स्वस्थ भविष्य के लिए नवाचार – वैश्विक प्रभाव के लिए मेडटेक को आगे बढ़ाना- मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में चिकित्सा प्रौद्योगिकी के हितधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड के बाद, भारत ने एमआरआई और सीटी स्कैन मशीनों, मैमोग्राफी इकाइयों, वेंटिलेटर, स्टेंट, हर्ट वाल्व, डायलिसिस मशीनों और कई प्रकार के प्रत्यारोपण उपकरणों सहित उन्नत उपकरणों के घरेलू निर्माण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सफलतापूर्वक हासिल कर ली है।

उन्होंने कहा कि सरकार आगामी वर्ष में शुरू होने वाले तीन समर्पित चिकित्सा उपकरण पार्कों, उनके निरंतर बुनियादी ढांचे के उन्नयन के लिए नियोजित सहायता और चिकित्सा उपकरणों के लिए उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का उल्लेख किया और कहा कि सरकार ने इस उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए कई प्रमुख नीतिगत कदम उठाये हैं। प्रयोगशाला से बाज़ार तक की यात्रा को तेज़ करने के लिए नवप्रवर्तकों, उद्यमियों और निवेशकों के बीच गहन सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि इससे देश की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता मज़बूत होगी। उन्होंने उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और पिछड़े एकीकरण के लिए सीमांत निवेश योजना जैसी लक्षित नीतिगत पहल, और जल्द ही शुरू होने वाली 5,000 करोड़ रुपये की फार्मा मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार संवर्धन योजना से भारतीय मेडटेक क्षेत्र की लागत-प्रतिस्पर्धात्मकता और उत्पादन दक्षता में वृद्धि, घरेलू मूल्य श्रृंखला का गहनीकरण और एक मजबूत नवाचार के अनुकूल औद्योगिक-पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण होगा।

# अडानी पावर को मध्य प्रदेश में 800 मेगावाट की अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल ताप बिजली परियोजना का मिला ठेका



अहमदाबाद (वार्ता)। अडानी समूह की कंपनी अडानी पावर लिमिटेड को मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में प्रस्तावित 800 मेगावाट के एक नये अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल ताप विद्युत संयंत्र का अनुबंध मिला है। कंपनी ने खुली बोली में यह ठेका हासिल किया है। कंपनी ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि उसे इस संयंत्र से बिजली आपूर्ति के लिए एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (एमपीपीएमसीएल) से लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) प्राप्त हुआ है।अडानी पावर लिमिटेड अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया में 5.838 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली आपूर्ति की बोली लगायी थी। कंपनी संयंत्र और संबंधित बुनियादी ढांचे की स्थापना पर लगभग 10,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह परियोजना बढ़ते औद्योगीकरण और शहरीकरण के कारण मध्य प्रदेश की लगातार बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने में मदद करेगी। बोली की शर्तों के अनुसार अडानी समूह को यह ठेका 'डिज़ाइन, निर्माण, वित्त, स्वामित्व और परिचालन' (डीबीएफओओ) मॉडल के तहत मिला है। यह इकाई अनुबंध शुरू होने की नियत तिथि से 54 महीनों के भीतर चालू हो जायेगी। अडानी पावर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस बी ख्यालिया ने कहा, तेज़ आर्थिक विकास, विशेष रूप से बेस लोड बिजली के कारण भारत में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है, इसलिए देश की बढ़ती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए मज़बूत ऊर्जा बुनियादी ढांचे में निवेश करना ज़रूरी है। अडानी पावर अपनी क्षमता का विस्तार करके और उन्नत तकनीकों को अपनाकर देश के ऊर्जा भविष्य को स्थायी रूप से सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। अनूपपुर संयंत्र मध्य प्रदेश में निरंतर प्रगति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।केंद्र की शक्ति नीति के तहत इस बिजली संयंत्र के लिए कोयला लिंकेज मध्य प्रदेश को आवंटित किया गया है। इस परियोजना से निर्माण चरण के दौरान लगभग 6,000-7,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार मिलने और परिचालन शुरू होने पर लगभग 1,000 लोगों को प्रत्यक्ष रोज़गार मिलने की उम्मीद है। कंपनी को उम्मीद है कि राज्य डिस्कॉम के साथ समय रहते बिजली आपूर्ति समझौता (पीएसए) कर लिया जाएगा।

# अमेरिका के ऊंचे आयात शुल्क के खिलाफ राजधानी में व्यापारियों का प्रदर्शन

नयी दिल्ली (वार्ता)।



अमेरिका में भारत के सामान पर भारी आयात शुल्क लगाने की डोनाल्ड ट्रम्प सरकार की कार्रवाई को मनमानी बताते हुए दिल्ली के व्यापारियों ने फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन (फेस्टा) के बैनर तले शनिवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया और साथ ही सरकार से कर में कमी और ब्याज दर में राहत की अपील की।

प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी प्रशासन से आयात शुल्क वापस लेने और वार्ता के जरिये मसलों के समाधान का आह्वान किया है। सदर बाजार के कुतुब चौक पर आयोजित विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पेस्टा के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा और अध्यक्ष राकेश यादव ट्रम्प की व्यापार शुल्क नीति को भारत और अमेरिका के व्यापारिक संबंधों के लिए अहितकर बताया। प्रदर्शनकारी व्यापारी अपने हाथों में बैनर लिये हुए थे। वे ट्रम्प टैरिफ नीति वापस को वापस लो, अमेरिका तानाशाही बंद करें, जैसे नारे भी लगा रहे थे। श्री पम्मा और श्री यादव ने एक बयान में कहा कि अमेरिका की आयात शुल्क नीति भारतीय उद्योगों के लिए हानिकारक है और इससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।उन्होंने कहा कि भारत की औद्योगिक इकाइयों के पर अमेरिका के आर्डर पर करोड़ों रुपये का माल तैयार हुआ पड़ा है। अमेरिका के व्यापारियों ने पेशगी तक चुका रखी है, लेकिन ऊंचे शुल्क लगने से वे माल नहीं ले पा रहे। इससे उद्योग जगत को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। बयान में कहा गया है कि अमेरिका की आयात शुल्क नीति दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को प्रभावित करेगी और इससे व्यापार में कमी आ सकती है। अमेरिका को चाहिए कि वह अपने आयात कर फैसले पर पुनर्विचार करे तथा दोनों देशों के बीच सहयोग और समझौते के माध्यम से ही समस्याओं का समाधान निकाला जाये। फेस्टा ने नयी स्थिति से निपटने के लिए उद्योग व्यापार को वस्तु एवं सेवाकर ( जीएसटी ) में राहत और सस्ते कर्ज की सुविधा की मांग की है, ताकि भारतीय कारोबार स्वदेशी माल सस्ता किया जा सके। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए व्यापारी नेता कमल कुमार, दीपक मित्तल, वरिंदर सिंह,चौधरी योगेंद्र सिंह, हरजीत सिंह छाबड़ा, रजनीश भयाना और सुरेश जैन आदि ने भारत के कारोबार को निशाना बनाने के लिए ट्रम्प सरकार की निंदा की। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रम्प ने भारत पर सात अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क लागू करने के बाद 27 अगस्त से इसे दोगुना कर 50 प्रतिशत कर दिया है। ब्राजील के बाद यह भारत दूसरा देश है, जिस पर अमेरिका में 50 प्रतिशत का ऊंचा आयात शुल्क लागू है।

अमेरिका की एक संघीय अदालत ने ट्रम्प के अधिकांश आयात शुल्कों को मनमाना बताते हुए उन्हें गैरकानूनी करार दिया है। श्री ट्रम्प ने इस निर्णय को चुनौती देने की घोषणा की है। वर्ष 2024-25 में अमेरिका में भारत का निर्यात 87 अरब डॉलर के स्तर का था। इस तरह अमेरिका भारत के निर्यातकों के लिए सबसे बड़ा बाजार है। भारत के खिलाफ 50 प्रतिशत शुल्क लगने से भारत से जाने वाले वस्त्रादि, रत्न आभूषण, समुद्री झींगा, चमड़े के सामान और रसायनों का निर्यात प्रभावित होगा।

# स्वदेशी उत्पादों का उपयोग ही सच्ची राष्ट्रसेवा

## मुख्यमंत्री ने किया स्वदेशी से स्वावलंबन विषय पर राज्य स्तरीय संगोष्ठी का शुभारंभ

भोपाल।

मुख्यमंत्री एवं जनअभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वदेशी वस्तुएं केवल उत्पाद ही नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, धरोहर और हमारे मान-सम्मान का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया वोकल फॉर लोकल अभियान भारतीयता की इसी भावना को आगे बढ़ाने का माध्यम है। हमारे देशी उत्पाद न केवल विदेशी उत्पादों से अधिक मजबूत, किफायती और गुणवत्तायुक्त हैं, बल्कि इन्हें खरीदने पर हमें अधिकतम लाभ भी मिला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से आत्मीय आह्वान किया कि हर भारतीय नागरिक को न केवल स्वयं स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करना चाहिए, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। यही देश प्रेम हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। स्वदेशी भावना ही सच्ची राष्ट्रसेवा का सहज मार्ग है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में जनअभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में स्वदेशी से स्वावलंबन विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि कर इस एक दिवसीय संगोष्ठी का विधिवत् शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनअभियान परिषद द्वारा स्वदेशी अभियान के लिए तैयार किए गए पोस्टर एवं ब्रोशर का भी विमोचन किया। इस ब्रोशर में स्वदेशी वस्तुओं की सूची दी गई है। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के मध्य स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार की जनजागृति के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में इस एमओयू का दोनों संगठनों द्वारा परस्पर आदान-प्रदान भी किया गया। कार्यक्रम का आरंभ वंदे मातरम् गायन के साथ हुआ। आरंभ में आयोजकों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का तुलसी का पौधा भेंटकर स्वागत किया गया।



### स्वदेशी उत्पादों का ही उपयोग करने की शपथ दिलाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण की दिशा में विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का अधिकाधिक उपयोग ही देश के प्रति प्रेम और सच्ची राष्ट्र सेवा है। हम सभी को अपने जीवन में देशी उत्पादों का उपयोग बढ़ाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वदेशी भाव से सदैव जुड़े रहने के संकल्प के तहत कार्यक्रम में उपस्थित सभी को स्वदेशी उत्पादों का ही उपयोग करने की शपथ दिलाई।

### भारतीय वस्तुओं और भारतीय तकनीक की विश्व में धूम मची

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लघु उद्योगों से ही हमारी अर्थव्यवस्था कायम है। भारतीय वस्तुओं और भारतीय तकनीक की विश्व में धूम मची है। वैश्विक स्तर पर हमारे देश में निर्मित वस्तुओं की मांग बढ़ी है। यह वैश्विक मांग हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान भाव को और पोषित करती है। उन्होंने कहा कि पूरा राष्ट्र स्वदेशी के प्रति वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध है। हमारी संस्कृति ही हमें स्वदेशी का भाव सिखाती है। हम देशी वस्तुओं के प्रति अपने अंर्तमन से जुड़े हुए हैं। यह भावना ही स्वदेशी उत्पादों को और बेहतर स्वरूप देने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच दोनों का लक्ष्य एक है।

### 2024 में 7 करोड़ से अधिक श्रद्धालु उज्जैन आए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश में धार्मिक, आध्यात्मिक और वन पर्यटन बढ़ाने की दिशा में ठोस काम किए हैं। श्री महाकाल लोक के निर्माण के बाद वर्ष 2024 में 7 करोड़ से अधिक श्रद्धालु उज्जैन आए। हम हर सेक्टर में आगे बढ़ रहे हैं। पर्यटन के अलावा हम एमएसएमई यानि छोटे उद्योग और खनन क्षेत्र में निहित संभावनाओं को तलाशने के लिए प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में कॉन्क्लेव कर रहे हैं। यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश में रोजगारपरक उद्योग स्थापित करने वाले उद्योगपतियों और निवेशकों को किफायती दरों पर भूमि, बिजली, पानी के साथ-साथ प्रति श्रमिक 5 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि भी दे रहे हैं। इससे प्रदेश में नए उद्योग-धंधे लगेंगे, जिसका सीधा लाभ मध्यप्रदेश के निवासियों को मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को स्मृति चिन्ह के रूप में मिट्टी के गणेश की प्रतिमा भेंट की गई।

### स्वदेशी भाव लाएं, तभी हमारा देश समृद्ध बनेगा

संगोष्ठी में बैतूल विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि स्वदेशी एक बड़ा विषय है। राज्य सरकार स्वदेशी के प्रति जागरूकता और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रही है। हम सभी अपने मानस में, अपने आचरण में स्वदेशी भाव लाएं, तभी हमारा देश विकसित और समृद्ध बनेगा। हम अपनी संस्कृति और धरोहर को बचाए रखें और सरकार के स्वदेशी भाव से जुड़े हर काम, हर अभियान में सहयोगी बनें। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर जागृति लाएंगे, तभी तो स्वदेशी की भावना हर नागरिक तक पहुंचेगी।

### स्वदेशी के प्रति जागृति लाने के लिए प्राण-प्रण से जुटे

जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहा कि यह राज्य स्तरीय संगोष्ठी स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से आयोजित की गई है। दोनों संगठन स्वदेशी के प्रति जागृति लाने के लिए प्राण-प्रण से जुटे हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 25 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक जनअभियान परिषद स्वदेशी जागरण सप्ताह मनाएगा। हम इसे जन-जन का अभियान बनाएंगे। उन्होंने बताया कि हम सरकार के हर अभियान को प्रदेश के हर नागरिक तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। विगत 30 मार्च से 30 जून तक चले जल गंगा संवर्धन अभियान में जन अभियान परिषद ने 40 लाख लोगों की सहभागिता कराई।



# 64 कैमरों में से मात्र 17 सीसीटीव्ही कैमरे चालू

**हटा।** नगर पालिका द्वारा नगर में जगह-जगह चौराहों पर सीसीटीव्ही कैमरे लगाए गए थे जिनकी स्थापना के समय ठेकेदार द्वारा देखरेख की गारंटी भी दी गई थी किन्तु ठेकेदार द्वारा देखरेख के अभाव में अधिकांश कैमरे खराव हो गए हैं। आरम्भ में 64 कैमरे लगाए गए थे। शुरआत में ही कुछ खराब हो गए थे जिनकी संख्या बढ़ते-बढ़ते 47 तक पहुंच गए। आज की तारीख में मात्र 17 कैमरे चालू हैं। नगर के थाना मंदिर चौराहा में पिछले दिनों हुए विवाद में जब लोगों की शिनाख्त की बात आई तो कैमरे खराब मिले। अंधियारा बगीचा चौराहा, चण्डी जी चौराहा, रतन बजरिया, बस स्टैंड, बड़ा बाजार, चण्डी जी मंदिर आदि स्थानों पर प्रतिदिन ही सीसीटीव्ही फुटेज की जरूरत पड़ती है किंतु कैमरे चालू हालात में न होने के कारण फुटेज नहीं मिल पाते। नगर पालिका द्वारा जब भी ठेकेदार को कैमरे सुधारने सूचना दी जाती है, कोई रेस्पॉन्स नहीं दिया जाता जिसके कारण यह स्थिति उतपन्न हुई है। कैमरों द्वारा नगर की गतिविधियों पर सतत निगरानी के लिए एलईडी को पुलिस थाने में लगाया गया है किन्तु पुलिस स्टाफ द्वारा भी कैमरों द्वारा नगर पर किसी भी प्रकार की नजर नहीं रखी जा रही। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी स्टेटमेंट के लिए उपलब्ध नहीं हुई।

# वन विभाग परिसर में बाउंड्री बनकर होगा व्यापक पौधारोपण

हटा। नगर में चण्डी जी मन्दिर गायत्री शक्तिपीठ के पीछे फारेस्ट का बहुत बड़ा भू भाग खाली पड़ा है जहां समय समय पर अतिक्रमण कारी काबिज हो जाते है। वन विभाग के अधिकारी उन्हें बेदखल करते है गायत्री शक्तिपीठ के पीछे मानपुरा रॉड की सड़क और उमाश्री काम्प्लेक्स के बीच वन विभाग का बड़ा भू भाग कई बार पौधारोपण के बबजूद धीरे-धीरे सिकुड़कर अतिक्रमण की चपेट में आता जा रहा है। इस समस्या के स्थायी निदान हेतु वन बिभाग के आला अधिकारी पूरे परिसर को बाउंड्री वाल से आरक्षित करने की योजना पर कार्य कर रहे है।

# बांदकपुर से हटाई गई प्रतिमा को पुनः स्थापित करने की मांग

दमोह।

दमोह जिले के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र बांदकपुर मे भगवान गणेश की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रशासन उसे हटाए जाने पर किसान कांग्रेस अध्यक्ष नितिन मिश्रा ने घोर आपत्ति कर जिला प्रशासन से मूर्ति को पुनः यथास्थान स्थापित करने की मांग की है।



उन्होंने मूर्ति स्थापना करने वाले पक्ष से मुलाकात की। जहां संध्या नामक ने बताया कि उनकी पैत्रिक जमीन बांदकपुर में है। जिसमें उनके ससुर श्यामसुंदर नायक एवं ग्रामीणों ने गणेश चतुर्थी के दिन विधि विधान से भगवान गणेश की स्थापना कराई थी अचानक से दूसरे सुनें मनमाने तरीके से मूर्ति को हटा। परिवार के नाम शासकीय रिकार्ड में जमीन दर्ज थी जो अचानक से सरकार के रिकार्ड में जमीन दर्ज कर दी गई जबकि परिवार को इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई जानकारी लेने पर पता चला कि भू अर्जन की कार्यवाही की गई परंतु रिकाई मागने पर नकर विभाग ने आवेदन इस जानकारी लेख कर वापस कर दिया कि ऐसा कोई भू अर्जन का रिकार्ड जमा नहीं हैं। इस प्रकार परिवार को बिना कोई नोटिस पर जानकारी दिए उनकी भूमि शासकीय रूप में दर्ज कर ली गई जबकि वर्षो से वहीं काबिज है।

नितिर मिश्रा ने प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही पर दमोह कलेक्टर एवं एसडीएम से मांग की है कि तत्काल मूर्ति को यथा स्थान रखा जाए एवं मामले की निष्पक्ष रूप से जांच की जाएं अन्यथा एक वृहद आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जबावदारी प्रशासन की होगी।

# 1 से 6 सितंबर तक यूजी और पीजी के लिए विशेष सीएलसी चरण

**भोपाल ।** उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में, शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये, स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर 1 से 6 सितंबर तक विशेष सीएलसी चरण होगा। स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए, यह प्रवेश का अंतिम चरण है। आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा ने बताया कि समस्त प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रदान किए जायेंगे और यह सुविधा केवल रिक्त सीटों के लिए ही होगी। रिक्त सीटों की जानकारी विद्यार्थी के लॉगिन एवं महाविद्यालय के लॉगिन पर प्रदर्शित होंगी। पंजीकृत विद्यार्थी सम्बंधित महाविद्यालय में सीधे प्रवेश शुल्क जमा करके प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थी जिस महाविद्यालय में प्रवेश चाहते हैं, वहां सीट रिक्त होने पर सीधे महाविद्यालय पहुँच कर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थी, प्रवेश के विषय में समस्त जानकारी अथवा अन्य किसी समस्या के लिए संबंधित महाविद्यालय के हैल्प सेंटर पर संपर्क कर सकते हैं। नवीन पंजीकृत विद्यार्थी, केवल एक महाविद्यालय में पंजीयन करा सकेंगे। विद्यार्थी सम्बंधित महाविद्यालय के हैल्प सेंटर पर वेरिफिकेशन के बाद, शुल्क जमा कर उसी दिन प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे।

मेजर, माइनर के अतिरिक्त अन्य विषय में प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की पात्रता, विश्वविद्यालय अपने स्तर पर निर्धारित कर सकेंगे। समस्त सम्बंधित प्राचार्यों को विश्वविद्यालय से समन्वय कर इनके पात्रता निर्धारण की कार्यवाही करनी होगी। यह प्रक्रिया 1 से 6 सितंबर तक ही होगी। उक्त प्रक्रिया के अंतर्गत 6 सितंबर को शाम 5 बजे तक प्रवेश शुल्क जमा कर प्रवेश प्राप्त किया जा सकता है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि 6 सितंबर को निर्धारित समय के बाद किसी भी दशा में प्रवेश मान्य नहीं होंगे।

# फ्लैगशिप योजनाओं पर कार्यशाला का आयोजन

**दमोह।** उद्यमिता विकास केंद्र दमोह में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार अंतर्गत मेरा युवा भारत दमोह द्वारा कार्यशाला का आयोजन उपनिदेशक रोहित यादव के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को मार्गदर्शन दिया गया। जिला समन्वयक पीएन तिवारी ने उपस्थित प्रतिभागियों को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि शासन द्वारा जो भी योजनाओं का संचालन किया जाता है वह जन कल्याण हेतु बनाई जाती है ताकि नागरिक उनका लाभ ले सकें। उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजनाएपी एम मुद्रा योजना के साथ ही व्यापार एवं उद्यम स्थापित करने हेतु विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। पिरामिल फाउंडेशन से सीनियर प्रोग्राम लीडर काजल पांडे ने कहा कि हमें जीवन मे आगे बढ़ने हेतु सतत रूप से मेहनत करनी होगी तभी हम सफल हो सकते हैं। उन्होंने विभिन्न फेलोशिप योजनाओं की जानकारी दी गई।

डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रामर पिरामिल फाउंडेशन आदित्य जैन



ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ गांधी फेलोशिप एवं विभिन्न प्रकार की फेलोशिप की जानकारी दी। इसके साथ ही कार्यशाला में डिजिटल इंडिया इनिसिएटिव कार्यक्रम, पीएम विश्वकर्मा योजनाएपी एम उज्ज्वला योजना की जानकारी दी। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह तेजखान लेखा एवं कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया। आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर नमन खरे, यशराज सिंह, जितेन्द्र सिंह राजपूत, आशीष श्रीवास्तव, संजय गर्ग, अनुराधा रजक, पूजा विश्वकर्मा के साथ बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की उपस्थिति रही।

# सार्थक इतिहास की समझ के लिये पुस्तकालय जरूरी : हरीश चौधरी

## प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में लाइब्रेरी की शुरुआत

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में विचार विभाग के अंतर्गत सुविचारित पुस्तकालय की शुरूआत प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के करकमलों से हुई।

इस अवसर पर हरीश चौधरी ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे आवश्यक कदम बताया।उन्होंने कहा कि जिस तरह से संघ और भाज पार्टी इतिहास की घटनाओं को घृणा के रूप में उकेरकर इतिहास को भ्रामक बनाने की चेष्टा कर रही है ,यह पुस्तकालय कार्यकर्ताओं को संदर्भ के साथ सच्चाई सामने.रखने में मदद करेगी।





चोधरी ने कहा कि हमारे नेताओं ने किस तरह एक खून से लथपथ देश को महान राष्ट्र बनाया यह इतिहास बयान करता है।देश के नागरिकों को यह पता लगना चाहिए कि संघ अपनी प्रदर्शनी में जिन्ना की एक राष्ट्रभक्त के रूप में तस्वीर लगाता है और उसकी मजार पर इनके नेता चादर चढ़ाते हैं,और आजादी के आंदोलन का विरोधी होने के बाद बेशर्मी से राष्ट्रभक्ति के सर्टिफिकेट बांटते हैं। प्रदेश कांग्रेस विचार विभाग के अध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि देश के ख्यात इतिहासकारों द्वारा रचित भारतीय इतिहास,स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास,कांग्रेस के नेताओं महात्मा गांधी, पं जवाहर लाल नेहरू,सरदार पटैल,सुभाषचंद बोस,वेद,वेदांग,मानस सहित अन्य राजनीतिक विचारधाराओं पर भी पुस्तकों का संकलन कार्यकर्ताओं के सहयोग से शुरू हुआ है।

# अग्रसेन जयंती पर पौधारोपण एवं सम्मान समारोह

दमोह।

अग्रवाल महिला मिलन समिति दमोह द्वारा पिछले दो वर्षो से लगातार बंजर भूमि को अग्रसेन वाटिका के रूप में हरा भरा बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 22 सितंबर को होने वाली अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में आज विशेष पौधारोपण अग्रसेन वाटिका में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज अध्यक्ष राकेश पूर्व अध्यक्ष रवि शंकर उपाध्यक्ष राजबहादुर सचिव विजय अग्रवाल कोषाध्यक्ष अनिल, कार्यकारिणी समिति से किशोरी, संदीप, पवन, केसी, विकास, जयकुमार, बृजेश, ऋषभ, विराज के साथ महिला मिलन अध्यक्ष संगीता महिला मिलन पूर्व अध्यक्ष अनीता, पूर्व अध्यक्ष प्रमिला पूर्व अध्यक्ष कुसुम, पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा,



उपाध्यक्ष सीमा, सचिव बीणा, सहसचिव रचना, मीडिया प्रभारी सपना, सांस्कृतिक सचिव रशमी, कोषाध्यक्ष सपना के साथ शीला पसारी, अंजलि माधुरी, शशि गर्ग, शैली, सीतारानी, मृदुला, सरोज, अर्चना, लता, प्रतीक्षा की उपस्थिति रही। इस अवसर पर अनेक परिवारों ने श्रद्धा और उत्साह से जय अग्रसेन के जयकारे के साथ पौधे रोपित किए। स्व. आशा की पुण्यतिथि पर उनके पुत्र विकास व विराज ने पौधरोपण कर श्रद्धांजलि दी। अभ्युदय के जन्म उपलक्ष्य में उनकी नानी माधुरी ने पौधा रोपित किया। बृजेश की ओर से पौधा लगाया गया। डॉ. जेपी पसारी की धर्मपत्नी डॉ. शीला पसारी, शाशी गर्ग, रचना अनीता ने पौधे रोपित किए। ऋषभ ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण कर सहयोग किया। महिला मिलन की बहनों के सहयोग से यह बंजर भूमि आज हरी भरी वाटिका का रूप ले रही है। पौधों के संरक्षण हेतु महिलाओं ने स्वयं के खर्च से तार फेंसिंग कराई है जिससे पौधों का सुरक्षित रखरखाव संभव हुआ। इसी अवसर पर समाज में पहली बार लोकतांत्रिक प्रक्रिया से संपन्न हुए चुनाव के उपरांत 20 लकी ड्रा विजेताओं को भी महिला मिलन समिति द्वारा सम्मानित व पुरस्कृत किया गया।

## गौरीशंकर मुक्तिधाम को मोक्ष पार्क के रूप में विकसित करने कार्य आरंभ

**हटा।** शैलेन्द्र खटीक की अध्यक्षता वाली नगर पालिका परिषद ने हटा के देव गौरीशंकर वार्ड के मुक्तिधाम को मोक्ष पार्क के रूप में विकसित करने की कार्य योजना को मूर्तरूप देना आरम्भ कर दिया है। लगभग पांच एकड़ क्षेत्र में स्थित मुक्तिधाम में जहां तहां पसरी झाड़ियों को साफ कराकर खंडित ढांचे हटाये जा रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदों की देखरेख में जेसीबी मशीन द्वारा मुक्तिधाम को समतल बनाया जा रहा है। तकनीकी एक्सपर्ट आवेश द्वारा मुक्तिधाम के विकास और सुन्दरीकरण की कार्ययोजना तैयार की जा रही है जिसके अंतर्गत मुक्तिधाम में चार बड़े-बड़े द्वार बनांकर चौकीदार की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी।

# प्रदेश में सुव्यवस्थित खेल अधोसंरचना और सुदृढ़ खिलाड़ियों का निर्माण सतत प्रक्रिया: सारंग

## राष्ट्रीय खेल दिवस महोत्सव का दूसरा दिन, सरदारपुर की टीम ने मिनी ब्राजील विचारपुर को रोमांचक मुकाबले में 1-0 से हराया

**भोपाल।** राष्ट्रीय खेल दिवस से शुरू हुए प्रदेशव्यापी खेल महोत्सव के दूसरे दिन टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में मिनी ब्राजील के नाम से प्रसिद्ध शहडोल जिले के विचारपुर ग्राम और धार जिले के सरदारपुर ग्राम की महिला फुटबॉल टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मैच की शुरुआत की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में विचारपुर ग्राम को मिनी ब्राजील के रूप में उल्लेखित कर पूरे देश को प्रेरित किया है। यह हमारे लिए गर्व





और जिम्मेदारी दोनों है कि हम खेलों को जमीनी स्तर तक प्रोत्साहित कर उनके सपनों को साकार करें। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि विचारपुर और सरदारपुर दोनों ही ग्रामों में फुटबॉल का माहौल बेहद सकारात्मक है और यहां हर घर में खेलों के प्रति विशेष लगाव देखने को मिलता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग इन ग्रामों से प्रेरणा लेकर प्रदेश में फुटबॉल के और अधिक विस्तार और सुदृढ़ीकरण की दिशा में ठोस कदम उठाएगा।

### मैच का रोमांच

मुकाबले की शुरुआत से ही सरदारपुर की टीम ने दबदबा बनाए रखा। पहले हाफ में ही सरदारपुर की कप्तान और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी सुश्री ज्योति चौहान ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद विचारपुर की टीम ने पूरे दमखम से खेला, लेकिन बराबरी का गोल करने में सफल नहीं हो सकी। निर्धारित समय की समाप्ति पर स्कोर 1-0 रहा और सरदारपुर ने यह यादगार मुकाबला अपने नाम किया। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विचारपुर की गोलकीपर सुश्री उमा केवट और सरदारपुर की कप्तान सुश्री ज्योति चौहान को 21,000 की सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### सरदारपुर टीम

ज्योति चौहान (कप्तान), सुनीता भाबर (गोलकीपर), चंचल, बुलबुल, गायत्री, दीपिका, रक्षा, स्नेहा, दामिनी, दिव्यांशी, मानवी, मनीषा, सोनू, अर्चिता, वंशिका, प्रतिभा।

### विचारपुर टीम

यशोदा सिंह (कप्तान), उमा केवट (गोलकीपर), एकता रजक, सपना गुप्ता, सानिया सिंह, सानिया कुंदे, रजनी सिंह, सोनू बैगा, राधनी सिंह, शबनम केवट, रेनू केवट, भारती बैगा, शीतल बैगा, पुनीता सिंह, स्नेहा सिंह, लक्ष्मी, सोहनी कोल।

### विशिष्ट अतिथि

इस अवसर पर पूर्व क्रिकेटर और मोटिवेशनल स्पीकर मदनलाल शर्मा, हाइपरफॉर्मेंस स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट डॉ. संजना किरन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संचालक राकेश गुप्ता, उप संचालक बीएस यादव, पूर्व कमिश्नर राजीव शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र./0304/अ-6/2025-26 जबलपुर, दिनांक...

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील चौरसिया पिता स्व. उमा प्रसाद चौरसिया निवासी माढ़ोताल 1608 दीनदयाल उपाध्याय वार्ड जबलपुर के द्वारा मौजा माढ़ोताल 660 नं.ब. 25/31 खसरा नं. 187 रकबा 1000 वर्गफुट भूमि पर निर्मित मकान विक्रेता बाबूलाल केवट एवं मंसूर अहमद वल्द स्व. मंजूर अहमद सा. अंधेरदेव जबलपुर जिसे पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 3.12.2002 के आधार पर वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत उक्त पेशी दिनांक 5.9.25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 25.08.2020
पेशी दिनांक - 05.09.2020

सील

**नायब तहसीलदार अधारताल, जबलपुर**

# दोबारा करें तालाबों का सीमांकन, आगामी त्यौहारों पर रखें चाक चौबंद व्यवस्था





## कलेक्टर की अध्यक्षता में विभिन्न मुद्दों पर बैठक का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आज कलेक्टर सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, एडीएम नाथूराम गोड सहित सभी राजस्व अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने राजस्व संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व रिकॉर्डों की स्कैनिंग शुरू हो जाए। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा पर उन्होंने इस दिशा में कम प्रगति लाने वाले छह पटवारियों के वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश भी दिए। बैठक में विशेष रूप से तहसील वार नामांतरण, बटवारा, सीमांकन व वसूली की स्थिति समीक्षा की गई। सीमांकन की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिले में जितने भी तालाब हैं, उनके सीमांकन के लिए दल बनाएं और सीमांकन कर मुनारा या स्थाई चिन्ह बनाएं। यदि कोई मुनारा को हटाता है तो उनके विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई किया जाए।

### एजेंटों, दलालों की करें पहचान

कलेक्टर श्री सक्सेना ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि वे राजस्व न्यायालय परिसर का सतत निरीक्षण करें, एजेंटों और दलालों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें। बैठक में इसके अलावा धारणाधिकार, प्रधानमंत्री मंत्री किसान सम्मान निधि, अवैध कालोनियों के रिपोर्ट, सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण आदि पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

### त्यौहारों की व्यवस्थाओं पर हुई चर्चा

इसके साथ ही कलेक्टर दीपक सक्सेना और पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने आज गणेश विसर्जन की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर सभागार में बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि परम्परागत रूप से जिन स्थानों पर गणेश विसर्जन किया जाता है, वहां की संपूर्ण व्यदस्थाओं का जायजा लें ताकि किसी प्रकार की कोई अनहोनी न हो। नगर निगम लाईटिंग व रैलिंग की व्यववस्था करें। साथ ही कहा कि गणेश विसर्जन अनंत चतुर्दशी में ही करना सुनिश्चित करें, क्योंकि श्राद्धपक्ष में विसर्जन को अच्छात नहीं माना जाता है। पुलिस अधीक्षक श्री उपाध्याय ने कहा कि विसर्जन के दौरान दो से ज्यादा डीजे न हो और जरूरत से ज्यालदा डेसीबल पर यदि डीजे बजते हैं तो उन पर कार्यवाही की जायेगी। ईद मिलादुन्नयबी की व्यवस्थाओं के संबंध में भी चर्चा कर कहा कि शांति समिति की बैठक के दौरान व्यवस्थाओं को लेकर जो सुझाव आये थे उनका अमल करना सुनिश्चित किया जाये। सभी संबंधित अधिकारी पिछले वर्षों की भांति तैयारियों का जायजा लें और व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## 21 दिसंबर से खेल महोत्सव की शुरूआत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सांसद आशीष दुबे की अध्यक्षता में शनिवार को सांसद खेल महोत्सव को लेकर कलेक्टर सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्ट्र दीपक सक्सेना, पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय आदि मौजूद रहे। सांसद श्री दुबे ने कहा कि 21 से 25 दिसम्बर तक चलने वाले सांसद खेल महोत्सव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का फोकस रहता है कि युवाओं को खेलों से जोड़ा जाये और परम्परागत खेलों के साथ नए खेलों से भी युवाओं को जोड़कर उनका बेहतर भविष्य सुनिश्चित किया जाये। 20 सितम्बर तक यूनिफाईड डेस्क बोर्ड पर खेल के रजिस्ट्रेशन होंगे और 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक यह महोत्सव चलेगा। जिसमें परम्परा गत खेल खो-खो, कबड्डी, दौड़, क्रिकेट, वॉलीबॉल आदि के साथ कैरियर मूलक खेल भी होंगे।

# खेलो इंडिया अस्मिता योगासन सिटी लीग आज

### विभिन्न जिलों के एथलीट दिखाएंगे अपनी प्रतिभा का हुनर



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जबलपुर खेलो इंडिया अस्मिता योगासन सिटी लीग का उद्घाटन आज दिनांक 31 अगस्त को मप्र योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में हितकारिणी महिला महाविद्यालय एवं जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंस रिसर्च में किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि मप्र ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव दिग्विजय सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रो छाया राय पूर्व विभागाध्यक्ष रादुविवि, हितकारिणी नस नर्सिंग कॉलेज जबलपुर शासी निकाय के अध्यक्ष मुकुल खंपरिया, हितकारिणी महिला महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष हर्ष जैन प्राचार्य द्वय डॉ नीलेश पांडे , डॉ सपना दास की उपस्थिति में किया जाना है ।

***2 आयु वर्गों में प्रतियोगिता का आयोजन***- उक्त आशय की जानकारी मप्र योगासन स्पोर्ट्स एसोशिएशन के सचिव दिनेश सिंह ठाकुर ने बताया भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा संपूर्ण भारत के 50 प्रमुख सिटी में योगासन सिटी लीग कराने का निर्णय लिया गया। जिसमें से मप्र के जबलपुर, इंदौर और भोपाल को उक्त आयोजन हेतु चुना गया । इस आयोजन में आर्टिस्टिक सिंगल एवं ट्रेडिशनल प्रतियोगिता 2 आयु वर्गों में खेली जाएंगी। जिनमें 12 से 18 वर्ष एवं 18 से 55 वर्ष शामिल हैं । साथ ही इस प्रतियोगिता में मप्र के विभिन्न जिलों के लगभग 250 बालिका एवं महिला एथलीट अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगें ।

# पत्रकार पर प्राणघातक हमला

### गढ़ा क्षेत्र में देर रात हुई वारदात

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

गढ़ा थाना क्षेत्रातंर्गत सिंघई पेट्रोल पंप के पास बीती देररात कार सवार बदमाशों ने एक पत्रकार पर लाठी व रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल सुनील सेन को उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराय गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है। अस्पताल पहुंची पुलिस को गढ़ा त्रिपुरी चौक निवासी 40 वर्षीय सुनील सेन ने बताया कि वह सेट न्यूज में रिपोर्टर का काम करता है। बीती रात करीब डेढ़ बजे मेडिकल अस्पताल से अपने काम के सिलसिले में मदनमहल की ओर से अपनी डीलक्स बाईक से जा रहा था। जैसे ही वह सिंघई पेट्रोल पम्प के सामने पहुंचा तभी पीछे से नीले रंग की शिफ्ट कार आयी। जिसके ड्रायवर ने उसकी मोटरसाइकिल के सामने कार रोक दी। कार में नम्बर प्लेट नहीं थी। कार से ड्रायवर सहित चार लड़के उतरे जो हाथ में डंडा एवं लोहे की राड लिये थे चारों गाली गलोज करते हुये बोले कि कई दिनों से समझा रहे हैं, आज तुझे जान से खत्म कर देगें, कहते हुये डंडा एवं राड से हमला कर दिया। जिससे उसके सिर हाथ पैर पीठ में चोटें आई है। वह किसी तरह अपनी जान बचाकर मौके से भागा। जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है ।

## हितकारिणी सभा के वरिष्ठ सदस्य कमल जैन का निधन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी सभा के वरिष्ठ आजीवन सदस्य, पूर्व उप सभापति, एडवोकेट नोटरी श्री कमल जैन का 79 वर्ष की आयु में शनिवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन के समाचार से हितकारिणी सभा और विधि जगत में शोक की लहर दौड़ गयी। श्री जैन 1969 में पूर्व एडवोकेट जनरल, पूर्व सांसद एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल स्व. निर्मलचंद जैन के साथ वकालत प्रारंभ करते हुए 1990 में मप्र शासन के विधायी एवं विधि विभाग द्वारा नोटरी के पद पर नियुक्त हुए थे। वे कई महाविद्यालयों में शासी निकाय अध्यक्ष पद पर आसीन रहे। हितकारिणी सभा के उप सभापति के पद पर भी आसीन रहे। श्री कमल जैन ने अपनी पूरी जिंदगी न्याय की दिशा में समर्पित कर दी। समाज के प्रति उनकी सेवा भावना अकल्पनीय रही। हितकारिणी सभा के उत्तरोत्तर विकास यात्रा में उन्होनें महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सभा के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण की मिषाल दी जाएगी। उनके निधन पर हितकारिणी सभा के सभासदों, स्कूल कॉलेज के स्टॉफ और सभा कार्यालय के कर्मचारियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है ।

# डिजिटलाइजेशन के माध्यम से संरक्षित होंगे रादुविवि के सभी रिकॉर्ड

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में माननीय कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय में डिजिटलाइजेशन प्रक्रिया को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। कुलगुरु प्रो. वर्मा ने कहा कि डिजिटलाइजेशन के लिए किये जा रहे कार्य क्रांतिकारी प्रयास हैं। यह समय-सीमा में पूर्ण हों, यह आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कार्य पूर्णता पर मिलने वाले परिणाम विश्वविद्यालय व्यवस्था के प्रेरणा के स्त्रोत होंगे। बैठक में कुलगुरु प्रो. वर्मा ने कहा कि डिजिटलाइजेशन कार्य के सुचारू संचालन के लिए जरूरी है कि सभी पूर्ण आत्म-विश्वास के साथ अधिकारिता के अनुसार स्वतंत्र रूप से कार्य करें। कार्य में आने वाली समस्याओं का समाधान भी करें। आटोमेशन के लिए यूजीसी, राज्य सरकार और राजभवन के भी निर्देश हैं। शैक्षणिक और एकेडमिक व्यवस्था एवं रिकॉर्ड को दुरुस्त एवं संरक्षित करने के लिए भी यह व्यवस्था जरूरी है। बैठक में विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण दस्तावेज, जिनको भविष्य के लिए संरक्षित रखा जाना आवश्यक है, उन दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन कर संरक्षित किए जाने हेतु निर्णय लिया गया। इसके लिए सभी संबंधित विभागों से दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त कर उनका डिजिटलाइजेशन किया जायेगा। इस हेतु प्रथम चरण में दिनांक 1 जनवरी 2024 से दिनांक 31 मार्च 2025 तक सभी दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन किया जायेगा। इसके बाद के दूसरे चरण में इसके पहले के वर्षों के सभी विभागों के समस्त दस्तावेजों के डिजिटलाइजेशन का कार्य भी पूरा किया जायेगा। बैठक में प्रो. सुरेन्द्र सिंह, प्रो. मृदुला दुबे, सहायक कुलसचिव पवन साहू, डॉ. अजय कुमार गुप्ता एवं डॉ. विनय तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## अवारा श्वानों से निपटने नगर निगम का साथ देंगी कई संस्थाएं



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

आवारा कुत्तों की समस्या को निपटने हेतु शहर की निजी संस्थाओं तथा एनजीओं ने शेल्टर होम: नसबंदी तथा वैक्सीनेशन में नगर निगम को साथ देने का निर्णय लिया। इस हेतु ठोस कार्य योजना नगर निगम बनाये, जो प्रदेश के दूसरे शहरों के लिए भी यह मॉडल मार्गदर्शक बन सके। यह निर्णय शनिवार को नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के तत्वावधान में आयोजित श्वानों को पसंद करने वाले तथा एनजीओं की बैठक में लिया गया। बैठक में लगभग 10 एनजीओं, 15 श्वान प्रेमी एवं एक्टिविस्ट तथा विभिन्न निजी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं नगर निगम के अधिकारी भी शामिल रहे।

बैठक में नागरिकों ने अनेकों सुझाव प्रस्तुत किये जिन्हे नगर निगम के साथ होने वाली आगामी बैठक के एजेण्डा में शामिल किया जायेगा।

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने एनजीओं की बैठक में संदेश देते हुए कहा कि आवारा कुत्तों की समस्या को निपटने हेतु शीघ्र ही एनजीओं के साथ बैठक कर कार्ययोजना बनायी जायेगी। बैठक में डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, डॉ. ओपी श्रीवास्तव, अभिजीत मुखर्जी, डॉ. अमीर खान, डॉ. नीलिमा शर्मा, मनीष कनौजिया, पूजा पाण्डे, वंदना ओझा आदि उपस्थित रहे।

## फ्लाईओवर ब्रिज पर फिर हुई चालानी कार्यवाही

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर दीपक सक्सेना एवं पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देशानुसार शनिवार को एसडीएम आधारताल, एसडीओपी आधारताल, राजस्व अमले व पुलिस बल के साथ मदन महल-दमोहनाका ओव्हर ब्रिज पर रील बनाने, हेलमेट नहीं पहनने तथा यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही उन्हें यातायात नियमों के पालन करने को कहा गया।

# उड़द-मूंग चोरी करने के आरोपी पकड़े गये

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पनागर थाना क्षेत्र अंतर्गत मनकवारा में उड़द और मूंग की चोरी करने वाले चोरों को पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपियों ने चोरी की गई फसल को बेचकर रकम उड़ा दी थी। पुलिस ने उनके कब्जे से नकदी और वाहन बरामद किया है। मनकवारा निवासी भगवानदास पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर उसके घर से 30 क्विंटल उड़द और मूंग चोरी कर ले गए। शिकायत दर्ज होते ही पुलिस ने जांच शुरू की और संदिग्धों की तलाश में जुट गई।पुलिस की जांच में सामने आया कि सचिन केवट, परमूलाल केवट और जितेंद्र केवट ने मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों ने चोरी का माल बेचकर जो रकम प्राप्त की थी, उसका एक हिस्सा खर्च कर दिया जबकि शेष राशि उनके पास से जब्त की गई।

# प्रसिद्ध सर्जन डॉ. महक भंडारी को सर्जरी में पीएचडी उपाधि

### पहली हर्निया की सफल टेली रोबोटिक सर्जरी कर रचा इतिहास



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

श्री अरबिंदो इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (सैम्स) के मैनेजिंग डायरेक्टर और विश्व के जाने-माने सर्जन डॉ. महक भंडारी को उनके शोधकार्य के लिए मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। बतां दें कि भारत में पहली बार हर्निया की सफल टेली रोबोटिक सर्जरी कर इतिहास रचने वाले डॉ. भंडारी रोबोटिक के साथ-साथ लेप्रोस्कोपिक और बेरियाट्रिक मेटाबोलिक सर्जरी के भी विशेषज्ञ सर्जन हैं। उनके कई अन्य शोधकार्य भी जल्द ही निकट भविष्य में पूरे होने वाले हैं। एमजीएम मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस के बाद मुंबई के डीवाय पाटिल मेडिकल कॉलेज से एमएस करने वाले डॉ. भंडारी ने हाल ही में विश्व में पहली बार सर्जन ऑन व्हील्स अभियान के तहत इर्काड-इंडिया सेंटर में एडमिट मरीज की चलती बस से टेली रोबोटिक सर्जरी की थी।

### मेडिकल फील्ड के फेवरेट यूथ आइकॉन

श्री अरबिंदो विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. मंजूश्री भंडारी, श्री अरबिंदो अस्पताल के फाउंडर चेयरमैन डॉ. विनोद भंडारी और विश्व में बेरियाट्रिक सर्जरी के पर्याय बन चुके डॉ. मोहित भंडारी ने डॉ. महक की सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने बताया कि डॉ. महक अपनी मेडिकल स्टूडेंट लाइफ के शुरुआती दौर से ही सफल सर्जन बनना चाहते थे और अपने इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने दिन-रात कड़ी मेहनत की है। इंदौर के साथ-साथ उन्होंने रतलाम और बड़वाह स्थित संस्थान के अस्पतालों में भी कम समय में बड़ी संख्या में मरीजों की सफल सर्जरी कर कई रिकॉर्ड कायम किए हैं। इसके अलावा कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मेडिकल कार्फ्रेंसेस एवं अन्य विशिष्ट आयोजनों में भी वो अपने हुनर का सफल प्रदर्शन कर देश-विदेश में इंदौर का नाम रोशन कर रहे हैं। मरीजों को जल्द से जल्द रोगमुक्त कर उन्हें आरोग्य प्रदान के लिए अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और लेटेस्ट टेक्निकल अपडेट्स के इस्तेमाल के पक्षधर डॉ. महक भंडारी अपनी इन्हीं खूबियों के चलते मेडिकल फील्ड के वर्तमान दौर के सबसे फेवरेट यूथ आइकॉन बन चुके हैं। उनकी धर्मपत्नी डॉ. श्वेता भंडारी भी शहर की सुप्रसिद्ध चिकित्सक हैं और डॉ. महक के सभी शोध कार्यों में पूरे मनोयोग से सहयोग करती है।


आवश्यकता हैं....
श्री विचक्षण जैन अस्पताल
प्योरिटी सर्विसेज, नागपुर द्वारा संचालित

| क्रं. | पद | पदों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | Staff Nurse | 4 | GNM, Bsc Nursing |
| 2. | OT Technician | 1 | Diploma in OT Tecnician |
| 3. | Accountant | 1 | Graduate with Computer Knoledge |

संपर्क करें:- 8959193333, 9685612023
पता:-श्री विचक्षण जैन हॉस्पिटल, वार्ड नं.32,मोती नगर, बालाघाट



South Avenue Mall | moviemagic | RUBY moviemagic
RUBY moviemagic — EXPERIENCE RUBY WHERE CINEMATIC LUXURY AWAITS

| | |
|---|---|
| PARAM SUNDARI (HINDI) | 10:10 AM, 11:30 AM, 12:45 PM, 2:10 PM, 3:30 PM, 5:00 PM, 6:15 PM, 7:45 PM, 9:00 PM & 10:30 PM; RUBY 2:50 PM & 9:15 PM |
| MAA JAYE (PUNJABI) | 12:15 PM & 5:15 PM |
| WAR 2 (HINDI) | RUBY 5:50 PM |
| COOLIE: THE POWERHOUSE (HIN) | RUBY 1:00 PM, 4:00 PM & 9:50 PM |
| MAHAVATAR NARSIMHA (HINDI) | 2D- 2:30 PM & 7:30 PM<br>3D- 9:45 AM & 10:00 PM |
| SAIYAARA (HINDI) | RUBY 12:00 PM & 7:00 PM |

@moviemagic_jbp
MOVIE MAGIC NOW WITH 5 BIG SCREENS
Bulk Booking / Advertising 9425807507
Movie Magic Multiplex, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508



मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पीटल श्री विचक्षण जैन हॉस्पीटल 24/7
क्रिटीकल केयर एवं किडनी डायलिसिस सेंटर (प्युरिटी सर्विसेस नागपुर द्वारा संचालित)
भारतीय स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में निम्नलिखित ऑपरेशन रियायती दरों में नागपुर के विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा।
मात्र 20000/- सुविधाएं ही सुविधाएं
बच्चेदानी का ऑपरेशन, हार्निया का ऑपरेशन, पाईल्स, प्रसव(डलेवरी), अपेंडिक्स, फिश्चुला/मगंदर, फिशर, सिस्ट, हायड्रोसिल, सर्जन, अनेस्थिशिया, ओटी चार्जेस, बेड चार्जेस, दवाईयाँ, खुन की जॉच
नोट:- यह सारी सुविधाएं दि. 16 अगस्त से 15 सितम्बर 2025 तक हॉस्पिटल में उपलब्ध हैं।
कृपया ज्यादा से ज्यादा संख्या में स्वास्थ्य का लाभ उठायें।
वार्ड नं. 32, मोती नगर, बालाघाट (म.प्र.)-401001, सम्पर्क करें:- 8959193333, 9685612023, 07632-243906,243907


हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, RNI No. 64561/96.